दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ | 2 | देश विदेश | 4 | अभिव्यक्ति | 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 29 मई 2025 कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 49 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

कल दुर्ग में दीक्षा लेंगे 13 साल के नन्हें डुग्गू

दुर्ग/नवप्रदेश। माता-पिता का लाड़-प्यार, शरारतें, मस्ती, बेफिक्र जिंदगी और जीवन के हर पल का आनंद लेने का नाम है बचपन ... नटखट और नादान जिंदगी का नाम है बचपन ... मां के आंचल में लिपट जाने और गोद में सिर रखकर सो जाने का नाम है बचपन ...

जोधपुर राजस्थान में एक जून 2012 को जन्म लेने वाले बालक रूहान मेहता को सब लोग प्यार से डुग्गू कहते हैं। डुग्गू ने बचपन की शरारतों और खुशियों से भरा जीवन छोड़कर सन्यास लेने का फैसला कर लिया है। खूबसूरत बचपन को छोड़कर वैराग्य का जीवन जीने जा रहे हैं 13 साल के डुग्गू। 30 मई को दुर्ग में आयोजित दीक्षा समारोह में दीक्षा ग्रहण करने के बाद नन्हें रूहान मेहता जीवन की सारी सुख-सुविधाओं को छोड़कर वैराग्य की कठिन राह पर निकल पड़ेंगे।

डुग्गू कभी स्कूल नहीं गए। प्राइमरी शिक्षा तो दूर, डुग्गू ने कभी नर्सरी, केजी क्लास की पढ़ाई भी नहीं की। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रूहान मेहता

यह करिश्मा ही तो है ...

इतनी छोटी सी उम्र में डुग्गू को जैन धर्म के 45 आगम में से 22 आगम कंठस्थ हैं। इसे डुग्गू की धार्मिक आस्था का कमाल कहें या ईश्वरीय करिश्मा कहें ... डुग्गू ने इस छोटी से उम्र में चार कर्म ग्रंथ के दो हजार सूत्र कंठस्थ कर लिये हैं। प्रतिक्रमण, संस्कृत और अनेक प्राचीन स्तवन (भजन) भी डुग्गू को याद हैं।

डुग्गू को दुर्ग में विनय कुशल मुनि जी दीक्षा देंगे। दुर्ग में श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट द्वारा दीक्षा कार्यक्रम सत्वनाद संयमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सत्यनाद संयमोत्सव समिति के संयोजक कांति लाल बोथरा ने बताया कि 29 मई को सुबह साढ़े 7 बजे से वर्षीदान वरघोडा (शोभायात्रा) के बाद प्रवचन का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे से मेंहदी सांझी और 4 बजे से अंतिम वायणा होगा। सभी कार्यक्रम ऋषभदेव परिसर में होंगे। 30 मई को सुबह साढ़े 7 बजे से लापसी लूट, सुबह 8 बजे से महाभिनिष्क्रमण यात्रा और सुबह साढ़े ■ शेष पृष्ठ 6 पर

... और इधर सीजेएम ने शांतिकुंज में शादी कर पेश की सादगी की मिसाल

रायपुर/ हरिद्वार/नवप्रदेश। हरिद्वार स्थित अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख केंद्र गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में रायपुर (छत्तीसगढ़) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) गिरीश कुमार मण्डावी ने कांकेर (छत्तीसगढ़) निवासी खुशबू नेताम संग वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार आदर्श विवाह के सूत्र में बंधे।

मण्डावी के पिता आर एस मण्डावी ने बताया कि गिरीश मण्डावी का बाल्यकाल से ही यह संकल्प था कि वे दिखावा, दहेज और आडंबर से दूर रहकर समाज को एक आदर्श प्रस्तुत करें। इस उद्देश्य से उन्होंने शांतिकुंज के मार्गदर्शन में आदर्श विवाह करने का निर्णय लिया। वधू खुशबू नेताम निवासी कांकेर (छत्तीसगढ़) भी इस अवसर पर अपने परिवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

भारतीय सेना के जिस आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान कांप गया है और चीन तथा अमेरिका जैसे थर्रा गये हैं उसे शिवसेना यूबीटी का टपोरी नेता संजय राउत फेलियर आपरेशन बता रहा है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को जो आघात लगा है उससे पाकिस्तान से ज्यादा ये पाकिस्तान परस्त नेता आहत हुए हैं। भारतीय सेना के पराक्रम पर सवालिया निशान लगाने वाले ऐसे तमाम सिरफिरे नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर इन्हें तत्काल जेल भेजना चाहिए। समझ में नहीं आता कि ऐसे आस्तीन के सांपों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने से सरकार क्यों हिचकिचा रही है।

सर्वोदय अस्पताल बना देश का पहला 'टरबियम-161' उपचार देने वाला केंद्र

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फरीदाबाद का सर्वोदय अस्पताल प्रोस्टेट कैंसर के लिए 'टरबियम-161 पी.एस.एम.ए.' उपचार देने वाला देश का पहला 'थेरानॉस्टिक्स और न्यूक्लियर मेडिसिन सेंटर' बन गया है। सर्वोदय अस्पताल ने बुधवार को यहां बताया कि अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर के उपचार के लिए टरबियम-161 पी.एस.एम.ए. उपचार दिया जा रहा है। यह आधुनिक न्यूक्लियर उपचार उन मरीज़ों के लिए नई उम्मीद है जो 'एडवांस मेटास्टेटिक और हार्मोन-रेजिस्टेंट प्रोस्टेट' कैंसर से जूझ रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन में आज से दो दिवसीय साहित्य सम्मेलन

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है।

अमेरिका ने छात्र वीजा नियुक्तियों पर लगाई रोक

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को दूतावासों को छात्र वीजा के लिए नियुक्तियों पर यह कहते हुए रोक लगा दी है कि उनका देश ऐसे आवेदकों की सोशल मीडिया जांच का विस्तार करने की तैयारी कर रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राजनयिकों को भेजे गए ज्ञापन की प्रति में कहा है कि यह रोक आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक जारी रहेगी। संदेश में यह भी कहा गया है कि छात्र और विदेशी मुद्रा वीजा के लिए सोशल मीडिया जांच बढ़ाई जाएगी, जिसका दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों पर 'महत्वपूर्ण प्रभाव' पड़ेगा।

भारत-अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने को मिस्री ने की केसलर से मुलाकात

वाशिंगटन (वार्ता) विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत एवं अमेरिका के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए सहायक मंत्री जेफरी केसलर से मुलाकात की। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय विदेश सचिव और अमेरिकी मंत्री ने प्रौद्योगिकी और व्यापार सहयोग को गहरा करने के लिए भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता के शीघ्र आयोजन पर भी चर्चा की।

मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले

धान, कपास समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया

ब्याज सहायता योजना जारी रखने का ऐलान

नई दिल्ली(ए.)। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी- सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड के लिए की गई है, इसके बाद रागी, कपास और तिल का स्थान आता है। 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बडवेल नेल्लोर फोर-लेन हाईवे को मंजूरी

यह हाईवे बडवेल-गोपरावम गांव से लेकर गुरुविंदापुडी तक बनेगा। इसकी कुल लंबाई-108.134 किलोमीटर होगी। इस फोर लेन बनाने की कुल अनुमानित लागत-3653.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। बडवेल-नेल्लोर कॉरिडोर आंध्र प्रदेश के तीन प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोरों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। यह कॉरिडोर कृष्णपट्टनम पोर्ट तक की यात्रा दूरी को 142 किमी से घटाकर 108.13 किमी कर देगा। परियोजना के माध्यम से लगभग 20 लाख मानव-दिनों का प्रत्यक्ष रोजगार और 23 लाख मानव-दिनों का अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा।

सिक्किम, बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश को मोदी देंगे 70 हजार करोड़ की सौगातें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 और 30 मई को सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे तथा 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 29 मई को सिक्किम का दौरा करेंगे जहां वे सुबह करीब 11 बजे 'सिक्किम एट 50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को बढ़ावा देती है' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे सिक्किम में कई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विवादित टिप्पणी...

मप्र के मंत्री विजय शाह की गिरफ्तारी पर सुप्रीम रोक जारी

■ अब हाईकोर्ट की जगह शीर्ष अदालत में ही सुना जाएगा मामला

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को दी गई राहत बढ़ा दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट ने कार्यवाही बंद करने को कहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट खुद मामले पर सुनवाई कर रहा है। दरअसल, विजय शाह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसे लेकर विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जहां कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

आज हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भाजपा नेता कुंवर विजय शाह की गिरफ्तारी पर रोक के अपने अंतरिम आदेश को आगे बढ़ा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सामने लंबित कार्यवाही को भी बंद कर दिया, क्योंकि शीर्ष अदालत इस मामले पर विचार कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने डीआईजी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या है मामला?

विजय शाह तब आलोचनाओं के घेरे में आ गए थे, जब एक वीडियो में उन्हें कर्नल कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एक अन्य महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ कर्नल कुरैशी की देशभर में काफी चर्चा हुई थी।

सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर बिफरे यूबीटी नेता

■ कांग्रेस नेता के चेहरे पर कालिख पोतने की दी धमकी

नासिक(ए.)। महाराष्ट्र के नासिक जिले में शिवसेना (यूबीटी) के एक स्थानीय पदाधिकारी ने बुधवार को कहा कि वह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के लिए राहुल गांधी के चेहरे पर कालिख पोत देंगे, जिस पर महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बता दें कि, नासिक में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी की शहर इकाई के उप प्रमुख बाला दराडे के इस बयान से राज्य में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में दरार पड़ सकती है।

कालिख पोतने और काफिले पर पथराव की दी धमकी

बाला दराडे ने हिंदुत्व विचारक सावरकर की जयंती के अवसर पर कहा, हमें गर्व है कि हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर की जन्मभूमि में रहते हैं। सावरकर के बारे में राहुल गांधी का बयान, जिसमें उन्होंने उन्हें माफीवीर कहा, अपमानजनक था। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमरनाथ यात्रा के रूट पर होगी सीआरपीएफ की किलेबंदी

नई दिल्ली (ए.)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। देश का सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, जो लंबे समय से अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है, इस बार भी सीआरपीएफ द्वारा अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर बातचीत की है। सूत्रों का कहना है कि इस बार सुरक्षा बलों का विशेष फोकस फिदायीन अटैक और आईईडी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, और पंजाब में आज मॉक ड्रील

■ लोगों से सतर्क रहने को कहा गया

नई दिल्ली(ए.)। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में कल शाम को मॉक ड्रील की जाएगी। इस दौरान लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। मौजूदा अभ्यास पाकिस्तान की सीमा से सटे राज्यों में कराने का फैसला किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले पूरे देश में 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। मामले की पहली जानकारी राजस्थान से आई। बाड़मेर की जिला कलेक्टर

टीना डाबी ने कहा कि केंद्र सरकार के आदेशानुसार पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों में गुरुवार 29 मई को मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मॉक ड्रील में क्या-क्या शामिल?

हमले का सायरन- मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने के लिए सायरन बजेगा। जिसका मतलब ये है कि आस-पास में कहीं पर रॉकेट या मिसाइल से हमला होने वाला है और सभी नागरिक तुरंत सरकार की तरफ से चिन्हित सुरक्षित जगह पर चले जाएं।

नागरिकों को ट्रेनिंग- इस दौरान आम नागरिक और स्कूली छात्रों के लिए कई जगहों पर ट्रेनिंग की जाएगी, जिसमें ये सिखाया जाएगा कि, हमले की स्थिति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

मुख्यमंत्री की चौपाल ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ किया संवाद, हितग्राहियों से की चर्चा

मांदरी गांव में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला, 3.90 करोड़ की दी सौगत

कांकेर / नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर कांकेर (उत्तर बस्तर) जिले के ग्राम मांदरी में उतरा। उन्होंने पंचायत शेड के नीचे अपनी चौपाल लगाई और ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं पर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों की मांग पर मांदरी में हाई स्कूल बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख की स्वीकृति, मांदरी आंगनबाड़ी केंद्र भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख की स्वीकृति, साल्हेभांट मुख्य मार्ग से टीरउ सलाम के घर तक सीसी सड़क निर्माण 600 मीटर हेतु 15 लाख

की स्वीकृति, झुरा नाला से खेतों में सिंचाई के लिए लाइन विस्तार हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति की घोषणा की।

सुशासन तिहार हमारा रिपोर्ट कार्ड भी

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि हमने बीते डेढ़ वर्षों में जनता के हित में कार्य किया है। सुशासन तिहार हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से हम जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति जान रहे हैं। हमारे अलावा मंत्री, सांसद, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलीकॉप्टर में सोमवार को उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके चलते उन्हें हेलीकॉप्टर से उतरना पड़ा। यह घटना पुलिस लाइन हेलीपैड की है, जहां से सीएम साय 'सुशासन तिहार' कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, सीएम साय जैसे ही हेलीकॉप्टर में बैठे, तकनीकी टीम को उसमें

कुछ खराबी नजर आई। एहतियातन मुख्यमंत्री को तत्काल हेलीकॉप्टर से नीचे उतारा गया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। घटना के बाद हेलीपैड में ही मुख्यमंत्री कुछ देर तक रुके रहे और हेलीकॉप्टर की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था का इंतजार कर रहे है। इसी बीच मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम साय ने पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया।

जेम्स वेब ने दिखाई ब्रह्मांड की सबसे रहस्यमयी आकाशगंगाएं, फोटो खींचने में लगे 120 से ज्यादा घंटे

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया की सबसे ताकतवर अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने ब्रह्मांड की अब तक की सबसे गहरी तस्वीर कैद की है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (श्वफ्र) के मुताबिक, इस तस्वीर में घुमावदार रौशनी की जो आड़ी-टेढ़ी कमानें दिख रही हैं, वे दरअसल ब्रह्मांड के शुरुआती दौर की आकाशगंगाएं हैं। इन रहस्यमयी तस्वीरों को खींचने में टेलीस्कोप को 120 से ज्यादा घंटे लग गए।

यह नई तस्वीर तैयार करने में वेब टेलीस्कोप को 120 घंटे से ज्यादा समय लगा, जो अब तक किसी एक लक्ष्य पर टेलीस्कोप का सबसे लंबा फोकस है। श्वफ्र के मुताबिक, यह वेब की अब तक की सबसे गहरी निगाह है किसी एक लक्ष्य पर।

तस्वीर में घुमावदार रोशनी

इसी वजह से इस तस्वीर में जो घुमावदार रोशन कमानें नजर आ रही हैं, वे वास्तव में वो आकाशगंगाएं हैं जो ब्रह्मांड की शुरुआत में अस्तित्व में आई थीं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन आकाशगंगाओं को देखकर हम उस दौर को समझ सकते हैं जिसे 'कॉस्मिक डॉन' यानी ब्रह्मांडीय प्रभात कहा जाता है, जब ब्रह्मांड सिर्फ कुछ लाख साल पुराना था। श्वफ्र के मुताबिक, यह छवि 9 अलग-अलग इन्फ्रारेड वेवलेंथ पर ली गई है, जिससे गहराई और स्पष्टता पहले से कहीं अधिक है।

वैज्ञानिक सोच को टक्कर दे रहा जेम्स वेब

2022 में लॉन्च होने के बाद से जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खगोल विज्ञान की दुनिया में कई बड़े खुलासे किए हैं। इसने ये भी दिखाया कि ब्रह्मांड की शुरुआती आकाशगंगाएं वैसे नहीं हैं जैसी वैज्ञानिकों ने उम्मीद की थी—वे कहीं ज्यादा विशाल और विकसित हैं। इससे कई विशेषज्ञों को लगता है कि शायद हमारी समझ में कहीं कोई कमी है।

धरती से 4.5 अरब प्रकाशवर्ष दूर

तस्वीर के बीचों-बीच एक विशाल गैलेक्सी क्लस्टर, ङ्कद्गद्य स्1063 नजर आता है, जो पृथ्वी से 4.5 अरब प्रकाशवर्ष दूर है। लेकिन वैज्ञानिकों का असली ध्यान इस क्लस्टर पर नहीं, इसके पीछे की चीज़ों पर है। इतना बड़ा खगोलीय पिंड अपने पीछे मौजूद आकाशगंगाओं की रोशनी को मोड़ देता है। इसे गुरुत्वीय लेंसिंग कहते हैं ङ्क एक तरह की प्राकृतिक दूरबीन जो दूर की रोशनी को बड़ा और स्पष्ट दिखा देती है।

गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर भारत के हालात की बात करें तो राजधानी, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। दिल्ली-एनसीआर में 28 से 31 मई तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 मई को तेज हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। राजस्थान में एक ओर जहां पश्चिमी हिस्सों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है, वहीं पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश और धूलभरी आंधी के आसार हैं। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। लू से बचने के लिए लोगों को दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

ज्योति मल्होत्रा से मिलकर लौटे पिता हरीश मल्होत्रा भावुक, बेटी ने जेल में क्या बताया

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा 14 दिन की पुलिस हिरासत में हैं। इस बीच ज्योति से मुलाकात करने उसके पिता हरीश मल्होत्रा जेल पहुंचे। उन्होंने बेटी से हिसार की सेंट्रल जेल में मुलाकात की। बेटी से मिलकर हरीश ने मीडिया से कहा कि ज्योति का कहना है कि मेरी कोई गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी का कहना है कि मैं निर्दोष हूं। इस दौरान वह भावुक नजर आए। ज्योति मल्होत्रा को पहले 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था। फिर उसे दोबारा 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

ज्योति मल्होत्रा को कुछ दिन पहले ही जासूसी के आरोपों में अरेस्ट किया गया था। आरोप है कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंट्स के संपर्क में थी। वह आईएसआई से जुड़े लोगों को संवेदनशील जानकारी दे रही थी और इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी कुछ जरूरी सूचनाएं ट्रांसफर कीं। ज्योति मल्होत्रा को लेकर दावा है कि खासतौर पर ब्लैकआउट को लेकर जानकारी उसने पाकिस्तानी तत्वों को दी। हालांकि हिसार के एसपी शशांक कुमार का कहना है कि अब तक ऐसी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है कि ज्योति के पास कोई संवेदनशील सूचना थी। खासतौर पर सेना, रणनीतिक महत्व की सूचना उसके पास नहीं थी। यही नहीं उन्होंने कहा कि ज्योति मल्होत्रा के किसी आतंकी संगठन से लिंक होने की जानकारी भी अब तक नहीं मिल सकी है। फिर भी कई रिपोर्ट्स में दावा किय गया है कि पाकिस्तान के 4 खुफिया तत्वों से ज्योति मल्होत्रा संपर्क में थी। इस बात की जांच हो रही है कि उसका यदि किसी से लिंक था तो वह सब कुछ जानते हुए था या फिर वह अनजाने में उन लोगों के जाल में थी। दरअसल सवाल इस बात पर भी उठ रहे हैं कि एक सामान्य यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा जब पाकिस्तान जाती थी तो उसे सिक्योरिटी क्यों मिलती थी।

यह रेप नहीं, दोनों ने सहमति से बनाए संबंध; HC ने आरोपी को शादी के लिए दी जमानत

भुवनेश्वर। ओडिशा हाईकोर्ट ने 26 वर्षीय एक बलात्कार आरोपी को 22 साल की पीड़िता से विवाह करने के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत प्रदान की है। यह वही महिला है, जिसने आरोपी पर 16 वर्ष की उम्र में बलात्कार का आरोप लगाया था। कोर्ट ने इस मामले को बलपूर्वक या शोषणकारी नहीं बल्कि सहमति से बना संबंध करार दिया है। न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही ने अपने आदेश में कहा, हालांकि आरोप अपने कानूनी स्वरूप में गंभीर हैं परंतु ये दो युवाओं के बीच सहमति से बने संबंध से उत्पन्न हुए हैं। दोनों एक-दूसरे के बहुत करीब थे और शिकायत दर्ज होने से पहले उनके बीच व्यक्तिगत संबंध थे।

क्या है मामला?

आपको बता दें कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच आरोपी और पीड़िता के बीच शारीरिक संबंध बने। ऐसा आरोप है कि शादी के वादे के आधार पर दोनों के बीच संबंध बने। पीड़िता का आरोप है कि वह दो बार गर्भवती हुई। दोनों बार आरोपी ने गर्भपात के लिए मजबूर किया। वर्ष 2023 में क्कह्रष्टस्ह्र एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया था।

विवाह की सहमति पर दी गई जमानत : आरोपी ने हाल ही में कोर्ट में अंतरिम जमानत की याचिका दायर की थी। उसने कोर्ट को बताया कि अब दोनों परिवारों ने विवाह पर सहमति बन गई है।

कोरोना से चंडीगढ़ में यूपी के युवक की पहली मौत, लुधियाना में करता था मजदूरी

नई दिल्ली (ए.)। देश में कोरोना की बढ़ते केसों के बीच चंडीगढ़ से पहली मौत की खबर आई है। यहां अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीज की मौत हो गई। इस घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप है। अस्पतालों में अलर्ट जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार, यूपी के फिरोजपुर में रहने वाला 40 वर्षीय युवक लुधियाना में मजदूरी करता था। हाल ही में कोरोना संक्रमण के चलते उसे चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया था।

युवक को चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कोविड संक्रमण के चलते भर्ती किया गया था। यह मरीज लुधियाना से कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद जीएमसीएच रेफर हुआ था। उसे अस्पताल के कोविड वार्ड में आइसोलेशन में रखा गया था, जहां आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दो वेंटिलेटर भी लगाए गए थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि मरीज में कोविड का नया जेएन 1 वेरिएंट था या नहीं।

एडवाइजरी

सरकार ने कोरोना वायरस के बढ़ते केसों को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने कहा कि अस्पतालों में फ्लू कॉर्नर, बेड, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स व अन्य दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के 3 नए केस मिले हैं, जिनमें एक फरीदाबाद और 2 गुरुग्राम में मिले हैं।

मरीज की ट्रैवल हिस्ट्री खंगाने में जुटा स्वास्थ्य महकमा : मृतक की पहचान 40 वर्ष के राजकुमार के रूप में हुई है। उसे चार दिन पहले अस्पताल में लाया गया था और फिर मंगलवार को उसका कोरोना का टेस्ट किया गया, जो पॉजिटिव पाया गया। मौत से स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और मरीज के संपर्क में आए लोगों की जांच और निगरानी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फिलहाल पंजाब में कोरोना के 3 सक्रिय मामले हैं।

मोहाली में भी हाल ही में एक महिला कोरोना संक्रमित मिली थी। वह हरियाणा के यमुनानगर की रहने वाली थी। हालांकि तब पंजाब के हेल्थ मिनिस्टर डॉ बलबीर सिंह ने कहा था कि पंजाब में कोरोना का कोई मरीज नहीं है। पहली मौत के बाद पीजीआई और जीएमसीएच-32 जैसे संस्थान कोविड सैंपलिंग और आइसोलेशन व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। टेस्टिंग बढ़ा दी गई है और संभावित लहर से निपटने के लिए वार्ड, दवाइयां और ऑक्सीजन स्टॉक की समीक्षा लगातार की जा रही है।

देश में कोरोना की स्थिति : 28 मई तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की कुल संख्या 1,010 है। हालांकि यह संख्या पहले की तुलना में कम है, लेकिन कुछ राज्यों में मामूली वृद्धि देखी जा रही है।

2 वीरों ने डिजाइन किया ऑपरेशन सिंदूर का लोगो, भारतीय सेना ने बताए नाम

नई दिल्ली । भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' का सरल और प्रतीकात्मक लोगो दो सैन्यकर्मियों द्वारा डिजाइन किया गया था। इस लोगो ने देश के करोड़ों लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। इसके कुछ ही समय बाद, भारतीय सेना के सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर के साथ एक मार्मिक संदेश प्रकाशित हुआ, जो अब 'ऑपरेशन सिंदूर' की एक परिभाषित छवि बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भारतीय सेना की पत्रिका 'बातचीत' के नवीनतम संस्करण के अनुसार, इस निर्णायक सैन्य कार्रवाई का लोगो लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष गुप्ता और हवलदार सुरिंदर सिंह द्वारा डिजाइन किया गया था। सेना ने इस पत्रिका के अपने विशेष अंक में दोनों सैन्यकर्मियों की तस्वीरें लोगो के साथ साझा कीं।

भारत ने पाकिस्तान को फिर चेताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद कोई परोक्ष युद्ध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है और भारत उसी के अनुसार जवाब देगा। मोदी ने यहां गुजरात सरकार के शहरी विकास कार्यक्रम में कहा, 'वसुधैव कुटुम्बकम् हमारा संस्कार है, हम अपने पड़ोसियों के लिए भी खुशी चाहते हैं, लेकिन यदि आप हमारी ताकत को चुनौती देंगे तो भारत भी वीरों की भूमि है।'

पुतिन से उलझोगे तो तीसरा विश्व युद्ध, ट्रंप की 'आग' वाली चेतावनी पर रूस की खुली धमकी

नई दिल्ली। यूक्रेनी शहरों पर लगातार बमबारी करने और कत्लेआम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भड़के हुए हैं। ट्रंप ने पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा कि वो आग से खेल रहे हैं और अगर स्थिति नहीं सुधरी तो रूस के लिए वाकई बहुत बुरी चीज़ें हो सकती हैं। इसके जवाब में रूस ने भी खुली धमकी दी है- हमें एक वाकई बुरी चीज पता है—तीसरा विश्व युद्ध!

रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने मंगलवार को एक्सपर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ट्रंप के 'आग से खेलने' और 'वाकई बुरी चीज़' वाले बयान पर बस यही कहना है—मैं सिर्फएक वाकई बुरी चीज़ जानता हूं—वर्ल्ड वॉर थ्री। उम्मीद है ट्रंप इसे समझते होंगे!

क्या रूस पर नए प्रतिबंध?

वॉल स्ट्रीट जर्नल और सीएनन की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप इस हफ्ते रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर सकते हैं। रविवार को ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था कि वह बिलकुल इस पर विचार कर रहे हैं। अब देखना होगा कि ट्रंप की यह आक्रामक भाषा और रूस की तीसरे विश्व युद्ध वाली धमकी आने वाले दिनों में वैश्विक कूटनीति को किस दिशा में मोड़ती है।

पुतिन पर शांति वार्ता टालने का आरोप : पश्चिमी देशों ने पुतिन पर आरोप लगाया है कि वह जानबूझकर शांति वार्ताएं टाल रहे हैं, जबकि रूस का कहना है कि यूक्रेन उनके नागरिकों पर हमले कर रहा है ।

क्यों भड़के ट्रंप?

ट्रंप का बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन पर अमेरिका की कड़ी प्रतिक्रिया का हिस्सा है। बीते दिनों यूक्रेन में बड़े ड्रोन हमले के बाद ट्रंप ने पुतिन को पूरी तरह पागल तक कह दिया था। अमेरिका इस समय रूस पर नए प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है, और ऐसे में यह बयान कूटनीतिक दबाव बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर लिखा, अगर मैं न होता तो रूस के लिए अब तक वाकई बहुत बुरा हो चुका होता। और मेरा मतलब वाकई बहुत बुरा है। पुतिन आग से खेल रहे हैं!

ट्रंप सरकार ने छात्रों के वीजा इंटरव्यू पर लगाई रोक, S जाने वालों की होगी सोशल जांच

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका में पढ़ाई का सपना देख रहे विदेशी छात्रों को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत समेत विदेशी छात्रों और एक्सचेंज विज़िटर वीज़ा आवेदकों के लिए नए वीज़ा इंटरव्यू शेड्यूल करना अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह निर्णय सोशल मीडिया गतिविधियों की जांच को और कड़ा करने की तैयारी के तहत लिया गया है। हाल ही में ट्रंप ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में विदेशी छात्रों के एडमिशन पर रोक लगाई थी।

एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह फैसला अस्थायी है और उन छात्रों पर लागू नहीं होगा जिनके वीज़ा इंटरव्यू पहले से तय हैं। हालांकि, लंबे समय तक यह रोक जारी रही तो इससे गर्मियों और शरदकाल में विश्वविद्यालयों और बोर्डिंग स्कूलों में दाखिला लेने वाले हज़ारों छात्रों की योजना पर असर पड़ सकता है।

सोशल मीडिया की सख्त जांच

विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित एक सरकारी दस्तावेज़ के अनुसार,तत्काल प्रभाव से, जब तक विस्तारित सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की गाइडलाइन जारी नहीं होती, तब तक कांसुलर ऑफिस नए स्टूडेंट और एक्सचेंज वीज़ा इंटरव्यू स्लॉट नहीं जोड़ें। स्टेट डिपार्टमेंट की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, हम वीज़ा आवेदकों की हर स्तर पर जांच करने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का उपयोग करेंगे — चाहे वे छात्र हों या अन्य।

विश्वविद्यालयों पर संकट?

कई अमेरिकी विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों से मिलने वाले ट्यूशन पर निर्भर हैं, खासकर जब फेडरल रिसर्च फंडिंग में कटौती हुई है। विदेशी छात्र अक्सर पूरा ट्यूशन भरते हैं, जिससे यूनिवर्सिटियों को आर्थिक मजबूती मिलती है।

ट्रंप प्रशासन की कड़ी नीति जारी : हाल ही में प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति रद्द कर दी थी। हालांकि कोर्ट ने इस पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसी वसंत में सरकार ने हज़ारों अंतरराष्ट्रीय छात्रों का कानूनी दर्जा रद्द कर दिया था, जिससे कई छात्रों ने देश छोड़ना शुरू कर दिया।

ईरान के परमाणु ठिकानों पर अटैक कर सकता है इजरायल, US को भी ब्लैकमेल करने की तैयारी!

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी कोशिश में जुटे हैं कि ईरान से न्यूक्लियर डील हो जाए। इसे लेकर ईरान का रुख भी पॉजिटिव दिख रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच कोई डील होती है तो दुनिया में जारी वर्चस्व की जंगों का एक और मोर्चा खत्म हो सकता है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया से संबंध सामान्य किए हैं तो वहीं यूक्रेन और रूस को भी वार्ता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। लेकिन इस बीच एक नया खतरा मंडरा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को डर है कि इजरायल की तरफसे वार्ता के बीच ही ईरान के परमाणु ठिकानों पर अटैक हो सकता है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर यह अटैक हो सकता है।

रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू की ओर से यह आदेश अचानक ही दिया जा सकता है या फिर कुछ घंटे पहले ही अमेरिका को सूचित करके ऐसा हो सकता है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के पास नेतन्याहू पर दबाव बनाने के लिए वक्त भी नहीं होगा। दरअसल ईरान के साथ डील को लेकर ट्रंप और नेतन्याहू के बीच गहरे मतभेद रहे हैं।

जस्टिस यशवंत वर्मा पर चलेगा महाभियोग ?

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा अपने सरकारी आवास में बड़े पैमाने पर कैश पाए जाने के मामले में घिरे हुए हैं। हाल ही में रिटायर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उन पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन जजों की एक कमेटी गठित की थी। उनके घर तक जाकर जांच करने के बाद समिति ने जो रिपोर्ट संजीव खन्ना को दी थी, उसमें उन्हें दोषी पाया गया है। इसके आधार पर ही तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने पीएम और राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में उनके खिलाफ महाभियोग की सिफारिश की गई है। अब चर्चा है कि सरकार संसद के आने वाले मॉनसून सेशन में कोई प्रस्ताव ला सकती है। सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के पास राज्यसभा से लेकर लोकसभा तक में बहुमत है। फिर भी सरकार चाहेगी कि विपक्ष को भी इस संवेदनशील मामले में साथ लिया जाए। स्वतंत्र भारत के न्यायिक इतिहास में अब तक 5 जजों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई है। इनमें से एक ही जज जस्टिस वी. रामास्वामी के खिलाफ राज्यसभा से महाभियोग का प्रस्ताव पारित हुआ था। फिर उसे लोकसभा में लाया गया, लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस ने अंत में रुख बदल लिया और वी. रामास्वामी महाभियोग से बच गए। इस तरह 1990 के दशक में वी. रामास्वामी को लेकर जो तूफान उठा था, वह बिना किसी ऐक्शन के ही समाप्त हो गया।

दरअसल अक्तूबर 1989 में जस्टिस वी. रामास्वामी को पदोन्नति मिली थी और वह पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश हो गए थे। इसके बाद कैग का ऑडिट हुआ, जिसमे पाया गया कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में रामास्वामी के कार्यकाल के दौरान तय सीमा से कहीं ज्यादा खर्च हुआ है। कुल मिलाकर मामला आर्थिक गड़बड़ी का था। फिर इस मामले में याचिका दाखिल हुई और बार काउंसिल ने जस्टिस रामास्वामी का तीखा विरोध किया। अंत में तत्कालीन चीफ जस्टिस सब्यसाची मुखर्जी ने जांच का आदेश दिया। चीफ जस्टिस ने सलाह दी कि रामास्वामी अपना काम छोड़ दें, जब तक कि उनके खिलाफ जांच चल रही है। चीफ जस्टिस ने कोर्ट में एक सुनवाई के बाद ऐसा आदेश दिया। वह भी तब जब हॉल पूरी तरह से भरा हुआ था। इसके बाद चीफ जस्टिस को बताया गया कि जस्टिस रामास्वामी ने 6 सप्ताह के लिए छुट्टी ले ली है। जांच रिपोर्ट आई तो चीफ जस्टिस ने केस सरकार के हवाले कर दिया।

मौसम का मिजाज बिगड़ा ... अगले दो दिनों में मॉनसून और तेजी से उत्तर और उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा

अगले 48 घंटे 6 राज्यों पर भारी, बंगाल की खाड़ी से भी आई चेतावनी

नई दिल्ली (ए.)। देश में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है और अब यह महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में मॉनसून और तेजी से उत्तर और उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा।

पूर्वी तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक अच्छा खासा निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटों में एक डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके चलते ओडिशा, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने साफतौर पर कहा है कि यह प्रणाली उत्तर की ओर बढ़ेगी और इससे आने वाले दिनों में और भी राज्यों में व्यापक वर्षा हो सकती है।

पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 29 और 30 मई को बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी जोरदार बारिश के आसार हैं।

इन राज्यों में खूब बरसेंगे बादल

केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी मौसम का मिजाज उग्र बना हुआ है। 28 से 30 मई के दौरान इन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। केरल और तटीय कर्नाटक में कई जगहों पर पिछले 24 घंटों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पश्चिम भारत में कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और विदर्भ में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, कोंकण और गोवा में 2 जून तक व्यापक वर्षा हो सकती है। गुजरात के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज़ हवाएं चलने की संभावना है, जो 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक जा सकती हैं।

मेरी पत्नी ने एक साल पाकिस्तान में काम किया,मैं भी गया था; सांसद गोगोई

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा उनकी पत्नी पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। असम सीएम एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछले काफी समय से कांग्रेस नेता गोगोई पर उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' से कथित संबंध को लेकर हमला कर रही है। अब पहली बार गौरव गोगोई ने इन आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने असम सीएम के दावे को किसी सी-ग्रेड बॉलीवुड मूवी का प्लॉट करार दिया है। गोगोई ने बुधवार को इस मामले पर अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया देते हुए कहा ।

कोचिंग संस्थानों में छात्रों की सफलता का श्रेय लेने मची होड़

ऑक्सीडेशन क्लासेस में पढ़े बच्चों को अपना बताया, सफलता का ले लिया श्रेय

बिलासपुर/नवप्रदेश। छात्रों की सफलता पर कोचिंग संस्थानों में श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। ज्यादातर कोचिंग संस्थान अपने इंस्टीट्यूट के ज्यादा से ज्यादा छात्रों के सफल होने के दावे करने लगते हैं। कई कोचिंग संचालक दूसरे कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले छात्रों की सफलता का झूठा श्रेय लेने से भी नहीं चूकते।

ऐसा ही एक वाक्या बिलासपुर में हुआ। जेईई 1 और 2 का रिजल्ट जारी होने के बाद आर्थिक तंगी झेलकर जेईई में सफल होने वाले एक छात्र की सफलता की स्टोरी अखबार में प्रकाशित की गई। खास बात यह है कि स्टोरी में सफलता हासिल करने वाले कई अन्य छात्रों के नाम भी लिखा गया है। इसमें से हर्षल पाठक सहित अन्य पांच छात्र ऑक्सीडेशन कोचिंग क्लासेस के नियमित

छात्र रहे हैं। जिस छात्र की स्टोरी प्रकाशित हुई है, उसे निःशुल्क पढ़ाने वाले कोचिंग इंस्टीट्यूट संचालक ने दूसरे कोचिंग में पढ़कर सफल होने वाले स्टूडेंट्स की सफलता का श्रेय भी ले लिया। इससे स्पष्ट होता है कि कोचिंग संस्थानों में छात्र-छात्राओं से ज्यादा प्रतिस्पर्धा हो गया है। कोचिंग संचालक मोटी फीस वसूलने के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहना चाहते हैं और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को अपने संस्थान में लाने का प्रयास करते हैं। शहर में इस समय जेईई, नीट, आईआईटी, पीएससी, यूपीएससी जैसे परीक्षाओं के लिए कई कोचिंग संस्थान संचालित किए जा रहे हैं और अभिभावकों से भारी भरकम फीस की वसूली की जा रही है। कोचिंग संस्थानों में प्रतिस्पर्धा इस तरह बढ़ गया है कि एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं। हाल ही में नीट परीक्षा आयोजित की गई है, जिसका परिणाम आना बाकी है। परिणाम के बाद फिर एक बार श्रेय लेने का दौर शुरु हो जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में बिलासपुर एक प्रसिद्ध जगह है जहां राज्य और देश के अन्य जगहों से बच्चे यहां पढ़ने आते हैं और अपने भविष्य गढ़ने का प्रयास करते हैं। बच्चों एवं अभिभावकों के इन्हीं भावनाओं का पूरा लाभ कोचिंग संस्थान वाले उठा रहे हैं। कोचिंग संस्थान के अलावा कई बड़े स्कूल भी जिले में संचालित है। जहां अभिभावकों से भारी भरकम फीस ली जा रही है।

बच्चों का भविष्य गढ़ना ही ऑक्सीडेशन का उद्देश्य

जिले में आईआईटी जेईई और नीट सहित फाउंडेशन कोर्स के लिए प्रतिष्ठित संस्थान ऑक्सीडेशन क्लासेस के डायरेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में श्रेय लेने वालों की कमी नहीं है। हर्षल पाठक 98.72, पुष्कर खत्री 98.71, दीपेंद्र वस्त्रकार 98.18, एश्वर्य सिंह 98.44, अक्षत शर्मा 97.75, वेदांत देवांगन 97.38 ये सभी बच्चे जो जेईई परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किए हैं जो ऑक्सीडेशन क्लासेस के मार्गदर्शन में अपनी परीक्षा की तैयारी किए और सफलता हासिल किए। ऑक्सीडेशन क्लासेस का उद्देश्य ही है कि सिर्फ कर्म करते रहो और फल की चिंता न करो। सफलता का श्रेय अपने आप ही मिल जाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ऑक्सीडेशन क्लास के छात्र, शिक्षक कठिन और लगातार मेहनत करते हैं।

अपोलो हॉस्पिटल्स ने वर्ल्ड इमरजेंसी मेडिसिन डे मनाया

अपोलो ने 1066 आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने फिल्म का किया अनावरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो हॉस्पिटल्स ने वर्ल्ड इमरजेंसी मेडिसिन डे के उपलक्ष्य में एक आकर्षक शॉर्ट फिल्म जारी की है। अपोलो हॉस्पिटल्स की निरंतर पहल का एक हिस्सा होने के नाते यह फिल्म एक महत्वपूर्ण संदेश देती है जब इलाज आपके दरवाज़े पर ही शुरू हो जाता है, तो गाड़ी क्यों चलाएं? इस अभियान के ज़रिए, व्यवहार में बदलाव को प्रोत्साहित करना है - लोगों से आग्रह करना कि वे आपात स्थिति के दौरान अपने प्रियजनों को अस्पताल ले जाने के बजाय 1066 पर कॉल करें।

अपोलो हॉस्पिटल्स का उद्देश्य है कि स्ट्रोक, दिल के दौरे या गंभीर चोटों जैसे मामलों में, मेडिकल सहायता मिलने में देरी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। फिल्म इस बात पर प्रकाश डालती है कि जीवन रक्षक उपकरणों से अच्छी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस के ज़रिए समय पर, ऑन-साइट मेडिकल उपचार जीवित रहने और ठीक होने के परिणामों में काफी सुधार कर सकता है। नॉन-लीनियर फॉर्मेट में प्रस्तुत की गई, यह फिल्म दो आपातकालीन प्रतिक्रिया दृश्यों के बीच तुलना करती है। पहले में, मरीज़ को उनका बेटा अस्पताल में ले जाता है, देरी होती है और मरीज़ की हालत और खराब हो जाती है। अपोलो हॉस्पिटल्स समूह में सालाना 3 लाख से ज़्यादा आपातकालीन मामलों को संभाला जाता है। भारत की आपातकालीन चिकित्सा हेल्पलाइन- 1066 स्थापित करने वाला पहला अस्पताल अपोलो हॉस्पिटल्स था। अपोलो में आपातकालीन प्रतिक्रिया अत्याधुनिक परिवहन प्रणालियों, केंद्रीकृत समन्वय और एक कुशल मेडिकल टीम पर आधारित है। अपोलो हॉस्पिटल्स की डायरेक्टर - स्ट्रेटेजी, सिंदूरी रेड्डी ने कहा देश भर में अस्पतालों के हमारे व्यापक नेटवर्क और एम्बुलेंस के अच्छी तरह से सुसज्जित बेड़े के साथ, अपोलो हॉस्पिटल्स प्रोटोकॉल के अनुसार, आपातकालीन उपचार देने के लिए तैयार है। दूसरे दृश्य में, 1066 डायल किया जाता है, एक प्रशिक्षित अपोलो आपातकालीन

परिणामों के पीछे कुशल चिकित्सा टीम का प्रयास

कार्यक्रम में बताया कि समय की कसौटी पर साबित हुए हमारे रिकवरी परिणामों के पीछे हमारी अत्यधिक कुशल चिकित्सा टीम के प्रयास हैं। निर्बाध समन्वय के साथ, हम सुनिश्चित करते हैं कि उपचार आपके दरवाजे पर ही शुरू हो। यह फिल्म हम सभी को याद दिलाती है कि मेडिकल आपातकाल में, 1066 पर कॉल करना आपके द्वारा लिया गया सबसे महत्वपूर्ण निर्णय हो सकता है।

टीम आती है जो अस्पताल से पहले उपचार शुरू करती है और बेहतर रिकवरी के लिए अस्पताल में तेज़ी से ले जाने की सुविधा प्रदान करती है।

ईसीजी, हृदय गति और ऑक्सीजन सैच्युरेशन का रिकॉर्ड

अपोलो एम्बुलेंस में उन्नत चिकित्सा प्रणाली लगी हुई है जो ईसीजी, हृदय गति और ऑक्सीजन सैच्युरेशन सहित महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करती है, साथ ही अस्पताल में ले जाने के दौरान वेंटिलेटर सहायता भी प्रदान करती है। इन एम्बुलेंस को आपातकालीन स्थिति और अस्पताल में भर्ती होने के बीच के महत्वपूर्ण अंतर को पाटने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इनके अस्पताल में पहुंचने तक वहां की टीमें तत्काल उपचार के लिए पहले से तैयारी कर सकती हैं। अत्यधिक प्रशिक्षित आपातकालीन कर्मियों द्वारा संचालित, अपोलो एम्बुलेंस जटिल चिकित्सा आपात स्थितियों का प्रबंधन करने में सक्षम होती हैं, जिसमें आघात, हृदय संबंधी समस्याएं, बच्चों को होने वाली दुर्घटनाएं और मातृ देखभाल शामिल हैं।

छग मदरसा बोर्ड की परीक्षा आज से

■ **बिलासपुर में नेशनल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल को बनाया गया परीक्षा केंद्र**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छतीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठयक्रम परीक्षा 2025 कल 29 मई से प्रारंभ होगी। छतीसगढ़ मदरसा बोर्ड के सचिव के हस्ताक्षर से जारी यह परीक्षा 12 जून तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक निर्धारित है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों में उ. मा. वि. शास्त्री बाजार, रायपुर . शा. कन्या हाईस्कूल मांझापारा, कांकेर, नेशनल कॉन्वेंट हा.से. स्कूल बिलासपुर, स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर कोहका भिलाई, शा.बहु, उ. मा. वि. पेण्ड्रा, शा.उ.मा.वि. महावीरगंज, शा. आ.रामानुज उ. मा. वि. बैकुण्ठपुर, स्वामी करपात्री जी शा. उ. मा. वि. कवर्धा एवं शा.बा. उ. मा. वि. सिमगा प्रमुख रूप से शामिल हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 29 मई को गणित, 3 मई को सामाजिक विज्ञान, 02 जून को सामान्य अंग्रेजी / सामान्य संस्कृत, 04 जून को सामान्य हिन्दी, 05 जून को विशिष्ट उर्दू एवं 10 जून को विज्ञान के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 29 मई को रसायन,लेखा शास्तर, इतिहास, 31 मई को व्यवसाय अध्ययन, गणित / जीव विज्ञान., भूगोल, 02 जून को अर्थ शास्त्र, भौतिकी, 04 जून को विशिष्ट उर्द, 05 जून को सामान्य अंग्रेजी / सामान्य हिन्दी, 10 जून को राजनीति शास्त्र एवं 12 जून को समाज़ शास्त्र के पर्चे होंगे।

बीस लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को 20 लीटर महुआ शराब सहित तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 4 हजार की शराब व बाइक जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बघेलकापा सिद्ध मुनि रोड मे एक व्यक्ति बाइक में अत्यधिक मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राम राजपुर की ओर जा रहा जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा व एसडीओपी नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तखतपुर अनिल अग्रवाल के नेत्तृव मे टीम गठित कर मुखबीर की सूचना तस्दीक एव कार्यवाही हेतु रवाना हुए मौके पर पहुचकर बताये हुए हुलिये के मोटर सायकल को घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया व पूछताछ पर अपना नाम राजेश बंजारे पिता जोहना बंजारे उम्र 32 साल निवासी ग्राम कपसिया कला थाना कोटा का रहने वाला बताया तथा उसके कब्जे मे रखे एक चाकलेटी कलर के बोरी मे रखे 04 नग डिब्बा मे (प्रत्येक डिब्बा मे 05 लीटर) कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 4000 रूपये व घटना मे प्रयुक्त वाहन होंडा साईन कीमत 30000 रूपये कुल जुमला रकम 34000 रूपये को उसके कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) 59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

26 पाव देशी शराब जब्त

देशी शराब बेचने जा रहे आरोपी को तखतपुर पुलिस ने 26 पाव शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिला कि व्यक्ति अत्यधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु पैदल नहर के रास्ते से पडरिया निगारबंद की ओर जा रहा है जिसकी सूचना पहुचकर बताये हुए हुलिये के व्यक्ति को रोकवाकर पूछताछ तलाशी पर अपना नाम दिलीप कुमार साहू पिता मनहरण लाल साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम निगारबंद थाना तखतपुर का रहने वाला बताया तथा उसके कब्जे मे रखे एक नीले सफेद रंग के तात के झोले के अंदर रखे 26 नग प्लेन मदिरा शराब व 04 नग मसाला शराब कुल जुमला शराब 5.400 लीटर किमती 2480 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से 12 जून तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में किसानों से वैज्ञानिक परिचर्चा, संवाद, सलाह और प्रचार-प्रसार के लिए 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शासन से प्राप्त निर्देशो के अनुरूप खरीफ वर्ष 2025 में कृषि कार्य की पूर्व तैयारी के लिए यह अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिले के सभी ब्लॉक बिल्हा, तखतपुर, कोटा, मस्तूरी में आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए रूट चार्ट एवं टीम गठित किया गया है।

जिले में अगले 5-6 दिनों तक हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा जिले में अगले 5-6 दिनों तक भारी बारिश के हालात रहने की संभावना जताई जा रही है। जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जिले में दिन भर बादल छाए रहने के बाद दोपहर और शाम को जमकर बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के

अनुसार प्रदेश में अभी कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसे ही बदलते रहेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अगले 5-6 दिनों तक भारी बारिश के हालात बने रहेंगे। मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हल्की से मध्यम और कई जिलों में भारी बारिश की अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कई जिलों में अगले 5-6 दिनों तक जमकर बारिश होगी। बिलासपुर जिला सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हर रोज मौसम का मिजाज बदल रहा है और बारिश भी हो रही है। रायपुर और आस-पास के इलाकों में बुधवार की दोपहर भी बारिश हुई है। लगातार हो रही बारिश के चलते इस बार लोगों को नौतपा में भी सूर्य के प्रकोप से राहत मिली हुई है।

स्कूल व आंगनबाड़ी के सभी बच्चों का हो स्वास्थ्य परीक्षण

■ **कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग के काम-काज की समीक्षा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आंगनबाड़ी एवं स्कूल के सभी बच्चों का चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा इस योजना के तहत मेडिकल चेक-अप से छूटने नहीं चाहिए। पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 20 प्रतिशत बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण से बच गये थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल आज मंथन सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के काम-काज की समीक्षा

कॉल आते ही तुरंत पहुंचने चाहिए संजीवनी वाहन

कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिरायु योजना के तहत रिफर किये गये बच्चों को राज्य सरकार द्वारा मुफ्त में आगे का इलाज किया जाता है। गत वर्ष लगभग साढ़े 3 हजार बच्चों की गंभीर बीमारी का इलाज किया गया है। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, डीईओ डॉ. अनिल तिवारी, डीपीओ सुरेश सिंह सहित सभी बीएमओ, डीपीएम एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी इस अवसर उपस्थित थे। कलेक्टर ने लगभग 4 घण्टे तक बैठक लेकर अस्पतालों के संचालन एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जानना चाहा कि कॉल आने के कितने समय बाद संजीवनी एवं महतारी एक्सप्रेस वाहने मरीजों तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि इसमें विलम्ब स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभी दोनों योजना के तहत जिले में 18 वाहनें चल रहे हैं। विलम्ब अथवा कॉल अटेण्ड नहीं किये जाने पर निजी कम्पनी के लाईसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

किन्नरों ने हिर्री पुलिस के खिलाफ लगाया मारपीट करने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के हिर्री थाना क्षेत्र में किन्नरों के साथ हुई कथित मारपीट का मामला गरमा गया है। आरोप है कि भोजपुरी टोल प्लाजा के पास रोज की तरह जब कुछ किन्नर अपने पारंपरिक तरीके से वसूली कर रहे थे, तभी पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पहुंची और उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया। इस दौरान कहासुनी के बाद पुलिस ने उनके साथ मारपीट की। किन्नरों का कहना है कि आजीविका के लिए मांगना ही उनका एकमात्र जरिया है। क्षेत्र में किन्नरों को आपसी सहमति से अलग-अलग क्षेत्रों में बांटा गया है ताकि सभी को सम्मानपूर्वक जीवन यापन का अवसर मिल सके परंतु अब पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है, जिससे उनका जीवन और अधिक मुश्किल हो गया है। इस घटना के विरोध में राजा किन्नर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किन्नरों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। किन्नरों ने यह भी कहा कि वे हमेशा कानून और प्रशासन का सम्मान करते हैं, पर यदि उन्हें ही बेरहमी से मारा जाएगा तो वे अपनी समस्या लेकर कहां जाएंगे।

प्रदर्शन... शहर छात्रों ने 2024-25 ओलंपियाड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

आधारशिला विद्या मंदिर के छात्र धैर्य को इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में बिलासपुर के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। आधारशिला विद्या मंदिर के छात्र धैर्य अगीचा ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक हासिल कर इंटरनेशनल गोल्ड मैडल के साथ प्रमाण पत्र अर्जित किया। वही शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा प्रियांशिका कुमारी ने भी इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया और इंटरनेशनल सिल्वर मैडल

के साथ प्रमाण पत्र जीता। बचपन एकेडमिक ओशन पब्लिक स्कूल की छात्रा अमाया रोहरा ने भी इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में तीसरी रैंक प्राप्त करते हुए इंटरनेशनल ब्रोंज मैडल और प्रमाण पत्र हासिल किया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 72देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें बिलासपुर के 18600 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में दिल्ली पब्लिक स्कूल और ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल सहित बिलासपुर के उल्लेखनीय स्कूल शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 2024-25 ओलंपियाड परीक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 750 से अधिक छात्र और शिक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के महेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस वर्ष 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इंटरनैशनल रैंक-1 पर आने वाले 74 छात्रों को 50,000 रुपये और गोल्ड मेडल, इंटरनैशनल रैंक-2 के विजेताओं को 25,000 रुपये और सिल्वर मेडल, जबकि इंटरनैशनल रैंक-3 के छात्रों को 10,000 रुपये और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस के साथ साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

बच्चों की प्रतिभा निखारने प्रयासरत

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने बताया कि 2024-25 की ओलंपियाड परीक्षा में 72 देशों के 4000 शहरों की 96,499 से अधिक स्कूलों के लाखों छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि एसओएफ के पिछले 27 वर्षों से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का कार्य कर रहा है। ओलंपियाड में शामिल होने वाले छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय, राज्य और स्कूल स्तर पर रैंक दी जाती है, जिससे वे अपनी क्षमताओं और सुधार की संभावनाओं को समझ सकें।

सुविचार

जिंदगी का पहिया निरंतर घूमता रहता है। न खुशियों को पकड़कर कोई रख पाया है और न ही दुख ठहरता है। - अज्ञात

पाकिस्तान को ईरान की लताड़

पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्ष विराम के पश्चात भारत ने सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल संयुक्त राष्ट्र सहित दुनिया के प्रमुख 30 देशों के लिए रवाना किया है। सांसदों का यह डेलिगेयशन विश्व समुदाय को पाकिस्तान की हकीकत बता रहा है और भारत के पक्ष में समर्थन जुटा रहा है। भारत की देखा देखी पाकिस्तान ने भी अपने मित्र राष्ट्रों के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है जिसका नेतृत्व बिलावल भुट्टो जैसे सिरफिरे नेता को सौंपा गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल जिस बेबाकी के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब कर रहा है उसे देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने आर्मी चीफ असीम मुनीर को साथ लेकर खुद ही कुछ मुस्लिम राष्ट्रों का दौरा करने का निर्णय लिया है। सबसे पहले यह जोड़ी तुर्कीए पहुंची और उसका सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्कीए ने पाकिस्तान को आपरेशन सिंदूर के दौरान अपने ड्रोन दिये थे हालांकि वे भारतीय सेना द्वारा मार गिराये गये थे। तुर्कीए के बाद शाहबाज शरीफ असीम मुनीर के साथ ईरान पहुंचे और उन्हें उम्मीद थी कि ईरान उनके साथ खड़ा होगा लेकिन ईरान के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान को लताड़ लगा दी। उन्होंने दो टूक कह दिया कि पाकिस्तान सीमा से किसी भी तरह के आतंकवाद को ईरान बर्दाश्त नहीं करेगा। ईरान ने पाकिस्तान को नसीहत दी कि वह भारत ही नहीं बल्कि ईरान के खिलाफ भी की जाने वाली आतंकी घटनाओं पर रोक लगाये वरना ईरान भी पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सबक सिखाएगा। ईरान के राष्ट्रपति की यह लताड़ सुनकर शाहबाज शरीफ और असीम मुनीर की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई। इससे बड़ी बेइज्जती पाकिस्तान की और कोई हो ही नहीं सकती थी। गौरतलब है कि पाकिस्तान और ईरान की सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। पिछले साल ही पाकिस्तान ने ईरान में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई थी जिसके जवाब में ईरान ने भी पाकिस्तान के खिलाफ छोटी ही सही लेकिन सैन्य कार्यवाही की थी। ईरान पाकिस्तान के नापाक ईरादों को भलीभांति समझता है इसलिए उसमें पाकिस्तान के साथ खड़े होने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उल्टे ईरान ने पाकिस्तान के लिए मुसीबत का एक और सामान कर दिया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ईरान को अपने शीशे में उतारने के लिए वहां यह बयान दे दिया कि पाकिस्तान ईरान के परमाणु कार्यक्रम का समर्थन करता है। शाहबाज शरीफ ने ईरान को खुश करने के लिए यह बयान दिया था लेकिन ईरान ने पाकिस्तान का साथ देने इंकार कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पाकिस्तान के इस बयान से अब निश्चित रूप से अमेरिका पाकिस्तान से नाराज हो जाएगा। क्योंकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम का सख्त विरोधी है और वह ईरान को सबक सिखाने की योजना बनाये बैठा है। इजराइल भी ईरान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करने की कवायद कर रहा है। वह सिर्फ अमेरिका के इशारे की प्रतिक्षा में है जैसे ही अमेरिका हरी झंडी देगा इजराइल ईरान के परमाणु संयंत्र को उड़ा देगा। रही बात भारत और ईरान के संबंधों की तो दोनों के बीच मधुर संबंध है ऐसे में ईरान भारत के खिलाफ पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता। कुल मिलाकर शाहबाज शरीफ और असीम मुनीर को ईरान से निराशा ही हाथ लगी है और वे लौट के बुद्धु घर को आये की तर्ज पर ईरान से अपनी बेइज्जती कराकर रवाना हुए हैं।

कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर की गई आतंकवादी घटना के बाद से कश्मीर का पर्यटन उद्योग ठप पड़ गया है जिसकी वजह से जम्मू कश्मीर राज्य की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने हाल ही में पहलगाम का दौरा किया है और वहां पर्यटकों की सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की है उमर अबदुल्ला ने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे कश्मीर में घुमने के लिए आये। उनकी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये जा रहे हैं। यही बात जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने भी कही है और उन्होंने दावा किया है कि जम्मू कश्मीर में अब माहौल ठीक हो गया है। इसलिए देश के लोग जम्मू कश्मीर बेखौफ होकर आ सकते हैं और अरमनाथ यात्रा में शामिल हो सकते हैं। इस बीच कुछ पर्यटक जम्मू कश्मीर पहुंचने भी लगे हैं किन्तु अभी भी अधिकांश लोग पहलगाम की घटना से डरे हुए हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर में छुट्टियां बिताने के लिए जाने का जोखिम उठाने से कतरा रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि जम्मू कश्मीर में देशी विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें। जम्मू कश्मीर में अभी भी आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबलों का अभियान चल रहा है और पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादी पकड़े नहीं गये हैं। ऐसे में जम्मू कश्मीर जाने से लोगों का परहेज करना स्वाभाविक है। जब तक वहां सुरक्षा के चाकचौबंध इंतजाम नहीं हो जाते तब तक कश्मीर घाटी के गुलजार होने में संदेह ही रहेगा।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात
विश्व परिवार दिवस

विजय कुमार गुप्ता

खौफके दंगल से जब इंसान देख रहा अंधियारी है
साधन सुविधा विकास कर्म अंतिम हद तक जारी है
आस विश्वास संग भारत पग, साथ खड़ी बंजारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
अटका भटका बिखरा परिवार गुजारिश भारी है
अर्थ श्रम नियम संयम मार्ग, देश धर्म बलिहारी है
संस्कारकर्म जगाते परिवार दिखाए पूर्ण तैयारी है
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
एक सौ तीस करोड़ परिवार, देश बहुत ही भारी है
घर रहकर ही 'परिवार दिवस', परिवार संगवारी है
न्यायप्रिय एकनिष्ठ परिवार, भारत माता प्यारी है
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
सनातन धर्म की अनुशंसा, करती रही ये बेचारी है
घर परिवार समाज देश में, सम्मान स्नेह खुमारी है
सोचे समझे देश परिवार जो उत्तम कारगुजारी है
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है

उमेश चतुर्वेदी

नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम

इसका असर यह होगा कि माओवादियों के खिलाफउनकी कार्रवाई कहीं ज्यादा सटीक होगी। इसका असर भी अब दिखने लगा है। अब जहां खूंखार नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर समर्पण कर रहे हैं, वहीं जनजातीय इलाकों में नई सड़कें और रेल लाइनें बनाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ 'खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधा रेल संपर्क मिलने जा रहा है। इस इलाके में 278 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा रही है। माओवाद विरोधी कार्रवाई की कमान संभालने वाले केंद्रीय बलों के अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा सरकार ने उनके लिए मुफीद माहौल मुहैया कराया है। छत्तीसगढ़ में जब भूपेश बघेल की सरकार की हार के बाद सुरक्षा बलों के कुछ अधिकारियों का मानना था कि नई सरकार की नीति बदलेगी। इसकी वजह से स्थानीय पुलिस और प्रशासन माओवादी हिंसा के खिलाफ उनके कदमों के प्रति सहयोगी रूख रखेगा।नक्सलवाद पर नकेल के उपायों का असर ही कहा जाएगा कि साल 2014 में जहां नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 70 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है। नक्सलवाद खत्म हो, विकास की गाड़ी दौड़ती रहे और जनजातीय समूह के लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जाए, इससे शायद ही किसी को इनकार होगा। लेकिन साथ ही व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि फिर ऐसे हालात न बनें, जिससे स्थानीय निवासियों को बरगलाना आसान हो और वे हथियार उठाने के लिए मजबूर हों।

नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है।

नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है।

मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था।

गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा। नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। झीरम घाटी के नक्सली हमले में जहां तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे, 6 अप्रैल 2020 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला के जंगलों में नक्सलियों ने घात लगाकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और जिला बल के एक जवान को बारूदी सुरंग में उड़ा दिया था। इन हत्याओं के बाद नक्सली हिंसा को लेकर सवाल उठने लगा। नक्सलियों के समर्थक बौद्धिक तबके के लिए उनके बचाव में बोलना आसान नहीं रह गया। ताड़मेटला कांड के बाद तो उनके खिलाफ वायुसेना की कार्रवाई की मांग उठी थी, तब नक्सलियों के बौद्धिक समर्थकों ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के चलते तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा को काबू करने के लिए सैनिक कार्रवाई को टाल दिया था।

मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई। इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। इस रणनीति के जरिए माओवादी आंदोलन को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने में कामयाबी मिली। इससे माओवादियों के हाथों होने वाली हिंसा में कमी आई। लोगों में भय का माहौल कम हुआ। इसके साथ ही माओवादी उग्रवाद से प्रभावित कई जिलों को मुख्यधारा में शामिल करने में तेजी आई। इसकी वजह से स्थानीय निवासी नक्सलवाद दूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखने लगे। उन्हें यह भरोसा होने लगा कि माओवादी हिंसा और सोच शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और डाक सेवाओं को उनके गांवों तक पहुंचने से रोकती है। नक्सलियों के समर्पण और उसके बाद उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया। उन्हें हिंसा छोड़ने के बाद मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जिंदगी बिताने के लिए सरकारी स्तर पर मदद दी जाने लगी। इसके साथ हीभारत सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष योजना के तहत विशेष केन्द्रीय सहायता दी जा रही है। इसके तहत नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित और चिंतित करने वाले जिलों को 30 और10 करोड़ रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अलावा, जरूरत के मुताबिक, इन जिलों के लिए विशेष परियोजनाएं भी दी जा रही हैं। इसकी वजह से पिछले 10 वर्षों के दौरान, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1922 में 29 मई को ही एक्वाडोर को आजादी मिली थी। 1953 में आज ही के दिन पर्वतारोही शेरपा तेनजिंग नॉर्गे और एडमंड हिलेरी ने इतिहास में पहली बार माउंट एवरेस्ट शिखर पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की थी। 1968 में आज ही के दिन दारा सिंह ने पहलवानी में विश्व चैंपियनशिप अपने नाम की थी। 1970 में 29 मई को ही सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1985 में आज ही के दिन यूरोपीय फुटबॉल कप के दौरान दो टीम के प्रशंसकों के बीच हुई झड़प में 39 लोगों की मौत हो गई थी। 1988 में आज ही के दिन पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक ने सरकार को बर्खास्त कर संसद को भंग किया था। 1990 में 29 मई को ही दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में भीषण भूकंप आया था। 1999 में आज ही के दिन 'डिस्कवरी' अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ा था। 1999 में 29 मई को ही नाइजीरिया में नई सत्ता व्यवस्था स्थापित हुई थी। 2003 में आज ही के दिन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर इराक के पुनर्निर्माण कार्यों का आकलन करने के लिए बसरा पहुंचे थे।

पाठकों की बात

वो मानता ही नहीं

वो मानता ही नही उसे अपने गुनाहों की खबर तो हैं,पर वो मानता ही नही, मैंने माफ़ी तो दे दि, पर वो जानता ही नही, वो अभी भी उलझा पड़ा हैं, मेरे शिकायतों की रस्सी में, मैंने कब की जला दि वो, पर वो उसको दीखता ही नही, बार-बार उलझता रहता हैं रस्सी में , पास जाऊ तो दूर भागता हैं, न ही कुछ कहता है न ही कभी सुनता है, बस अपनी ही धुन में घूमता है, न जाने अपने दिमाग में क्या बुनता है।। - **नमन कुमार मिश्रा**

हर बात पर

हर बात पर लड़ाकू बनी फिरती लड़की आजकल हर बात पर बस मुस्कुराकर अपने रास्ते चल देती है।।(और फिर सामने वाले और ज्यादा परेशान हो जाते है कि यार ये तो लड़ाई करना ही नहीं चाहती)। - **मीना सोनी**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में , खदानों में , और वो अनगिनत जगहों पर, जहाँ मिलता है मुझे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ और अपने परिवार के भरण पोषण का साधन!! "मैं मजदूर हूँ"! नव जीवन हूँ, उन अनेक कारखानों का जिसकी रफ्तार कभी कम नही होती क्योकि, मैं अपने खून पसीने से उसकी रफ़्तार को कम नही होने देता! नही रुकते कदम मेरे किसी भी परिस्थिति मेंक्योकि, मेरे चलने से ही मेरे घर के चूल्हे जलते है। ये अभिमान नही मेरा स्वाभिमान है, अंधियारे घर मे एक छोटे दिए का प्रकाश हूँ, "मैं मजदूर हूँ" !! - **सपना परिहार**

बुरे काम का कभी भला परिणाम न होगा,

बुरे काम का कभी भला परिणाम न होगा, पापी जन के लिए कहीं विश्राम न होगा। अविचारी का काल भाल पर ही फिरता है, कहीं संभलता नहीं शील से जो गिरता है। होते हैं कारण आप ही अविवेकी निज नाश में, फंसते हैं कीचक सम स्वयं मनुजाधम यम-पाश में। - **कलपना मनोरमा**

जीस्त का हक जरा अदा कीजे

जीस्त का हक जरा अदा कीजे बंदगी रब की कुछ किया कीजे। रब ने बख्शा जो मर्तबा शुहरत मुफ़लिसी देख मत हँसा कीजे। कोई अपना समझ दिखा दे जो जखूम पर मत नमक मला कीजे। जो छुपाए नज़र मिले ख़ंजर से हमदम से फासिला कीजे। दर्द बिछड़न ही क्यों लिखो शाइर कोई कमसिन कत्आ लिखा कीजे। माँ जमीं पर है रब का अक्स सुनो उसके सज़्दे ÷तनुज÷ झुका कीजे। - **सतीश मैथिल तनुज**

एक बिकी हुई कलम एक हज़ार

एक बिकी हुई कलम एक हज़ार आतंकवादियों के बराबर होती है अतः अपनी कलम का सद्पयोग करें न कि किसी राजनेता की चापलूसी में अपनी कलम का इस्तमाल कर मां शारदे का अपमान करें। कलम कहती सदा संजय चलूंगी साथ तेरे ही कहेगा जो लिखूंगी मैं नहीं मंजूर बिकने को। - **संजय कुमार गिरि**

ख्वाबों में जिन्दगी बहुत प्यारी सी दिखी

ख्वाबों में जिन्दगी बहुत प्यारी सी दिखी, ख्वाब टूट ते ही जिन्दगी बहुत बेचारी सी दिखी, रात थी सुहाग की फिर भी जिन्दगी क्वाँरी सी दिखी, रस्ते बीरान थे ,फिर भी मंजिल बहुत प्यारी सी दिखी, मिटाने वाली थी जाँ-नशीं मेरी, फिर भी वो प्यारी सी दिखी, हम तो थे बाँग-बां के माली , तभी फूल से प्यारी ,क्यारी दिखी!! **पंकज मिश्र**

पतझड़ में भी खिल सकता हैं वसंत

पतझड़ में भी खिल सकता हैं वसंत हम इस लिए खेलना बंद नहीं कर देते है कि हम बूढे हो रहे हैं बल्कि हम इस लिए बूढे हो जाते हैं क्योकि हम खेलना बंद कर देते है बढ़ती उम्र के साथ शरीर का शिथिल होना,कमजोर स्नायु तंत्र अंगों का सुचारु काम न करना झुरियां झुकी कमर बालों की सफेदी व नजर कम होना लेकिन इनसे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता असल बुढ़ापा तो वो हैं आप हौसला खो दें आप उम्र को बढ़ने से नहीं रोक सकते। लेकिन आपको उम्र के साथ बूढ़ा होने की जरूरत नहीं।एसी कुछ मिसालें जिन्हें पढ़कर आप भी कह उठेगें "पतझड़ में भी खिल सकता हैं वसंत" - **हेमा पांडेय**

QUIZ TIME

1) अयोध्या विवाद फैसला बाद राम मंदिर शिलान्यास को कुल कितने दिन लगे?

2) पुराणों का अध्ययन करने वाला प्रथम मुसलमान कौन था?

3) जाड़े के दिनों में तमिलनाडु के तटों पर होने वाली वर्षा का मुख्य कारण क्या है?

4) भारत में द्विसदनात्मक व्यवस्था वाले कुल कितने राज्य है?

5) घुड़सवारी खेल के लिए अर्जुन पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी कौन बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 30 साल 8 महीने 27 दिन (2) अलबरूनी (3) लौटता मानसून (4) 6 (5) दिव्यकृति सिंह

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलयात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		ध्र		र	श्मि
ब	घा	र		कृ	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वं		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:38, सूर्यास्त : 07:10, चन्द्रोदय : 05:54, चन्द्रास्त : 20:59

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया,नक्षत्र : आर्द्रा, योग : शूल, प्रथम करण : बालव (15:25 तक), द्वितीय करण : कौलव (25:54 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : मिथुन (13:36 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी),राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 16:33 से 17:59, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:17 से 24:29, विजय मुहूर्त : 14:33 से 15:29, गोधूलि मुहूर्त : 19:10 से 19:30, सायाह्न सन्ध्या : 19:11 से 20:12, निशिता मुहूर्त : 23: 54 से 24:34, राहुकाल : 13 : 30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:01 से 08:46, दुर्मुहूर्त : 11:46 से 12:42, होमाहुति : सूर्य, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 13:36 से), शिववास : गौरी के साथ (25:54 से सभा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आलस्य के चलते आवश्यक कार्यो में विलंब होगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के लिए तैयार नही होंगे।

वृषः आज के दिन आपके घरेलू सुखों में वृद्धि होगी। व्यवहारिकता से आज के दिन का लाभ उठाएं।

मिथुनः आज के दिन आप किसी के कहे में ना आये भ्रामक बातो पर जल्द विश्वास करने से हानि हो सकती है। व्यवहार शून्यता भी आज संबंधों में कड़वाहट बनाएगी।

कर्कः आज के दिन भावनाओ में बह कर आप स्वयं ही अपना नुकसान कर लेंगे।

सिंहः आज के दिन आपके लिए सुख शांति वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र और परिवार के बीच तालमेल बैठाने में थोड़ी असुविधा होगी।

कन्याः आज के दिन कार्यो में सफलता की संभावना अधिक रहेगी महत्वपूर्ण कार्य संध्या से पहले करने का प्रयास करें इसके बाद कार्य विलंब से पूर्ण होंगे।

तुलाः आज आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नही रख सकेंगे मन की बात हर किसी को बताने से बाद में परेशानी हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन आप जो भी कार्य करेंगे उसका फल निकट भविष्य में शीघ्र ही देखने को मिलेगा। परिश्रम आज अधिक करना पड़ेगा।

धनुः आज का दिन भी सामान्य से अच्छा रहेगा। दिनचार्य थोड़ी अस्त-व्यस्त रहेगी फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति ले देकर हो ही जाएगी।

मकरः आज का दिन स्त्री वर्ग से सावधानी से बिताएं। घर मे अथवा किसी अन्य महिला के कारण कलह क्लेश हो सकता है।

कुंभः आज भी दिन का अधिकांश समय प्रतिकूल ही रहेगा। विशेष कर आज धन संबंधित उलझने बढ़ सकती है।

मीनः आपका आज का दिन आर्थिक रूप से उतना लाभदायी नही रहेगा जितना व्यावहारिक में वृद्धि कराएगा।

संक्षिप्त खबरें

सुशासन तिहार में जनता की समस्याओं का हो रहा है निराकरण: टंकराम

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।समाधान शिविर में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने हेतु समाधान शिविर किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत की सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा एवं शैल साहू, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन भी उपस्थित थे।इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर के तहत कुल 10 हजार 743 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सभी का निराकरण कर दिया गया।

राज्यपाल रमेन डेका ने टी बी मरीजों को भेंट की पोषण टोकरी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोण्डागांव जिले के प्रवास के दौरान 04 टी बी मरीजों को पोषण टोकरी भेंट की। टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए अतिरिक्त प्रोटीन युक्त पोषण के लिए यह फूड बास्केट दी गई है।इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार उपस्थित थे।

रायपुर जिले में कुल 389 विद्यालयों का होगा युक्तियुक्तकरण

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले के स्कूलो का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसके अनुसार रायपुर जिले में कुल 389 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इनमें एक ही परिसर के विद्यालय जिनमें शिक्षा विभाग के 384 आदिवासी विकास विभाग के 1 स्कूल और ग्रामीण क्षेत्र के 1 किमी के भीतर विद्यालय जिनमें एजुकेशन विभाग के 1 स्कूल और शहरी क्षेत्र में 500 मीटर के भीतर के विद्यालय में शिक्षा विभाग के 3 विद्यालय शामिल है, जिनका युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तकरण का उदद्देश्य मानव भौतिक संसाधन का सही उपयोग करना और संतुलन बनाए रखना है। इससे सभी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों का अनुपात सही होगा और गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने में सहयोग मिलेगा।

कोयलीबेड़ा जलाशय के कार्यों हेतु 3.60 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसग शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले के विकासखण्ड-कोयलीबेड़ा के लघु जलाशय पी.व्ही. 92 के नहरों की मरम्मत एवं लाईनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 60 लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के कार्य होने पर क्षेत्र के किसानों को कुल 198 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग जगदलपुर को योजना के कार्यो को पूर्ण कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन जरूरी: राज्यपाल

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका जिला कांकेर में संचालित योजनाओं की ली समीक्षा बैठक राज्यपाल रमेन डेका उत्तर बस्तर कांकेर जिला प्रवास के दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि योजनाओं का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव होगा जब उसकी मॉनिटरिंग और फॉलोअप जमीनी स्तर पर हो। राज्यपाल इसके लिए अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल ने कहा कि निचले स्तर की वास्तविकता से अवगत होने हितग्राहियों से अवश्य मिले और कमियों की जानकारी लें।

युवतियों के साथ-साथ युवक भी ले रहे पाककला में प्रशिक्षण

■ लाईवलीहुड में आयोजित कुकिंग-बेकिंग ट्रेनिंग में 34 युवा तराश रहे अपना हुनर

रायपुर/नवप्रदेश। खाना पकाने का शौक वैसे तो महिलाओं को होता है, किन्तु आज के दौर में पाककला के क्षेत्र में पुरूष भी आगे बढ़कर रूचि दिखा रहे हैं। जिले के ऐसे ही युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने, उन्हें रोजगार और स्व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर मौदाल अबिनाश मिश्रा की पहल पर प्रोजेक्ट युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत युवाओं को उनकी रूचि के अनुसार व्यवसाय में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में भी युवाओं को पाककला में दक्ष किया जा रहा है। कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिक मे न केवल युवतियां बल्कि युवक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां 30 युवतियां और 4 युवक खाना बनाने का प्रशिक्षण लेकर अपना हुनर को तराश रहे हैं। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में फास्टफूड, चायनीज, स्वीटस, मेनकोर्स और बेकिंग से बनने वाली लगभग 150 पकवानों को बनाने के तरीके को बारिकी से समझाया जा रहा है। इस कुकिंग-बेकिंग क्लास में युवाओं से प्रेक्टिकल भी कराया जा रहा है। युवाओं को जगदलपुर की श्रीमती ज्योति सुराना और धमतरी के सिमरन कौर तथा प्रतीमा साहू बतौर ट्रेनर कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

यहां ट्रेनिंग लेने वाली हिना चंद्राकर ने बताया कि वैसे तो महिलाओं को खाना बनाना आता ही है, लेकिन पाककला की बारीकियों को समझने, इसे रोजगार के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा दी जाए रही ट्रेनिंग सराहनीय है। इसकी मदद से अपने हुनर को निखारकर स्वरोजगार की दिशा में आगे ब? सकेंगे। उन्होंने बताया कि वे ट्रेनिंग में फास्टफूड, चायनिज जैसे लोकप्रिय व्यंजन बनाना सीखा है और भी पकवान और खाना बनाने के तौर-तरीके सीख रहीं हैं। इसकी ट्रेनिंग के बाद वे रेस्टोरेंट या होटल में शेफ की नौकरी भी कर सकेंगी अथवा स्वयं का व्यावसाय प्रारंभ कर सकतीं हैं। पाककला का प्रशिक्षण ले रहे दीपक दास ने बताया कि उनका फुड स्टाल है, लेकिन ज्यादा आईडिया न होने के कारण वे अपने स्टाल में सीमित सामग्री बनाकर रखतें हैं।

संविधान बचाओ यात्रा पर मंत्री नेताम का तंज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के संविधान बचाओ यात्रा को मंत्री रामविचार नेताम ने तंज कसते हुए इसे कांग्रेस बचाओ यात्रा करार दिया। उन्होंने कहा कि कैसे कांग्रेस को बचाया जाए, इसके लिए यात्रा निकाल रही है।मंत्री रामविचार नेताम ने जातिगत जनगणना के प्रारूप की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर कहा कि कांग्रेस ने घूम-घूम कर देश को गुमराह करने का काम किया. कांग्रेस पार्टी अनर्गल बातें करते रहती है, उनका मुद्दा छीन गया. पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करके भी दिखाते हैं. पीएम मोदी शिलान्यास भी करते हैं, और उद्घाटन भी करते हैं. इसलिए कांग्रेस को सब्र करना चाहिए। वहीं बस्तर जिला के नक्सलमुक्त होने पर मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि देश के पीएम और केंद्रीय गृह मंत्री की सोच और परिकल्पना रही. हमारी सरकार और जवानों ने निर्णायक लड़ाई लड़ी. मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे की परिकल्पना रही।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का आज शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री साय

■ कृषि मंत्री नेताम ने कहा- एक देश-एक कृषि-एक टीम की अवधारणा को मिलेगी मजबूती

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने 29 मई से शुरू हो रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री के लैब टू लैण्ड मंत्र को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह एक देश-एक कृषि-एक टीम की अवधारणा को मजबूती देगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के इस अभियान की छत्तीसगढ़ में शुरुआत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आरंग विधानसभा के भैंसा गांव में करेंगे।कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि कृषि कार्यो हेतु प्रत्येक राज्य की अपनी खरीफ-पूर्व तैयारियाँ होती है। इनसे बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए राज्य की तैयारियों एवं इस अभियान को एकीकृत किया जा रहा है।

इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों में क्षेत्र विशेष में प्रमुख खरीफ फसलों की आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को जागरूक करना÷, ÷किसानों के लिए लाभकारी विभिन्न शासकीय योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी प्रसारित करना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग को प्रचारित करना ताकि सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए किसानों द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण और उचित उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना तथा जमीनी स्तर पर नवाचारों के बारे में किसानों से फीडबैक एकत्र कर उसके अनुसार अनुसंधान की प्राथमिकताओं का निर्धारण करना सम्मिलित हैं।इस अभियान का कियान्वयन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा राज्य शासन के कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा. यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 33 जिलों में चलाया जाएगा, जिसमें कुल 100 दलों द्वारा 2,600 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 3 दलों का गठन होगा, तथा प्रत्येक दल एक दिन में दो स्थानों पर कार्यकम आयेजित करेगा।प्रत्येक दल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के 3-4 वैज्ञानिक तथा राज्य शासन के कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी सम्मिलित रहेंगे, जो जनजातीय, आकांक्षी और भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता देंगे।

राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का किया भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज कांकेर के सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेररिज्म एंड जंगलवार फेयर' महाविद्यालय में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी ली। इस दौरान जवानों के अभ्यास का लाइव डेमो देखा और उनका उत्साहवर्धन किया।जंगलवार फेयर कॉलेज में पीपीटी के माध्यम से जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। राज्यपाल ने इसके बाद महाविद्यालय में स्थित म्यूजियम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख माओवादी घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके अलावा राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षार्थियों के द्वारा अभ्यास का डेमो देखा।

मुख्यमंत्री ने वीर सावरकर की जयंती पर किया नमन

■ वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रभक्ति, आत्मबलिदान और वैचारिक दृढ़ता का प्रतीक है : साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक धरमलाल कौशिक एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वीर सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा और राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए समर्पित था। वीर सावरकर न केवल आज़ादी की लड़ाई के अग्रणी योद्धा थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, इतिहासकार, लेखक और दूरदर्शी राजनेता भी थे। उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध आवाज़ उठाई और आधुनिक भारत के निर्माण की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सेल्युलर जेल में बिताए गए सावरकर जी के कठोरतम वर्ष उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और मानसिक दृढ़ता के प्रमाण हैं। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

फेडरेशन के लेटरहेड पर कूटरचित फर्जी पत्र के विरुद्ध एफआईआर की मांग

पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया लिखित शिकायत पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपने आधिकारिक लेटरहेड पर कूटरचित फर्जी पत्र तैयार किए जाने के गंभीर मामले में दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक रायपुर को लिखित शिकायत सौंपी गई है।

फेडरेशन के संयोजक श्री कमल वर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फेडरेशन, राज्य निर्माण के बाद से ही शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सतत रूप से सक्रिय है। हाल ही में फेडरेशन के संज्ञान में यह अत्यंत गंभीर मामला आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति/तत्व द्वारा प्रांतीय संयोजक के कूटरचित हस्ताक्षर के माध्यम से फेडरेशन के अधिकृत लेटरहेड का दुरुपयोग कर फर्जी पत्र तैयार कर उसे विभिन्न माध्यमों से प्रचारित किया गया है।

इस आशय की लिखित सूचना पत्र क्रमांक 659, दिनांक 16 मई 2025 के माध्यम से पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ को पहले ही दी जा चुकी है, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई थी।

श्री वर्मा ने बताया कि अब तक दो फर्जी शिकायती पत्र फेडरेशन के संज्ञान में आए हैं, जो प्रधानमंत्री को संबोधित हैं। इन पत्रों के प्रेषण हेतु कूटरचित लिफाफें का उपयोग किया गया है, जिनकी प्रतिलिपियाँ पुलिस अधीक्षक को जांच हेतु सौंप दी गई हैं।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि उसका शासन से किया जाने वाला समस्त पत्राचार केवल अधिकृत व्हाट्सएप नंबर अथवा ईमेल आईडी के माध्यम से ही किया जाता है। अतः उक्त दोनों पत्र पूरी तरह से फर्जी, भ्रामक एवं कूटरचित हैं।

अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पोंड में हुआ आयोजन 10 हजार 530 आवेदनों का निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के अभनुपर विकासखंड के ग्राम पोंड में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत 10 हजार 564 आवेदन आए थे, जिसमें से 10 हजार 530 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शिविर में हितग्राहियों को कृषि विभाग से धान बीज, जिंक सल्फेट, स्प्रेयर और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जॉब कार्ड का वितरण किया गया और प्रधानमंत्री आवास की चाबी दी गई। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा बैसाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र और छड़ी प्रदान की गई। इसके अलावा श्रम कार्ड, ऋण पुस्तिका और केसीसी कार्ड भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विधायक श्री इन्द्रकुमार साहू मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रय भी किया गया।

विवाद... विवादों में स्वास्थ अमला ....

मेकाहारा की प्लेसमेंट एजेंसी पर गंभीर आरोप

■ मेकाहारा को बना दिया शराबखोरी का अड्डा: स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

■ महिलाओं का शोषण, फर्जीवाड़े और वसूली

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा सहित कई संस्थानों में सफाई सेवाएं देने वाली राज बोथरा की कंपनी कॉल मी लाल मी सर्विस एक बार फिर विवादों में है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कंपनी पर महिला सफाई कर्मचारियों के मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण, फर्जीवाड़ा, नौकरी और यूनिफॉर्म के नाम पर अवैध वसूली, और यहां तक कि अस्पताल परिसर को शराब सेवन का अड्डा बनाने तक के गंभीर आरोप लगाते हुए एक पत्र जारी किया है और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हाल ही में पत्रकारों के साथ कंपनी के कथित बाउंसर द्वार मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना सामने आई थी जिसके बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कहा था कि कंपनी के मालिक राजकुमार बोथरा के संरक्षण में ये सब कृत्य किए जा रहे हैं। संघ का दावा है कि कर्मचारियों द्वारा इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कथित सेटिंगबाज़ी और अधिकारियों की मिलीभगत के चलते आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

शराब का अड्डा बना गार्ड रूम

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा जारी पत्र में दावा किया गया है कि मेकाहारा अस्पताल का गार्ड रूम अब शराब सेवन का अड्डा बन चुका है। जब कोई इसका विरोध करता है, तो कंपनी के गुंडे और कथित बाउंसर मारपीट पर उतर आते हैं।

नौकरी देने के नाम पर भारी वसूली

कोविड काल के दौरान 100 से अधिक सफाई कर्मचारियों को हटाकर नए कर्मचारियों की भर्ती के नाम पर 40-40 हजार रुपये वसूले गए थे। ड्रेस देने के नाम पर भी 10-10 हजार रुपए तक लिए जा रहे हैं। ये वसूली केवल मेकाहारा तक सीमित नहीं है, बल्कि दाऊद कल्याण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जिला अस्पताल पंडरी, रायपुर एम्स समेत कई अन्य सरकारी संस्थानों में भी की जा रही है।

राजधानी में रफ्तार की कहर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में दो अलग-अलग हादसे हुए हैं। पंडरी इलाके में नशे में धुत्त कार चालक ने बाइक को टक्कर मारी और कई किलोमीटर बाइक को घसीटा। भागने की नियत से कार चालक ने तेलीबांधा इलाके में भी राहगीरों को रौंदा। आक्रोशित भीड़ ने पुराना धमतरी रोड पर कार चालक को रोककर उसकी जमकर पिटाई। वहीं माना थाना में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में कार चालक को गंभीर चोटें आई है। राजधानी में रविवार रात करीब 11.30 बजे पंडरी इलाके में पीडब्ल्यूडी ओवरब्रिज के नीचे एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी।

जल जीवन मिशन से बदला सेमबती का भविष्य

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन योजना से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत सिरियाखोह के ग्राम सिरियाखोह की बस्ती में एक नई रोशनी की किरण जगाई है। इस योजना के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित नल जल पहुंचाने का सपना अब साकार हो चुका है। इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। सेमबती जो इस बदलाव की साक्षात प्रतीक बन चुकी हैं। सेमबती, जो पहले पानी के लिए कई किलोमीटर दूर पैदल चलने को मजबूर थीं, अब उनके आंगन में नल से स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है। इससे न केवल उनका समय बचा, बल्कि परिवार की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ा है। पहले जहां पानी की कमी से उन्हें खेती-बाड़ी और घरेलू कामों में कठिनाई होती थी, वहीं स्वच्छ जल की उपलब्धता उसके व उसके परिवार के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। एक ओर जहां शुद्ध पेय जल उन्हें डायरिया, हैजा से बचाती है।

■ न्यूज गैलरी

मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता स्वीकृत

एमसीबी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत ग्राम बरहोरी तहसील भरतपुर में पुष्पराज सिंह की पानी में डूबने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनके पिता लालबहादुर को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, सोनू पिता बिक्कूराम निवासी ग्राम मेण्ड्रा तहसील खड़गवां की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक के पिता बिक्कूराम को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सविता निवासी ग्राम धनौली तहसील कोटाडोल की पानी में डूबने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनके पिता तेजबहादुर को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सूरज ढीमर निवासी ग्राम जमथाम तहसील भरतपुर की जहरीले सर्प के काटने से हुई मृत्यु हो जाने पर जिससे मृतक की पत्नी राधा वर्मा को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार विजय कुमार साहू निवासी ग्राम वार्ड क्र0 14 पंखा दफाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी तहसील चिरमिरी की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक के पिता शिवलखन साहू को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष-2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

न्याय पद यात्रा में शामिल हुए कांकेर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

कांकेर / नवप्रदेश। पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व मे किरंदुल से दंतेवाड़ा में निकली जा रही न्याय यात्रा मंगलवार को शुरू हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के न्याय यात्रा की शुरुआत पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडे युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकजराज वाधवानी एनएसयूआई के पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू के नेतृत्व मे शामिल हुए।जिसमे युवा कांग्रेस नेताओं में प्रियंका जैन अन्नू साहू,सुमित्रा सोनवानी, साक्षी बांसोड़, अलीशा हिमनी, दिव्या मंडावी,मनीष दीपक, गोकुल नरेटी दिलेश्वर जैन, मोती नायक शिवलाल नरेटी नरसिंह नेताम सहित बड़ी में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राज्यपाल डेका ने बैठक लेकर योजनाओं की जानकारी ली

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कांकेर जिला प्रवास के दौरान जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि योजनाओं का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव होगा जब उसकी मॉनिटरिंग और फॉलोअप जमीनी स्तर पर हो। राज्यपाल ने इसके लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया।राज्यपाल श्री रमेन डेका आज सायं 4.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष पहुंचे जहां पर उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली। राज्यपाल ने कहा कि निचले स्तर की वास्तविकता से अवगत होने हितग्राहियों से अवश्य मिले और कमियों की जानकारी लें, साथ ही योजना अथवा गतिविधि के क्रियान्वयन की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त करें। बैठक के दौरान श्री डेका ने जल संरक्षण पर विशेष रूप से जल संरक्षण पर फोकस करते हुए कहा कि जिले के शासकीय भवनों के साथ-साथ निजी भवनों में भी वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की अनिवार्यता हो।

ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच हुई आसान

■ **एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी**

बीजापुर/ नवप्रदेश। बीजापुर जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान हो जाएगी। बुधवार को कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स (मोबाइल मेडिकल यूनिट - एमएमयू) का भव्य शुभारंभ किया गया। यह महत्वपूर्ण कदम बीजापुर जिले के स्वास्थ्य परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।यह पहल शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित है और इसे एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई से वित्तीय सहायता प्राप्त है।हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना- कलेक्टर संबित मिश्रा ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगणों के साथ-साथ एसबीआई संजीवनी टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

एसबीआई संजीवनी बीजापुर टीम में परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार मानिकपुरी, एमबीबीएस डॉ. चंद्रशेखर जैसवाल, फार्मासिस्ट सिद्ध मौर्य, लैब तकनीशियन सुश्री मनोरमा उसेंडी, स्टाफ नर्स सुश्री जयश्री सेगम और पायलट सियाराम कुड़ियम शामिल हैं।

भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए चार दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर

■ **ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं से कराया गया अवगत, 75 युवाओं ने लिया बदलाव का संकल्प**

बीजापुर/ नवप्रदेश। भारतीय संस्कृति के संरक्षण और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बीजापुर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में एक चार दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। 23 जून से शुरू होकर 26 जून को संपन्न हुए इस शिविर में बीजापुर जिले के भैरमगढ़, उसूर और बीजापुर ब्लॉक के युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर का शुभारंभ और उद्देश्य

शिविर का विधिवत उद्घाटन भाजपा के बस्तर प्रभारी जी. वेंकटेश्वर, भाजपा जिला अध्यक्ष घासी राम नाग, और समाजसेवी राजीव गांधी ने किया। उन्होंने मां गायत्री, गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, संस्कारी और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण बनाना था। इसके तहत उन्हें भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं से अवगत कराया गया।

जीवन मूल्यों का आत्मसात और संकल्प

शिविर में स्वावलंबन, व्यसन मुक्ति, परिवार निर्माण, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, सभ्य समाज निर्माण और तनावमुक्त जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।इस प्रेरणादायक शिविर का लाभ उठाते हुए 75 युवाओं ने अपने जीवन को संवारने का संकल्प लिया। इनमें से 15 युवाओं ने मांसाहार और जीव हत्या का त्याग करने का दृढ़ संकल्प लिया। वहीं, सौरभ पांडे, चहल झाड़ी, अथर्व बीरा, वरुण इच्छामि, वासुदेव यादव, कृष्ण यादव, जगदीश ध्रुवा, साक्षी नकका, बिंदिया कश्यप, तनीषा गोयल, राधिका मांडवी, योग माया, माया भोयर, संगीता काडीयामी, योगेश्वरी यादव, साक्षी साहनी, कृति बीरा और आरती यादव सहित 19 युवाओं ने दीक्षा संस्कार ग्रहण किया।

गहन प्रशिक्षण और गुरुकुल पद्धति का ज्ञान

शांतिकुंज हरिद्वार से आए पांच परिव्राजकों की टोली, जिसमें कुलदीप कृष्ण भारती, लोकेश साहू, कुमारी प्रिया साहू, कुमारी सरिता और कुमारी आस्था पटेल ने चार दिनों तक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान शारीरिक प्रशिक्षण, योग, आत्मरक्षा और समाज व राष्ट्र रक्षा के लिए युवाओं को सक्षम बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, युवाओं के नैतिक, भौतिक और आध्यात्मिक विकास को भी महत्व दिया गया। गुरुकुल पद्धति का ज्ञान भी साझा किया गया, जिसका लक्ष्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर मजबूत बनाना था।

समापन और प्रेरणादायक संदेश

शिविर के समापन अवसर पर पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने भी युवाओं के साथ समय बिताया और उन्हें समर्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

जनजातीय वाद्य यंत्र निर्माता एवं काष्ठ शिल्पकार पंडीराम मंडावी को मिला पद्मश्री

■ **मण्डावी ने छत्तीसगढ़ी लोककला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान**

नारायणपुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को देश और दुनिया के मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले नारायणपुर जिले के ग्राम गढ़बेंगाल निवासी जनजातीय वाद्य यंत्र निर्माता एवं काष्ठ शिल्पकार श्री पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही मंडावी जी नारायणपुर जिले के दूसरे व्यक्ति बन गए हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में पारंपरिक वैद्यराज हेमचंद मांझी को यह गौरव प्राप्त हुआ था।

68 वर्षीय पंडीराम मंडावी पिछले पाँच दशकों से छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय पारंपरिक वाद्य एवं काष्ठ शिल्पकला को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उसे जीवंत मंचों पर प्रस्तुत करते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। वे बांसुरी, टेहण्डोंड, डूसीर, सिंग की तोड़ी, कोटोड़का, उसूड़ जैसे लोक वाद्य यंत्रों के निर्माण एवं प्रदर्शन में अद्वितीय दक्षता रखते हैं। उनकी काष्ठ-कला न केवल लोकगीतों की आत्मा को जीवंत करती है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की मिसाल भी प्रस्तुत करती है। मंडावी जी की कला यात्रा देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रही। वे अब तक रूस, फ्रांस, जर्मनी, जापान और इटली सहित कई देशों में सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी कला ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि सम्पूर्ण भारत की पारंपरिक छवि को वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाई है।उनके योगदान को सराहते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें दाऊ मंदराजी सम्मान 2024 से भी विभूषित किया जा चुका है।

डीआरजी कौन है? क्यों बसवराजु ने मरने से पहले अपने डायरी में लिखा

प्रिय कामरेड छुप जाओ, डीआरजी जवान ढूंढ कर मार डालेगा?

नारायणपुर/ नवप्रदेश। वह बल जिसने बसवराजू को गिराया, महासचिव, सीपीआई (माओवादी)जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के बारे में जिज्ञासा, भ्रम और गलत सूचनाओं की बाढ़ आ गई है, जो छत्तीसगढ़ का कुलीन नक्सल विरोधी अभियान बल है, जिसने हाल ही में शीर्ष माओवादी नेता बसवराजू को मार गिराया। यहाँ असली कहानी है - बस्तर से पैदा हुए एक बल की, जो जमीन से आकार लेता है, और अब इतिहास को नया आकार दे रहा है।

1. मिथकों को खत्म करने का मिशन-दशकों से, अबूझमाड़ - छत्तीसगढ़ का एक विशाल, ऊबड़-खाबड़ और जंगली इलाका - नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना, उनका आखिरी गढ़ माना जाता था। ऐसा कहा जाता था कि राज्य और माओवादियों के बीच अंतिम लड़ाई यहीं होगी। इसी मिथक को तोड़ने के लिए डीआरजी का गठन किया गया था। और उन्होंने ऐसा किया भी।आज, माड़ में सबसे बड़ा नक्सल नेता भी सुरक्षित नहीं है। माओवादी कैडर बड़ी संख्या में इस क्षेत्र से भाग रहे हैं, एक अदृश्य और अथक बल -

डीआरजी से घबराकर।

2. मिट्टी की ताकत-डीआरजी एक अनूठी, घरेलू लड़ाकू इकाई है - न कि केवल भूतपूर्व नक्सलियों का समूह।40त्न से अधिक बस्तर से हाल ही में भर्ती किए गए स्थानीय युवा हैं (2022 से), प्रशिक्षित और तैयार हैं।केवल 15-20त्न भूतपूर्व नक्सली हैं - और उन्होंने भी बंदूक की जगह संविधान को चुना है।

3. गोलियों से पहले दिमाग- आम धारणा के विपरीत, डीआरजी बंदूकों की तुलना में लैपटॉप पर अधिक समय बिताता है। वे गूगल अर्थ, मानचित्र, इलाके के डेटा, संचार पैटर्न और एन्क्रिप्टेड सिग्नल का अध्ययन करते हैं। वे लेवल 2 गेम थ्योरी लागू करते हैं और अपनी खुद की जीआईएस इंटेलिजेंस तैयार करते हैं।

4. सिर्फ़ इलाके की नहीं, बल्कि भरोसे की लड़ाई- ÷किसका भरोसा बढ़ना चाहिए। और किसका डर कम होना चाहिए÷ – यह डीआरजी का सिद्धांत है।

5. मज़बूत शरीर, रणनीति का दिमाग

अंतिम शब्द

- DRG के जवान इस धरती के बेटे और बेटियाँ हैं, बाहरी नहीं। वे लड़ रहे हैं
- बस्तर के आदिवासियों का दिल जीतने के लिए
- स्थानीय नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए
- ऐसी विचारधारा को हराने के लिए जो न तो ज़मीन की है और न ही देश की
- बस्तर की आत्मा की लड़ाई में, DRG सिर्फ़ ज़मीन नहीं जीत रहा है - यह भरोसा जीत रहा है, कहानियों को फिर से लिख रहा है और शांति बहाल कर रहा है।
- यह DRG है। यह बस्तर की लड़ाई है।

दंतेवाड़ा आगमन पर सांसद का पुरजोर स्वागत

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। बस्तर सांसद महेश कश्यप आज एक दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे। बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सांसद महेश कश्यप का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात सांसद महेश कश्यप कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत पालनार पहुंचे। पालनार में जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि के नेतृत्व में सांसद महेश कश्यप का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पालनार में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए और युवाओं को सम्बोधित कर उत्साहवर्धन किया साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए जमकर सराहना किया। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बस्तर और विशेषतौर पर दंतेवाड़ा से आत्मीय नाता रहा है उन्होंने लगातार अपने बहुप्रतीक्षित और लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में बस्तर और दंतेवाड़ा की उपलब्धियों एवं बदलती तस्वीर पर चर्चा किया है जो इस बात को दर्शाता है । केंद्र व राज्य सरकार की दंतेवाड़ा से विशेष रूचि रही है । कभी प्रधानमंत्री दंतेवाड़ा के साइंस लैब ,परीक्षा परिणाम तो कभी बस्तर ओलंपिक्स का जिक्र कर प्रशंसा करते है तो कभी मुख्यमंत्री दंतेवाड़ा के अंतिम छोर मुलेर पहुँच जनता की समस्या सुनते है, केंद्र व राज्य सरकार बस्तर को विश्व पटल पर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने और शांति बहाल करने हेतु संकल्पित है जिसका परिणाम भी दीख रहा है ।

जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित रोस्टर अनुसार कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मानसून वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा (बाढ़ व ओलावृष्टि) से राहत एवं बचाव के लिये जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में बाढ़,अतिवृष्टि तथा आंधी-तूफान से हुई क्षति की जानकारी एवं तत्काल राहत व्यवस्था कार्य हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगाई गयी है। जिसके अन्तर्गत कर्मचारियों श्री हर्षित गौतम, श्री सन्ना राम कुंजाम, श्री चन्द्र गुप्त, श्री नीलेश्वर कुमार ध्रुव, श्री दाऊ कल्याण सिंह, श्री विक्रम सिन्हा, श्री बसन्त यदु, श्री राम जी नाग तथा श्री अनिल कवासी की रोस्टर अनुसार दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त कर्मचारी उल्लेखित समयावधि में जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक 137 में उपस्थित रहेंगे। और कार्यवधि में दूरभाष से प्राप्त होने वाली जानकारी एवं सूचना तत्काल संबंधित विभाग, संबंधित अधिकारियों को देंगे। कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।

युवा आईटी सेक्टर रायपुर में मनवा रहा अपना लोहा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित।

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाएँ व राज्य आपदा मोचन बल द्वारा हैक्शेड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री मोहित सोनी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बता दे कि यह सम्मान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आई.पी.एस. अजात शत्रुबहादुर सिंह द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान फायर एनओसी विभाग हेतु विकसित की गई वेबसाइट, सॉफ्टवेयर एवं आई.टी. सेवाओं में हैकशेड टेक्नोलॉजीज

की उत्कृष्ट सेवा तकनीकी गुणवत्ता, समयबद्ध डिलीवरी और भरोसेमंद सहयोग के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर श्री मोहित सोनी ने कहाः- यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमें छत्तीसगढ़ सरकार के एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग को डिजिटल रूप से सशक्त बनानेका अवसर प्रदान किया। हैकशेड टेक्नोलॉजीज सदैव यही प्रयास करता रहेगा कि हम नवीनतम तकनीकों द्वाराप्रशासनिक कार्यों को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बना सकें। हैकशेड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. रायपुर आधारित एक अग्रणी आई.टी. कंपनी है, जो वेबसाइट डेवलपमेंट, कस्टम सॉफ्टवेयरसॉल्यूशन्स, ई-गवर्नेंस समाधान और डिजिटल सेवाओं में विशेषज्ञता रखती है।

शेष खबरो के लिए

कल दुर्ग में दीक्षा लेंगे 13 ...

बचपन से ही धार्मिकता में रमे रहने वाले इस बच्चे ने खुद में जैनत्व के प्रति आस्था का अथाह सागर समेटने की ललक के साथ अब वैराग्य की कठिन राह पर चलने की तैयारी कर ली है।

दीक्षा लेने के बाद पांच व्रतों का करेंगे पालन

- अहिंसा : किसी भी जीवित प्राणी को अपने तन, मन या वचन से हानि न पहुंचाना

- सत्य : हमेशा सच बोलना और सच का ही साथ देना

- अस्तेय : किसी दूसरे के सामान पर बुरी नजर ना डालना और लालच से दूर रहना

- ब्रह्मचर्य : अपनी सभी इन्द्रियों पर काबू करना और किसी से साथ भी संबंध ना बनाना

- अपरिग्रह : जितनी जरूरत है उतना ही अपने पास रखना, जरूरत से ज्यादा संचित ना करना

- दीक्षा के बाद ऐसा होगा डुग्गू का जीवन

दीक्षा लेने के बाद डुग्गू पूरी तरह से सन्यासी जीवन में डूब जाएंगे। दरअसल, दीक्षा लेने के बाद सन्यासी जीवन में पदार्पण करते हुए जैन साधु और साध्वियों का जीवन बहुत संतुलित और अनुशासित हो जाता है। सूर्यास्त के बाद जैन साधु और साध्वियां पानी की एक बूंद और अन्न का एक दाना भी नहीं खाते हैं। सूर्योदय होने के बाद भी करीब 48 मिनट का इंतजार करते हैं। उसके बाद ही पानी पीते हैं। जैन साधु-साध्वियां अपने लिए कभी भोजन नहीं पकाते हैं। ना ही उनके लिए आश्रम में कोई भोजन बनाता है। ये लोग घर-घर जाकर भोजन के लिए भिक्षा मांगते हैं। इस प्रथा को 'गोचरी' कहा जाता है। जैन मुनि किसी भी प्रकार की गाड़ी या यात्रा के साधन का प्रयोग नहीं करते हैं। जितना हो सके, पैदल ही चलते हैं और लंबी दूरियां भी चलकर पूरी करने में विश्वास रखते हैं। किसी भी एक स्थान पर अधिक दिनों तक रुकते। बारिश के मौसम के 4 महीने छोड़कर पूरे साल यात्रा ही करते हैं। वे नंगे पैर पैदल चलते हैं। उनका जीवन पूरी तरह से ध्यान और धर्म के प्रति समर्पित हो जाता है।

यह करिश्मा ही ...

8 बजे से दीक्षा विधि प्रारंभ होगी।

... और इधर सीजेएम ने ...

सहित सहर्ष सहमति दी। दोनों परिवारों ने विवाह की वैदिक विधियों, मंत्रोच्चारण और सामाजिक संदेश से परिपूर्ण इस आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। शांतिकुंज अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी, व्यवस्थापक श्री योगेन्द्र गिरि जी, श्री श्यामबिहारी दुबे आदि ने नवदंपती को वैदिक आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की।

जब संकल्प पवित्र हो और विचार संस्कारी हो तो विवाह जैसे सामाजिक संस्कार को भी एक समाज-सुधार आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। यह आयोजन समस्त समाज के लिए एक प्रेरणा है कि साधारण और सादगीपूर्ण जीवन में भी पूर्ण गरिमा और आध्यात्मिक ऊर्जा संभव है। यह विवाह न केवल एक व्यक्तिगत जीवन की नई शुरुआत है, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक उदाहरण है कि भारतीय संस्कृति में वैदिक परंपरा के अनुसार बिना दिखावे और दहेज के भी विवाह पवित्रता व गरिमा से सम्पन्न हो सकता है। उधर नामकरण, मुण्डन, यज्ञोपवीत, श्राद्ध आदि संस्कार भी बड़ी संख्या में निःशुल्क सम्पन्न कराये गये।

धान, कपास समेत...

बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की बात कही गई है।

किसानों के लिए ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी दी

सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

सिक्किम, बंगाल, बिहार, ...

विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में दोपहर करीब 2.15 बजे अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। शाम को प्रधानमंत्री बिहार जाएंगे और शाम लगभग 5:45 बजे पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

मप्र के मंत्री विजय शाह ....

पुलिस द्वारा प्रस्तुत स्थिति रिपोर्ट पर गौर किया, जिसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई थी। 21 मई को जांच शुरू हुई थी। एसआईटी रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिक दस्तावेज एकत्र किए गए हैं। गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद ...

हमलों को रोकना है। सीआरपीएफ की 1000 मीटर की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं फटकने देगी।

जम्मू-कश्मीर, गुजरात...

कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने हद पार कर दी और अगले चार दिनों तक पश्चिमी मोर्चे पर ड्रोन और मिसाइल हमले की कोशिश की। पाकिस्तान ने आबादी वाले इलाकों, स्कूल और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। हालांकि, भारत के सशस्त्र बलों ने उसके हर नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया था।

मॉक ड्रील में ...

में आपको क्या करना है और अपने आस-पास के लोगों की कैसे मदद करनी है। इस दौरान लोगों को घबराहट से बचाना और प्राथमिक चिकित्सा भी देना शामिल है।

ब्लैकआउट- इसमें देश में अचानक बिजली कटने के बाद की स्थिति के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं हवाई हमले के दौरान बिजली से चलने वाले कई उपकरण बंद कर दिए जाएंगे, जिससे दुश्मन के हवाई हमले से बचने में अहम मदद मिलेगी।

मांदरी गांव में उतरा मुख्यमंत्री...

विधायक, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सुशासन तिहार में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के तहत कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को आवास मिलेगा, 'आवास प्लस' में जिनका नाम है, उन्हें भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को 'महतारी वंदन योजना' की राशि सीधे उनके खातों में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला गया है। जो लाभार्थी अभी वंचित हैं, उन्हें भी जोड़ा जाएगा।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर बीजापुर यातायात पुलिस हुई सख्त

■ वसूले 7 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना

बीजापुर/ नवप्रदेश। बीजापुर यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान, जिले भर में 21 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 7 हजार 8 सौ रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया।

यह विशेष जांच अभियान जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर चलाया गया। इस दौरान, मुख्य रूप से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, वाहनों में अवैध रूप से हूटर या एलईडी लाइट का उपयोग, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना, ओवरलोडिंग और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने जैसे उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई।यह पूरी कार्रवाई बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवार्ना और यातायात नोडल अधिकारी विनीत साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी उप पुलिस निरीक्षक केशव ठाकुर ने किया।

सड़क सुरक्षा है मुख्य उद्देश्य

जिला पुलिस बीजापुर का जोर केवल चालानी कार्रवाई पर नहीं है, बल्कि आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों को महत्वपूर्ण नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है:

इन नियमों का करे पालन

- वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
- शराब पीकर वाहन न चलाएं।
- बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं।
- नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें।
- मालवाहक वाहनों में यात्रियों को न ढोएं।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से बचें।
- यातायात संकेतों और नियमों का कड़ाई से पालन करें।
- जिला पुलिस बीजापुर ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।
- पुलिस का संदेश स्पष्ट है: सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा केवलएक नारा नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

न्यूज गैलरी

अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस 31 को

नारायणपुर/नवप्रदेश।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मई दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानो, स्वास्थ्य संस्था इत्यादि स्थानों में मई से अगस्त तक तंबाकू निषेध कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा।

निष्प्रयोजन सामग्रियों की होगी नीलामी

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कार्यालय नारायणपुर में निष्प्रयोजन सामग्रियों की नीलामी 09 जून दिन सोमवार को 12 बजे किया जाना है। अधिक जानकारी के लिए नगर सेना कार्यालय पहुंचकर निष्प्रयोजित सामानों का अवलोकन कर सकते है।

ग्राम मोहंदी बना राज्य का पहला नगद भुगतान वाला गांव

नारायणपुर/नवप्रदेश। मनरेगा अभिसरण योजना से स्वीकृत खेल मैदान निर्माण कार्य में कार्य किए हुए 13 श्रमिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार सोप के प्रावधानों का पालन करते हुए एक सप्ताह का 18 हजार 954 रूपये का नगद भुगतान किया गया, जो कि नियद नेल्लानार योजनांतर्गत नगद भुगतान करने वाला ग्राम पंचायत कुंदला के आश्रित ग्राम मोहंदी राज्य का नगद भुगतान करने वाला पहला गांव बना। इस भुगतान प्रक्रिया में सरपंच, पंच, समाज प्रमुख, शिक्षक, श्रमिक, रोजगार सहायक, सचिव, तकनीकी सहायक, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी, एपीओ मनरेगा भी उपस्थित थे। नगद भुगतान प्राप्त कर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्राम पंचायत में आज ही बैठक का आयोजन कर बाकी पारा मोहल्ला में नए कार्य शुरू करने की सहमति ग्रामीणों के बीच बनी। तालाब निर्माण, डबरी निर्माण और भूमि सुधार के नए कार्य शुरू करने की सहमति बनी और नगद भुगतान होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आमंत्रण

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, पॉलीटेक्निक एवं आई.टी.आई.आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है, कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ी httpÑ//&scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक एवं सेंसन ऑडर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा रु. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रु.1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्य क्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम निर्धारित किया गया है। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने सक्रीय एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय सुनिश्चित करेंगे। वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से ओटीआर प्राप्त करना आवश्यक है। विद्यार्थी अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

आजीविका प्राप्त कर रहे राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीगसढ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान नारायणपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धौडाई में महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं उनके परिवार सदस्यों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य जिले अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में राजमिस्त्री की आ रही कमी को दुर करना है। प्रशिक्षण हेतु ग्राम पंचायत धौडाई एवं निकटतम ग्राम से महिला स्व-सहायता समूह से जुडे हुए इच्छुक 35 सदस्यों को चयन किया गया। प्रशिक्षण दिनॉक 07.05.2025 से प्रारंभ किया गया जो कि एक माह तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को ग्राम पंचायत धौडाई अंतर्गत स्वीकृत आवास में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्य करते हुए आवास निर्माण कार्य भी संपादित कराया जा रहा है ,जिससे प्रशिक्षणार्थीयों की कार्य कुशलता सुदृंण हो सके।

29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार राज्य में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कृषि विभाग के द्वारा सभी विकासखण्डों में इस अभियान का संचालन किया जाना है।

दिवंगत गुरुजनों और सहपाठियों को मौन धारण व श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया

सन 2000 बैच के 12 वीं के विद्यार्थियों ने 25 वर्षो बाद एक मंच पर मिलकर किया मिलन समारोह का भव्य आयोजन

किरंदुल/नवप्रदेश। । लौह नगरी किरंदुल की मंगल भवन में शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर किरंदुल के सन 2000 बैच के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम किया गया...

शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया ऐसा अनूठा कार्यक्रम किरंदुल क्षेत्र में पहली बार हुआ है।

इस कार्यक्रम मे कुल 35 विद्यार्थियों के साथ साथ उनके परिवार वाले भी सम्मलित हुए ।

मिलन समारोह के कार्यक्रम हेतु छात्र छात्राएं दूर दूर से मंगल भवन किरंदुल में एकत्रित हुए

25 वर्ष बाद एक दूसरे से मिलने की खुशी देखते ही बन रही थी।

मिलन समारोह के इस कार्यक्रम में तत्कालीन समय में बारहवीं कक्षा में पढ़ाये गये सभी गुरुजनों को विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई इसके पश्चात दिवंगत गुरुजनों और सहपाठियों को श्रद्धांजलि स्वरूप मौन धारण करने के पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा सभी गुरुजनो का पुष्प गुच्छो से स्वागत किया गया, सभी गुरुजनों को श्रीफल और शॉल भेंट दी गयी इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा अपने गुरुजनों को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट दिया गया।

मिलान समारोह के इस कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओ ने 25 वर्ष पूर्व और वर्तमान समय का अनुभव एक दूसरे से साझा किया।कार्यकम में अनुभव साझा करने के दौरान छात्र छात्राओ के आँखों से खुशी के आँसू झलक रहे थे।

छात्राओं के साथ साथ गुरुजनों के आंखे भी नम हो रही थी।

यह अत्यंत ही अविस्मरणीय पल रहा।

जहां इस कार्यक्रम की परिकल्पना छात्र राजेश कुमार बेहेरा ने की थी तो इसे पूर्ण करने के जिम्मेदारी धर्मेंद्र साहू, अभिक रॉय, पुलोक देवनाथ, सुरेश कश्यप छात्रों ने ली, जिसे बैलाडीला क्षेत्र में निवासरत छात्र आर. गणपति, सुखवीर सिंग, दक्षण ठाकुर, ठाकुर राम, बलराम ठाकुर, सुनील कुमार, ओम रावटे, मलीना, संतोषी, बबिता, आदि सभी विद्यार्थियों द्वारा मिलकर कार्य को साकार किया । सभी छात्र छात्राओं के लगन और सामूहिक प्रयास से मिलन समारोह कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन किया गया।

डीजे ने किया डिजिटाइजेशन सेंटर का उद्घाटन

कांकेर /नवप्रदेश। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रमुख न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में आज उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में फास्टर सेल एवं 5 जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, उत्तर बस्तर कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में डिजिटाइजेशन सेंटर का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कम्प्यूटराईजेशन कमेटी के चेयर मेन श्री नरेंद्र कुमार व्यास, उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश एन. के.चन्द्रवंशी राकेश मोहन पाण्डेय रविन्द्र अग्रवाल एवं विभुदत्त गुरू उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीपति ने अपने उदबोधन में कहा कि न्यायालयों के आधुनिकीकरण एवं कम्प्यूटराईजेशन द्वारा फाइलों के बोझ से अधिवक्तागण, न्यायाधीशगण एवं कर्मचारियों को राहत मिलेगा।साथ ही प्रकरणों से संबंधित दस्तावेजों को त्वरित प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होगी।जिससे न्यायालयीन कार्यवाहियां का शीघ्र निष्पादन सहायता मिलेगा। इस अवसर पर धमतरी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने भी उद्बोधन किया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा मुख्य न्यायाधीपति का आभार प्रकट किया गया

सेंट्रल लायब्रेरी का राज्यपाल ने किया निरीक्षण

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कांकेर जिला प्रवास के दौरान पुराने कचहरी के समीप स्थापित किए गए नवीन सेंट्रल लायब्रेरी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने लायब्रेरी में पहुंचे विद्यार्थियों से चर्चा की तथा उनकी भावी कार्ययोजना के बारे में पूछा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए किताबों से सदैव मित्रता रखने की नसीहत दी। इस दौरान राज्यपाल ने लायब्रेरी की आगंतुक पंजी में अपना नाम दर्ज किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय (एडीसी)निशांत कुमार कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी भी उपस्थित थे।

गर्भवती महिलाओं के चिन्हाकन के लिए हुई एक दिवसीय कार्यशाला

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। । कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में आज दिनांक 27 मई 2025 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण ,कार्यशाला का आयोजन पर जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में किया गया था। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षक (मितानिन कार्यक्रम)प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण, कार्यशाला में अभियान के लिए राज्य स्तर से जारी विभिन्न निर्देशों एवं उच्च जोखिम वाली माताओं हेतु जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्य व दायित्वों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले में पंजीकृत समस्त गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण गर्भवती जाँच सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु, एनीमिया वाली माताओं को गंभीर एनीमिया मे जाने से रोकने हेतु, समस्त उच्च जोखिम वाली माताओं की विशेष जांच, उपचार, सोनोग्राफी, उनके प्रसव स्थान का पूर्व निर्धारण, फॉलोअप,के साथ सामान्य गर्भवती के उच्च जोखिम वाली गर्भवती में परिवर्तित होने को रोके जाने, लक्ष्य दंपत्ति स्तर से प्रयास किये जाने, समय पर गर्भवती पंजीयन किये जाने, उच्च जोखिम वाली माताओ का फॉलोअप कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने, के साथ शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु एच बी एन सी सेवाएं बढ़ाने, आवश्यक रक्त शर्करा मलेरिया वी डी आर एल, एच आई वी, हेपेटाइटिस, सिकलिंग, मूत्र मे एल्बमिन शर्करा, वजन ऊंचाई, ब्लड प्रेशर इत्यादि परीक्षण, गंभीर एनीमिया के लिए माताओं को नियमित आयरन सुक्रोस हेतु व अन्य बीमारियों हेतु उपचार के फॉलो उप किये जाने, आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाने, माताओ के पोषण स्तर की मॉनिटरिंग हेतु संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का किया भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा...

कांकेर / नवप्रदेश। छग के राज्यपाल ने जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज कांकेर के सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेरिज्म एंड जंगलवार फेयर' महाविद्यालय में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी ली। इस दौरान जवानों के अभ्यास का लाइव डेमो देखा और उनका उत्साहवर्धन किया।जंगलवार फेयर कॉलेज में पीपीटी के माध्यम से जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। राज्यपाल ने इसके बाद महाविद्यालय में स्थित म्यूजियम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख माओवादी घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके अलावा राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षार्थियों के द्वारा अभ्यास का डेमो देखा।राज्यपाल को जंगलवार महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, एडीसी श्री निशांत कुमार, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आई. के. एलेसेला सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारीगण उपस्थित थे।

आवासपूर्णता प्रगति सभाएं आयोजित

नारायणपुर / नवप्रदेश। प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत विकासखंड नारायणपुर में कुल 8007 आवास स्वीकृत है। योजना का प्रचार प्रसार, हितग्राही उन्नमुखीकरण, आवास निर्माण में प्रगति कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करवाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतो में 22 से 30 मई तक नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रगति सभा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। प्रगति सभा मे वर्षा ऋतू के पूर्व कार्य स्थल में सामग्री रेत, ईट की उपलब्धता, उचित दर पर समूह में सामग्री क्रय, राजमिस्त्री की उपबधता, नवीन राजमिस्त्री जोड़े हेतु, निर्धारित माप में आवास निर्माण, बरसात के पूर्व सभी आवासों का कार्य प्रारम्भ करने, सेंट्रिंग सामग्री की उपलब्धता हेतु कार्य योजना के बारे में हितग्राहियों चर्चा कर समय सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु कहा गया है।

राज्यपाल ने गौशाला का किया लोकार्पण

कांकेर /नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कांकेर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गौशाला का लोकार्पण किया और महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आए स्व-सहायता समूह के महिलाओं ने अपने समूह के कार्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अच्छा कार्य कर रही हैं। इसी तरह मेहनत से कार्य करें और आगे बढ़ें। उन्होंने बकरी पालन को लाभकारी बताते हुए इस कार्य को बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

निर्देश... ग्राम हिकुल और जाटलूर में आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला शीघ्र प्रारंभ करने दिये निर्देश

समय सीमा में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ हाट बाजार क्लिनिक को जिले के पहुंचविहीन बाजारों में शिविर लगाकर ग्रामीणो की उपचार करें

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत किया गया। उन्होंने बैठक में शिविर में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने, समाधान शिविरों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराने तथा शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही आश्रम छात्रावास और स्कूल भवनों को मरम्मत, रंगाई पोताई एवं आंगनबाड़ी निर्माणाधीन भवनों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम हिकुल और जाटलूर में आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला शीघ्र प्रारंभ करने तथा हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से जिले के पहुंचविहीन बाजारों में शिविर लगाकर ग्रामीणो का मौसमी बीमारियों से रोकथाम के लिए दवाईयां वितरण करने और स्कूल खुलने के पूर्व नोडल अधिकारियों को आश्रम छात्रावासों का निरीक्षण करने निर्देशित किया।कलेक्टर ममगाई ने स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हांकित ग्रामों मे पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों को जल्द निराकरण कराने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पोर्टल में ग्राम प्रधान का नाम एवं मोबाईल नंबर संशोधन करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आदेर में मरम्मत कार्य, वन अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने, धारणाधिकार भूमिस्वामी कृषि भूमि का नामांतरण, परिवर्तित लगान देने, बालक आश्रम भवन धुरबेड़ा का मरम्मत करने, ग्राम गुमरका में बंद बालक आश्रम को पुनः संचालित करने, नियद नेल्लानार योजना में शामिल मसपुर के विकास कार्यों में आ रही बाधा को दूर करने, पंचायत के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने, शासकीय योजनाओं के तहत् पहुंचविहीन ग्रामों में मूलभूत सुविधा, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, जल शक्ति अभियान कैच द रैन के प्रभावी क्रियान्वयन, सीएसआर कार्य हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र पदान करने तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत नवीन स्थापित शालाओं की विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

आंगनबाड़ी सहायिका पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा। एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर से प्राप्त जानकारी अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर अन्तर्गत के ग्राम पंचायत कोरकोटी के आंगनबाड़ी केन्द्र कोरकोटी केशकूटपारा, तथा ग्राम पंचायत तुमरीगुण्डा के तुमरीगुण्डा दबिनगुण्डा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु संबंधित पंचायत से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 28 मई से 11 जून 2025 तक कार्यालयीन समय 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये गए है।

नेहरू जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंडित नेहरू जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा पंडित नेहरू अपने जीवन के बहुमूल्य 9 साल जेल में अंग्रेजों के जुल्म सहते हुए बिताए, परंतु कभी अंग्रेजों से माफी मांग कर जेल से बाहर नहीं आए और देश के लिए अपनी कुल संपत्ति के 98% उस समय के 196 करोड़ और अभी वर्तमान में लगभग 49000 करोड़ देश के विकास और निर्माण के लिए दान की थी।

डॉक्टर रश्मि ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पद पर उंगली उठाते हैं वह खुद अपने आप के गिरेबान में झांक कर देखें की पंडित नेहरू जी को गाली देना आज के भाजपा नेताओं के लिए बहुत आसान है परंतु उन जैसा बनना नामुमकिन है जिन्होंने आजादी के पूर्व आजादी के पश्चात सिर्फ भारत को मजबूत करने का सपना देखा आज भारत जिस स्थिति में है उसका नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। आज जो बड़े-बड़े बांध सिंचाई के लिए बने हैं बड़े-बड़े वैज्ञानिक विश्व विख्यात इंजीनियर डॉक्टर जिसके विदेशो में डंका बजती हैं उस व्यक्ति को उस लायक बनाने का कार्य जो संस्था ने की है वो सब पंडित नेहरू के द्वारा निर्मित संस्थानों के द्वारा ही संभव हो पाया है।

जवाहरलाल नेहरू के बनाए आईआईटी एम्स भारत के नवरत्न उद्योग कंपनी का निर्माण करने वाले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ही थे जिनके कारण भारत आज विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित हो पाया है वो पंडित नेहरू ही थे जिन्होंने 1952 में संविधान निर्माण करने करवाने का निर्णय लिया जिसमें डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारत को लिखित सबसे बड़ा संविधान प्रदान किया।

आज भारत का नाम विश्व में जिस अदब से लिया जाता है उसका कारण है नेहरू द्वारा मजबूत नींव स्थापित करना। पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, अमन चंद्राकर अध्यक्ष युवक कांग्रेस जिला, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री पिछड़ा वर्ग,भारत ठाकुर अधिवक्ता, ब्रिजेन बंजारे पूर्व सरपंच, ईशा टंडन, वरिष्ठ कांग्रेसी दीपक सिन्हा, मिंदर चावला, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, सत्री महानंद, आकाश निषाद,भानु सोनी, दुर्गेश कन्नौजे, सुशील कुमार जोशी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

न्याय यात्रा में शामिल हुए कुंजाम

नगरी/नवप्रदेश। न्याय यात्रा किरन्दुल से लेकर दंतेवाड़ा तक जिसकी अगुवाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कर रहे हैं। जो 4 दिनो तक 40किलोमीटर चलकर दंतेवाड़ा पहुँचेगी। जिसके दूसरे दिन सिहावा विधानसभा के युवा नेता प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य के साथ सरपंच मुकेश कुंजाम,निल कुमार कोड़ोपी, अमृत नाग, nsui अध्यक्ष अरविंद यादव एवं हितेंद्र कुंजाम न्याय यात्रा में शामिल हुए। प्रमोद कुंजाम ने बताया न्याय यात्रा किरन्दुल से चलकर दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट घेराव के साथ इसका समापन 29 मई को होगा।यह यात्रा बस्तर के हक अधिकार के लिए, जल,जंगल ,जमीन और खनिज संसाधनों को बचाने के लिए है। जहाँ हजारों की संख्या में जनसमर्थन मिल रहा है।

न्यूज गैलरी

सड़क सुरक्षा टीम ने दुर्घटना स्थल का लिया जायजा

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना अंर्तगत कोडार के पास 24 मई को नेशनल हाईवे 53 पर बिना संकेतक साइड लाइन के अंदर खड़े हाइवा में कार घुस जाने से तीन मौत हुई थी। इसके बाद सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा टीम ने सड़क दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और नेशनल हाईवे पर यातायात नियमों का पालन कराने व दुर्घटना रोकने के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात नरहरपुर (कांकेर) में एसबीआई बैंक में मैनेजर के पद पर पदस्थ चंदन अभिषेक (42), उनकी पत्नी, एक बच्चा, माता-पिता, चालक के साथ अपनी कार क्रमांक आरजे 09 सीडी 1008 से झारखंड बोकारो से रायपुर जा रहे थे। रात करीब एक बजे राष्ट्रीय नेशनल हाईवे 53 पर कोडार के पास खड़े हाइवा क्रमांक सीजी 13 बीडी 7222 के पीछे उनकी कार जा घुसी। हादसे में चंदन के पिता अवध किशोर पाण्डेय (69), माता चित्रलेखा पाण्डेय (65) व चालक ईश्वर ध्रुव (34) की मौके पर ही मौत हो गई। चंदन और उनकी पत्नी खुशबू कुमारी और 6 वर्ष का बेटा ध्रुव अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस गंभीर हादसे के बाद सोमवार को राज्य लीड एजेंसी के अध्यक्ष संजय शर्मा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात पुलिस मुख्यालय रायपुर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेट्रो रिफ्लेक्टर स्ट्रिप लगाने, साइड लाइन मार्किंग, आवश्यक यातायात संकेत लगाने व पेट्रोलिंग वाहन से लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए। कार में फंसे लोगों को निकालने में मदद करने वाले कोडार निवासी यशवंत ध्रुव को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त टीम में परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक यातायात घनेंद्र ध्रुव और थाना तुमगांव से विवेचक मोहम्मद आबिद खान, थाना स्टाफ व यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

देश के विकास में नेहरू जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के दमदार और शानदार रहनुमा रहे पं. नेहरू : इंद्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दिल से याद किया गया,इस दौरान उनके कार्यों की विधायक इंद्र साव ने प्रशंसा करते हुए उन्हें भारत के निर्माता और देश के दमदार और उदारवादी नेता की संज्ञा देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। विधायक इंद्र साव ने कहा कि पंडित नेहरू ने छह दशक पूर्व देश के लिए जो कर दिखाया,वो आज का प्रधानमंत्री सोच भी नहीं सकता। पंडित नेहरू जी का सोचने,समझने और काम करने का तरीका शानदार था। वो जनता को सुनाने से अधिक जनता की सुनना पसंद करते थें और यही कारण है कि आज भी देशवासियों के भीतर वो धड़कते हैं। प्रगति, सद्भाव और मोहब्बत में विश्वास रखने वाले देशवासी नेहरू जी को कभी नहीं भूल सकते। विधायक साव ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने भारत को विज्ञान,तकनीक और तर्कशीलता का हथियार दिया। सुपर कंप्यूटर, आईआईटी, आईआईएम,एम्स, इसरो, सरकारी कंपनियां, बांध और बिजलीघरों का खाका खींचकर पूरी दुनिया को आश्चर्य चकित कर दिया,जो आज दुनिया के सबसे अच्छे इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजर नेहरू के इन्हीं संस्थानों से निकलकर पूरी दुनिया में प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। नेहरू जी बेहद उदारवादी विचारधारा के थे, वो आज की तरह किसी भी कीमत पर सत्ता पाने के पक्षधर नहीं थे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, चंद्रशेखर चक्रधारी, गेन्दू साव, वैभव केसरवानी, नानू सोनी, राजेंद्र वर्मा, मनमोहन कुर्रे, नितिन शुक्ला, मोहन निषाद, विमल शर्मा, एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान आस्था का प्रमुख केंद्र : विधायक इंद्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मन की चेतना को स्थिर कर साक्षात् भगवान के दर्शन कराने वाला संस्थान है, यहां पर आने के बाद मोह माया,तेरा मेरा जैसे विचार नहीं आते,,उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु मेरी प्राथमिकताएं विषय पर भाग्य विधाता भवन में उपस्थित लोगों को विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित करते हुए कही ।विधायक साव ने कहा कि शतप्रतिशत स्वछता एक बडी चुनौती है सरकार योजनाए बनाती है उसे धरातल पर अमल मे लाने हम सब का पहला दायित्व है,बिना भेदभाव के नगर के विकास और सौंदर्यता को बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की सहभागिता पर निर्भर है । जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए हम सब को धरातल पर देखने की आवश्यकता है, सरकारे आते जाते रहती और अधिकारी भी बदलते रहते है लेकिन हम सब यही रह जाते है हमें शहर विकास और नगर के सौंदर्यीकरण के लिए राजनीति का चश्मा हटाने की सख्त आवश्यकता है,ताकि हम अपने शहर के विकास की गाथा बुन सके।

अहिल्याबाई की स्मृति में संगोष्ठी

कुरुद/नवप्रदेश। भारतीय इतिहास की महान शासिका और नारी शक्ति की प्रतीक पुण्यश्लोक वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की पुण्य स्मृति में कुरुद के भाजपा कार्यालय में एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीमती रंजना दीपेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर और भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री कृषकांत साहू ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। संगोष्ठी में अहिल्याबाई के सेवा, धर्म और शासन के आदर्शों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।श्रीमती रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में कहा, प्रजा को सुखी करना मेरा धर्म है—यह अहिल्याबाई होलकर का जीवन मंत्र था। उन्होंने सत्ता को सेवा का साधन बनाया और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए काशी विश्वनाथ, सोमनाथ जैसे मंदिरों व धर्मशालाओं, कुओं और सरायों का निर्माण कराया। उनका योगदान हिमालय से दक्षिण भारत तक फैला हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने भावपूर्ण वक्तव्य में कहा,÷अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग, नेतृत्व और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने सिद्ध किया कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति की भी रक्षक हो सकती है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर मैं समझती हूँ कि राजनीति सत्ता नहीं, समर्पण और सेवा का माध्यम होनी चाहिए।÷भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री कृषकांत साहू ने भी अपने विचार रखते हुए कहा, अहिल्याबाई होलकर का जीवन नारी शक्ति और समाज कल्याण का अनुपम उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाकर हम उनके दिखाए मार्ग पर चल सकते हैं।

बीज और खाद की गुणवत्ता जांचने लिया जा रहा सैंपल

महासमुंद/नवप्रदेश। कृषि विभाग खरीफ सीजन के पहले बीज और खाद की गुणवत्ता जांचने सैंपल कलेक्ट किए जा रहे हैं। विभाग ने जिलेभर की खाद्य दुकानों में दबिश देकर सैंपल लेने का कार्य शुरू कर दिया है। इस बार विभाग को बीजों के 245 सैंपल और खाद के 228 का लक्ष्य मिला है। अब तक बीजों के लगभग 165 और खाद के 48 सैंपल लिया गया है। जांच के लिये सैंपलों को प्रयोगशाला भेजा जा चुका है। किसानों को मानक स्तर के बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिये विभाग द्वारा हर साल बीज और खाद का सैंपल परीक्षण कराया जाता है। सैंपलों को लाभांडी रायपुर के प्रयोगशाला में भेजा गया है। खाद व बीजों की सैंपलिंग 15 अप्रैल से शुरू हो गई है जो जुलाई तक चलेगी। बीज के सैंपल की रिपोर्ट आने में लगभग 7-10 दिन और खाद के सैंपल की रिपोर्ट आने में लगभग 10-15 दिन लगते हैं। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। कृषि विभाग के एडीओ और सैंपल इंस्पेक्टर मनोज पटेल ने बताया कि खाद व बीजों की सैंपलिंग का कार्य चल रहा है। अभी तक 103 सैंपलों की रिपोर्ट मिल गई है। सभी बीज के सैंपल मानक पाए गए हैं। शेष 62 की रिपोर्ट जल्द ही मिल जाएगी। खाद के लिए 228 सैंपलों का लक्ष्य मिला है। अब तक 48 खाद का सैंपल प्रयोगशाला भेजा जा चुका है, जिसमें से 43 की रिपोर्ट आई है। सभी मानक स्तर के हैं। शेष 5 खाद सैंपल की रिपोर्ट आनी बाकी है। पटेल ने बताया कि खाद और बीज अमानक होने पर फसलों पर असर पड़ता है। किसानों की फसल प्रभावित होती है। इससे किसानों को नुकसान होता है। इस कारण किसानों को प्रमाणित बीज लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रमाणित बीज की बोआई करने से उत्पादन अच्छा होता है।

युक्तियुक्तकरण से वनांचल इलाके के बच्चे शिक्षा से हो जाएंगे वंचित : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार की शराब नीति की कड़ी आलोचना की है। चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने और निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने की साजिश सरकार रच रही है। पूरे प्रदेश में शराब की नई दुकानें खोलकर प्रदेश के बच्चों, किशोर, युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का काम भी किया जा रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के वनांचल क्षेत्रों के छोटे-छोटे गांवों की आबादी बहुत कम होती है। उन ग्रामों के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या कम रहती है। महासमुंद जिला और गरियाबंद जिले में कई ग्राम ऐसे हैं, जो घने जंगलों के बीच बसे है। इन गांवों में प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। दर्ज संख्या गांव की आबादी के हिसाब से बहुत कम है।

युक्तियुक्तकरण के क्राइटेरिया के तहत इन स्कूलों को बंद किया जा सकता है। ऐसे में वनांचल क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। पहली से पाँचवीं तक के बच्चों की उम्र 6 से 11 वर्ष के बीच होती है। इतने छोटे बच्चों को गांव से 3-4 किमी दूर जंगलों से गुजरकर दूसरे गांवों में भेजना खतरनाक हो सकता है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि स्कूलों को बंद कर नई शराब दुकानें खोलने का परिणाम भयावह हो सकता है। विपक्ष में रहते भाजपा ने शराब के दुष्परिणाम बताते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर पूरे 5 साल शराब विरोधी आंदोलन का दिखावा किया। अब भाजपा की सरकार बनते ही शराबबंदी तो दूर सैकड़ों नई शराब दुकानें खोलकर खुलेआम शराबखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा की सरकार बच्चों को बुनियादी शिक्षा देने के बजाय उन्हें शराब की आदी बनाने का काम कर रही है।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके, इसीलिए निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही प्रदेश के 5484 स्कूल ऐसे हैं, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे हैं। 297 स्कूल पूरी तरह से शिक्षकविहीन है। चंद्राकर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से भाजपा की सरकार है, इस दौरान एक भी पद पर नियमित शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई। विधानसभा में 33 हजार शिक्षक के पदों पर भर्ती की घोषणा करने के बाद पूरी प्रक्रिया दुर्भावनापूर्वक रोक दी गई।

बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 2 से

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 2 से 8 जून तक स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित किया गया है। शिविर सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। कक्षा 6 वीं से 12 वीं के विद्यार्थी समर कैंप का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि शिविर में जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक उपहार बच्चों को दिए जाएंगे।

अश्वनी शर्मा ब्रह्माकुमारी संस्था के सम्मान समारोह में शामिल हुए

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। यह आयोजन ÷नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु मेरी प्राथमिकताएं÷ विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें नगर के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में राजयोग, आध्यात्मिक अनुभूति, स्वल्पाहार और सारगर्भित उद्बोधन के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "नगर की सफाई केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संकल्प है जिसे हम सभी को मिलकर निभाना होगा। राजयोग की शांति और स्वच्छता की शक्ति, समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम है।" उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों ब्रह्माकुमारी संस्था सहित संपूर्ण टीम का आभार व्यक्त किया और ऐसे आयोजनों को समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

परसतराई में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुई अंगिरा ध्रुव

धमतरी/नवप्रदेश। सुशासन तिहार समाधान शिविर 2025 में आयोजीत शिविर संवाद से समाधान कार्यक्रम मे श्रीमती अंगीरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्री केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्रीमती धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य ,सभापति श्री अग्रवाल साहू , श्री कीर्तन मिनपाल जनपद सदस्य, श्री कैलाश देवांगन, श्रीमती दिनेश्वरी साहू श्रीमती सत्याप्रभा साहू ,श्रीमती देहुती साहू ,सभापति दिलीप सेन ,श्रीमती संत कुमारी साहू भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल , जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर , एस डी एम सर सभी एवं सभी जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी गण उपस्थित हुए। ग्राम परसतराई कलस्टर के छः ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित रहे। कलस्टर के ग्राम पंचायत में मुजगहन पोटियाडीही, रत्नाबंधा , परसतराई, खरतुली , लोहरसी, इन छ पंचायत थे। समाधान शिविर में प्रमुख विभाग द्वारा प्रमुख मांग एवं शिकायत की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जिसमें हितग्राहियों को जॉब कार्ड , हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी गई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई , अन्नप्रासन , कुपोषण कीट वितरण किया गया । कृषि विभाग द्वारा सब्जी किट दिया गया शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को गणवेश वितरण किया गया । और भनपुरी के सरपंच को टी बी मुक्त गांव होने के कारण सम्मान दिया गया ।

चोरी के आरोपी सामान समेत गिरफ्तार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में ग्राम डुरूमगढ़ में रात्रि में प्रार्थी शांतिलाल साहू के मकान में घुसकर चोरी को अंजाम देने वाले आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। मागले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शांति लाल साहू पिता रधई साहू उम्र 40 वर्ष साकिन डुरूमगढ़ का दिनांक 01.04.2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने खाता से कुल 180000 रूपये बेटी के विवाह हेतु बैंक से निकाला था जिसमें से 10000 रूपये को घर का मरम्मत में खर्च किया था शेष बचत पैसा 170000 रूपये एवं सोने चांदी के आभूषणों को दो अलग अलग पेटी में ताला लगाकर रखा था। दिनांक 31 03.2025 को 09.00 बजे सहपरिवार खाना खाकर सो गये थे सुबह 05.00 बजे उठकर देखा तो उक्त कमरा का दरवाजा खुला था कमरा अंदर जाकर देखा तो कमरा अंदर पेटी नहीं था पेटी में रखे 170000 रूपये तथा सोना चादी का जेवरात कुल 240000 रू. को अज्ञात चोर व्दारा चोरी कर ले गया है प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल के नजदीक से दो अलग अलग खेत से चोर व्दारा चोरी के सामान को निकाल कर फेंके गये पेटी को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपियों की पतासाजी लगातार जारी थी कि दिनांक 25.05.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना बिलाईगढ़ क्षेत्रांतर्गत चोरी करने वाले गिरोह जो ग्राम टुण्डरी से सरहदी क्षेत्र गिधौरी तरफ किसी बड़ी चोरी को अंजाम देने का प्रयास में घुम रहे हैं कि सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ के ग्राम गिधौरी के पास पहुंचे तो पुलिस को देखकर जो 07 व्यक्ति्त लूकने छिपने लगे।

अहिल्या बाई की जयंती पर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में महामाया तालाब व मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत तालाब में फैली जलकुंभियों को हटाकर जल प्रदूषण में कमी लाने के साथ-साथ तालाब की जैव विविधता को भी संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाया गया। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए एक स्वच्छ और शांत वातावरण सुनिश्चित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी सफाई कार्य में सहभागी बने, उनके साथ पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में वार्डवासी नागरिक शामिल हुए। नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ कार्य करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अभियान के उपरांत कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि नागरिकों में स्थायी रूप से स्वच्छता की आदत विकसित करना है। देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान विभूतियों की जयंती को सेवा से जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर पार्षद ईश्वरी भोई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बख्श, नीतू प्रधान, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मिशन मैनेजर दीपक तिवारी, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी वार्डवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

विधायक अग्रवाल द्वारा पीएम श्री स्कूल भवन का भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास को निरंतर गति देते हुए विधायक राजेश अग्रवाल ने मंगलवार को उदयपुर विकासखंड के ग्राम सलका स्कूल परिसर में पीएमश्री भवन तथा शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन बाकायदा पंडित पुजारी के मुखारविंद से उच्चरित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। क्षेत्रीय लोगों के मांगोंउपरांत विधायक राजेश अग्रवाल की पहल से पीएम श्री भवन और शौचालय निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान हुई है। ग्राम पंचायत के ओर से निर्माण कार्यो का भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य आतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के ,जिला पंचायत सदस्य राधा रवी,देवगढ़ मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह,संतोष गुप्ता, संतोष जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,कमलेश जायसवाल रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने निर्माण कार्यो का विधिवत भूमि पूजन किये। 8.07 लाख रुपए लागत से बनने वाली पीएम श्री भवन तथा 1.81 लाख रुपए लागत से बनने वाले शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव, ग्राम सरपंच सचिव शिक्षक शिक्षिकाएं सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

विधायक अग्रवाल सुशासन तिहार में हुए शामिल

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के तृतीय चरण में ब्लाक अम्बिकापुर के ग्राम सुखरी एवं उदयपुर के ग्राम सलका में आयोजित समाधान शिविर में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुये। उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद करते उनकी समस्याओं से अवगत हुये। साय सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी कार्य योजनाओं की जानकारी दिये। साथ ही समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों को शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा ग्रामीणो के समस्याओं का तुरंत समाधान करने निर्देश दिया।

मुंगेली में तेज बारिश से राहत तो मिली, लेकिन अंधेरे और पानी की किल्लत ने बढ़ाई मुसीबत

बारिश, आंधी और बिजली संकट: मुंगेली में नौतपा के तीसरे दिन मौसम ने बदला मिज़ाज

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। बीते दोपहर से हुई चमक-धमक के साथ बारिश ने जहां शहर को तरबतर कर दिया कई सडकों पर पानी भरने की जानकारी मिली वहीं बिजली विभाग ने मानसून के पूर्व बारिश में ही शहरवासियों को अंधेरे में रहने में विवश कर दिया, जिससे लोगो के घरो में पीने के पानी कि भी समस्या रहीं। उच्च अधिकारियों के पहल के बाद बिजली ने राहत दी।

नगर मे नौतपा के तीसरे दिन मौसम ने करवट ली और मुंगेली तेज बारिश हुई । नौतपा के कारण पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है। इसी बीच मंगलवार दोपहर मौसम में बदलाव देखा गया। पहले तो आसमान में बादल घिर आये, फिर तेज हवा चलने लगी। दो घंटे तक बिजली कि चमक के साथ बादल बरसे। बारिश रुकने के बाद ठंडी हवा चलने लगी , जिससे मौसम खुशगवार हो गया और लोगों ने राहत महसूस की । इस दौरान मुंगेली में तेज आंधी चलने से सड़क पर धूल के गुबार उठने लगे। जिससे घबराकर मवेशी और राहगीर परेशान नजर आए । कई हार्डिंग , बैनर ,पोस्टर साइन बोर्ड इस आंधी के भेंट चढ़ गए। हालांकि तेज गर्मी के बीच हुई इस बारिश ने लोगों को कुछ राहत भी दी है तो वहीं बारिश के बाद लोगों ने उमस का भी अनुभव किया। भारतीय

शास्त्र के अनुसार नौतपा में बारिश होने से उस वर्ष मानसून का प्रभाव कम होता है लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि ऐसा कुछ होता नहीं है और प्राकृतिक रूप से नौतपा के दिनों में हल्की बारिश होती ही है। बिजली कि गर्जना इतनी तेज थी की लोग डर गए। करीब आधे घंटे तक बिजली कि तेज आवाजें गूंजती रहीं। लंबे समय बाद इतने तेज गर्जना सुननें को मिली। लोग घरो में सहमें रहे। हल्की ओले भी पडे जिससे स्टेडियम में चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ। टेंट और पंडाल के कपडे उडने लगें। लोगे बारिश से बचने के उपाय खोजते रहे। किसी तरह से कार्यक्रम पूरा किया गया। आंधी तूफान के बाद बिजली बंद हो गई। नौ घंटों तक बिजली बंद रही। लोग बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन करते रहे। किसी ने फोन नहीं उठाया। लोग यह जानने को परेशान रहे कि बिजली कब आएगी। व्हाटसएप पर बिजली की चर्चाएं चलती रहीं। लोग यह पता करने की कोशिश करते रहें कि बिजली कहां आई है। बाद मे लोगो को संतोष हुआ कि बिजली कहीं भी नहीं है। व्हाटसएप पर लगातार जानकारी दी जाती रही थी, कि बिलासपुर रोड, रायपुर रोड सोनार पारा रोड ऐरिया में बिजली सामान्य है।

तेज बारिश के चलते बिजली भी बंद लोग परेशान

मंगलवार दोपहर को तेज बारिश होने से एक घंटे पहले ही बिजली बंद का दी गई थी, जिससे नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पडा। बारिश बंद होने के बाद भी 8-9 घंटे तक बिजली का कोई अता-पता नहीं था। बिजली दोपहर 2 बजे से बंद थी ,जो रात 10 बजे के बाद आई। बारिश के बाद बंद हुई बिजली से लोग उमस और मच्छरों से परेशान रहे, लोगो के घर में लगे इनवर्टर ने भी काम करना बंद कर दिया बिजली कि वैकल्पिक व्यवस्था भी दम तोडते दजर आई।

जिले के दिव्यांग मतदाताओं के सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु की गई बैठक

सक्षम एप के प्रचार और दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर से प्राप्त निर्देश के परिपालन में दिव्यांग मतदाताओं के सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 572716 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें से 8751 दिव्यांग मतदाता तथा 4601, 85 आयु वर्ग से अधिक के मतदाता पंजीकृत हैं। समाज कल्याण विभाग में वर्तमान अवधि में प्रदाय किये गये जानकारी अनुसार 18 वर्ष आयु वर्ग से ऊपर कुल 6209 दिव्यांगजन पंजीकृत हैं। जिले के समस्त 683 मतदान केन्द्रों में पूर्व लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन के दौरान रैंप तैयार किया गया था। यदि

निर्मित रैंप में किसी प्रकार का सुधार हो ऐसे चिन्हित मतदान केन्द्रों की जानकारी समिति के सदस्यों के साथ साझा किये जाने हेतु चर्चा की गई। इस संबंध में जिले के गठित समिति (डिस्ट्रीक्ट मॉनिटरिंग कमेटी एक्सेसिबल इलेक्शन, डीएमसीएई) के सदस्यों को सतत रूप से विधानसभा स्तर पर गठित समिति से समन्वय करने हेतु भी चर्चा किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा सतत् रुप से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र तैयार करवाया जाता है, ऐसे नए दिव्यांगजनों को सूची कैंप के बाद अथवा मासिक रुप से उनका विवरण/सूची उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की गई, ताकि उनका चिन्हांकन मतदाता सूची में किया जा सके। ऐसे दिव्यांग मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है उनका चिन्हांकन कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा संचालित मोबाईल एप्लीकेशन सक्षम-ईसीआई, जो केवल दिव्यांग मतदाताओं हेतु लांच किया गया है, जिसके बारे में दिव्यांग मतदाताओं को अवगत कराने तथा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को उक्त एप्लीकेशन के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समिति के सदस्यों को दिव्यांग मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया से जुड़ने हेतु प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए मिलने वाली सुविधाओं का सतत् प्रचार-प्रसार करने हेतु चर्चा किया गया। आयोजित बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आनन्द राम नेताम, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग श्री मोहन राम भगत, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. डी.एन.मिश्रा, प्रभारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग सुश्री स्टेला खलखो, नगरपालिका अधिकारी श्री प्रणव राय एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर और एसपी ने सरगांव क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट्स का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मंगलवार को सरगांव क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित प्रमुख ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय मोड़, मोहभट्ठा मोड़, पथरिया मोड़ और पेंड्री डीह बाईपास जैसे संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए आवश्यक सुधारात्मक उपायों के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे विभाग को निर्देशित किया कि सभी मोड़ों पर बने सुरक्षा चबूतरों में मजबूत रेलिंग, रिफ्लेक्टिव रेडियम और स्पष्ट संकेतक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि राहगीरों को रात के समय भी कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरों को तत्काल चालू करने, ब्लैक स्पॉट्स पर ब्रेकर और रम्बल स्ट्रिप्स की व्यवस्था करने तथा स्ट्रीट लाइटों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेंड्रीडीह बाईपास क्षेत्र में ग्रामवासियों की सुविधा हेतु सुगम आवागमन की व्यवस्था करने पर विशेष बल दिया।

इसके उपरांत कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ विश्राम गृह चन्द्रखुरी का भी अवलोकन किया और उसके उन्नयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने सरगांव स्थित विदेशी मदिरा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्टॉक मेन्टेनेन्स एवं विक्रय प्रणाली की जांच की। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, तहसीलदार अतुल वैष्णव, नायब तहसीलदार लीलाधर क्षत्रि, थाना प्रभारी संतोष शर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी गोपाल सतपथी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

200 फीट तक गिरा भूजल स्तर, जल संरक्षण के लिए चल रहा व्यापक महाअभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गिरते भूजल स्तर और पेयजल संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान की शुरुआत की गई है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और वर्षा जल के अधिकतम संचयन के लिए ठोस प्रयास करना है। जिले के 168 गांवों में भूजल स्तर लगभग 200 फीट तक नीचे चला गया है, जिससे गर्मी के मौसम में पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संकट को दूर करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों जैसे सोखता गड्ढा, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप गड्ढा, भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वर्षा जल संचयन आदि पर जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय के निर्देशन में गांव-गांव में प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही डिफंक्ट नलकूप और बोरवेल्स को चिन्हांकित कर उनमें सेंड फिल्टर बनवाया जा रहा है, जिससे वर्षा जल सीधे जमीन में जाकर भूजल स्तर में वृद्धि करेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा श्रमदान करते हुए नालों में बोरी बंधान किया जा रहा है, ताकि पानी का बहाव धीमा हो और अधिक से अधिक मात्रा में जल भूमि में समाहित हो सके। यह पहल जल संरक्षण के क्षेत्र में समुदाय की भागीदारी को मजबूत कर रही है। 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जल संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

बिजली करंट की चपेट में आने से बैल की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर अंतर्गत ग्राम जोधपुर में 27 मई, मंगलवार की सुबह एक दुखद घटना घटित हुई, जब एक बैल की ट्रांसफार्मर के पास बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृत बैल प्रकाश राजवाड़े पिता बरन राम राजवाड़े का था, जो चरते-चरते ट्रांसफार्मर के नजदीक पहुंच गया और करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि यह बैल कृषि कार्यों में प्रयोग होता था, और आगामी खेती के मौसम को देखते हुए किसान के सामने अब खेती-बाड़ी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस घटना से किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रकाश राजवाड़े ने शासन और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

जनदर्शन की पहल, कई मामलों का मौके पर हुआ निराकरण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी एवं मेनका प्रधान ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और त्वरित एवं नियमानुसार समाधान के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में जिलेभर से आए कुल 66 आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदकों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

जनदर्शन में प्राप्त प्रमुख आवेदनों में नवागांव घुटेरा की जानकी बाई द्वारा भूमि रिकॉर्ड दुरुस्त कराने, अवंति बाई लोधी महाविद्यालय पथरिया के दृष्टिबाधित छात्र संदीप द्वारा प्रोत्साहन राशि दिलाने, नगर पालिका लोरमी के प्रकाश श्रीवास द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण दिलाने, कंतेली के सनत जांगड़े द्वारा पीएम मुद्रा लोन के लिए सहायता, शुभा सिंह द्वारा व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, केवईया के नवल प्रसाद द्वारा भूमि सीमांकन तथा ग्राम छिरहुट्टी की हेमती द्वारा महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन शामिल थे। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदनों के समयबद्ध व पारदर्शी निराकरण का भरोसा दिलाया। जनदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार: समाधान शिविर में 588 आवेदनों का हुआ निराकरण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में राजेन्द्र वार्ड, जवाहर वार्ड, अम्बेडकर वार्ड, कालीमाई वार्ड, मो. बशीर खान वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड, विनोबा भावे वार्ड, शंकर वार्ड, परमहंस वार्ड, शिवाजी वार्ड एवं ठक्कर बापा वार्ड के नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। विधायक श्री मोहले ने शिविर में लगे विभागीय स्टालों का

अवलोकन किया और आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। सुशासन तिहार के अंतर्गत इन वार्डों से कुल 588 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किया गया। साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र, 02 हितग्राहियों को गृह प्रवेश हेतु चाबी, खाद्य विभाग द्वारा 08 को राशन कार्ड, 07 हितग्राहियों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग द्वारा 03 को फौती नामांतरण प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा 03 किसानों को पावर स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग द्वारा 07 हितग्राहियों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। शिविर में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक | गरीब और वंचित बच्चों की शिक्षा के अधिकार की रक्षा को लेकर शिक्षक संगठनों की एकजुटता, ऑनलाइन मीटिंग में बनाई रणनीति

युक्तियुक्तकरण के विरोध में मंत्रालय घेराव, गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने दिया समर्थन

मुंगेली/नवप्रदेश। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष ने संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग कर 23 शिक्षक संगठन के आव्हान पर 28 मई को युक्तियुक्त करण के विरोध में रैली आयोजित कर मंत्रालय का घेराव में शामिल होने अपील शिक्षकों से की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार व शिक्षा विभाग पर आरोप लगाया है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रति एक किलोमीटर में एक प्राथमिक विद्यालय खोला गया था और तीन शिक्षक का सेटअप वित्त विभाग से स्वीकृत है। ऑनलाइन मीटिंग में संगठन के सचिव राधेश्याम टंडन महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संगीता पाटले ,,जिला अध्यक्ष रायपुर एवन बंजारे ने सरकार से युक्ति युक्त कारण पर रोक लगाकर शिक्षा व वंचित लोगों के बच्चों को सही समय में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संगठन व समाज से चर्चा व सही क्रियान्वयन के लिए सामाजिक अंकेक्षण के बाद ही उचित निर्णय लेने के बाद कार्यक्रम आयोजित करें। रायपुर संभाग के अध्यक्ष धर्मेंद्र घृतलहरे सहा. प्राध्यापक,दिनेश कुमार घोंसले प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ धनेन्द्र ढिढ़ी सचिव सम्भाग रायपुर,शांति कुमार मनहर जिलाध्यक्ष सक्ती, प्रदीप कोशले जिलाध्यक्ष

जशपुर, बसंत जांगड़े जिला अध्यक्ष बिलासपुर, तुलसी दास भारद्वाज अध्यक्ष जिला रायगढ़,दिनेश कुमार बर्वे प्रांतीय पदाधिकारी कबीरधाम,मनोज कुमार कुर्रे बिलासपुर संभाग सचिव,किशोर कुमार भोयर लोहंडीगुड़ा बस्तर, बंशीधर बघेल दरभा बस्तर,लखेश कुमार,गन्नाराम नाग, मुकुंदबिहारी कोंडागांव, उधम सिंह डहरिया,शिव रमन नारंग जशपुर,मनमोहन सिंह अनंत तखतपुर,सनत कुमार बंजारे प्रांतीय संगठन सचिव,भावसिंह डाहिरे धमतरी, मंगल सिंह जगत कोरबा,हुमचंद अनंत वि ख अध्यक्ष सहसपुर लोहारा, दिलीप सुलेमान आरंग, लंकेश पाटले वि ख अध्यक्ष मुंगेली, भीमा डाहिरे वि ख सचिव मुंगेली, गीता प्रसाद बर्मन, मनोज कुमार पात्रे तहसील अध्यक्ष व सचिव लालपुर थाना मुंगेली, जगदीश प्रसाद डहरिया वि ख अध्यक्ष बिल्हा, नन्दुआ दास,सनत कुमार ध्रुव जीत कुमार दिवाकर, श्याम चरण जांगड़े मुंगेली,दिनेश्वर बंजारा, कुलेश्वर साहू, विक्रम सिंह डहरिया बगीचा जशपुर, लखेश्वर राव जाधव अध्यक्ष जिला धमतरी, हेमचंद अनंत बिलासपुर,कोमल प्रसाद, नीतीश, मुकुंद, दिलीप,जयनाथ, संगीता जांगड़े जिला सचिव रायपुर,गनपत घृतलहरे सम्भाग महामंत्री बिलासपुर, बसंत कुमार बंजारे प्रदेश महामंत्री शामिल थे।

घर-घर जाकर बनाए जाएंगे वय वंदना आयुष्मान कार्ड

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत महाअभियान के अंतर्गत जिले में 29 मई को 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य है कि जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क 05 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। है। कलेक्टर ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ लें और वय वंदना कार्ड बनवाकर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें। यह कार्ड देशभर के चिन्हांकित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 16 हजार 374 वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 70 वर्ष से अधिक आयु के कई बुजुर्ग शिविर स्थलों तक आने में असमर्थ हो सकते हैं।

कर्मचारियों ने अधिकारों को लेकर इंदिरा कृषि विवि में किया जोरदार प्रदर्शन

संघ ने सौंपा ज्ञापन, कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तकनीकी कर्मचारी संघ के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों से जुड़े सभी जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर कुलपति को विरोध प्रदर्शन ज्ञापन सौंपा। विरोध विश्वविद्यालय द्वारा वर्षों से लंबित संवैधानिक और सेवा-संबंधी अधिकारों की अनदेखी के विरुद्ध है।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉ. पीके. सांगोड़े ने कहा हमने बार-बार संवाद और ज्ञापनों के माध्यम से अपनी समस्याओं को उठाया है, परंतु हर बार हमें नजरअंदाज किया गया। अब टीएसए और केवीके के सभी सदस्य एक स्वर में मांग कर रहे हैं। सेवा शर्तों की समानता, एनपीएस/सीएएस/भत्तों की बहाली और सेवानिवृत्ति लाभों की गारंटी होनी चाहिए। संघ के उपाध्यक्ष डॉ. ईश्वरी साहू ने आंदोलन की संवैधानिकता को रेखांकित करते हुए कहा,हम केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक अधिकारों की पुनः स्थापना की लड़ाई लड़ रहे हैं। विश्वविद्यालय की संरचना में केवीके स्टाफ अभिन्न अंग हैं, परंतु व्यवहार में उनके साथ दोयम दर्जे का बर्ताव हो रहा है। यह अस्वीकार्य है। वहीं डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने विश्वविद्यालय अधिनियम के उल्लंघन पर प्रकाश डालते हुए कहा,जब अधिनियम स्पष्ट रूप से तकनीकी स्टाफ की सेवा-निवृत्ति आयु 65 वर्ष और गैर-तकनीकी स्टाफ के लिए 62 वर्ष निर्धारित करता है, तब केवीके स्टाफ को 60 वर्ष में सेवानिवृत्त करना न केवल भेदभावपूर्ण, बल्कि अवैधानिक भी है। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख टीएसए/ केवीके प्रतिनिधि- डॉ. विजय जैन, डॉ. आर. एल. शर्मा, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. खूबिराम साहू, डॉ. एस. वर्मा, डॉ. सौगात ससमल, डॉ. प्रमिला जोगी, डॉ. तोषण ठाकुर, डॉ. प्रमिला रामटेके, डॉ. घनश्याम दास साहू, डॉ. अमित शुक्ला एवं डॉ. रंजीत मोदी ने 7 सूत्रीय मांगपत्र को जोरदार तरीके से विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिनमें शामिल हैं।

आंदोलनकारियों का 7 सूत्रीय मांग

सेवा शर्तों एवं वेतनमान की विश्वविद्यालय समतुल्यता की बहाली, एनपीएस/ओपीएस का पुनः क्रियान्वयन, मेडिकल व अन्य भत्तों की पुनर्बहाली, सीएएस/उच्च वेतनमान योजनाओं की पुनः स्थापना, सेवानिवृत्ति आयु को 65/62 वर्ष करना, पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य सेवानिवृत्त लाभों की गारंटी, अस्थायी नियुक्तियों की प्रक्रिया तब तक रोकना जब तक मूलभूत समस्याओं का समाधान न हो। कुलपति ने आश्वस्त किया गया कि मांगों पर विश्वविद्यालय द्वारा कल तक कार्यवाही संमत पत्र प्रदान किया जाएगा।इस पर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि कल तक माँग अनुरूप ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो संघ संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए राज्यव्यापी, चरणबद्ध एवं लोकतांत्रिक अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की घोषणा करने के लिए बाध्य होगा। संघ ने यह भी कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति से उत्पन्न शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों में बाधा की नैतिक, विधिक एवं संवैधानिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

8 महीने से नहीं मिला वेतन

सूत्र बता रहे है की पिछले 8 महीने से पेमेंट नहीं दिया गया है और जब लगातार मांग की गई तो बेवजह कम पेमेंट को जबरदस्ती डाल दिया गया है। जबकि हमारी सैलरी ज्यादा है उसके बाद भी डिमोशन के रूप में सैलरी दी गई है जो नियमों के विरुद्ध है। कुलपति कें चेंबर में बैठे अधिकारी और कर्मचारी भूखे और प्यासे बैठे रहे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग 6 जून से

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ रायपुर के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम रायपुर में सीसीपीएल छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन 6 जून से 13 जून तक किया जा रहा है जिसमें बिलासपुर बुल्स क्रिकेट टीम भी भाग ले रही है। आईपीएल के किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी शशांक सिंह बिलासपुर के कप्तान होंगे। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीसीपीएल के लिए इस वर्ष आकर्षक ट्रॉफी रखी गई है। इस ट्रॉफी को पूरे छत्तीसगढ़ में घुमाया जा रहा है। आज यह ट्रॉफी बिलासपुर लाई गई जिसका अनावरण (लाचिंग) रिवर व्यूह में शाम के 7 बजे किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय अग्रवाल जिला कलेक्टर बिलासपुर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में रजनेश सिंह जिला पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, अमित कुमार आयुक्त नगर निगम बिलासपुर,मुकुल तिवारी सचिव छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिलासपुर बुल्स की टीम भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली उद्योगपतियों, अधिकारियों और समूह की दीदियों की बैठक

एक पेड़ मां के नाम अभियानः जिले में चलेगा वृहद पौधरोपण अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में गिरते भू-जल स्तर और बढ़ते तापमान जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले वृक्षारोपण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में हरियाली के लिए सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान में औद्योगिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रमुख उद्योगपतियों ने भाग लिया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केड़िया, प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली सहित उद्योगपति, एनटीपीसी के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा उद्योगों का विकास जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है पर्यावरण की सुरक्षा और सरंक्षण। हमें विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने सभी औद्योगिक इकाइयों को कम से कम 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्थान की सूचना दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ संख्या का लक्ष्य नहीं है। बल्कि पौधों की सुरक्षा और देखभाल भी जरूरी है। बैठक में सिरगिट्टी, तिफरा और सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष रूप से सघन वृक्षारोपण की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में न केवल वृक्षारोपण हो, बल्कि पेड़ों की सुरक्षा और निरंतर देखरेख की भी समुचित व्यवस्था की जाए।कलेक्टर ने बड़े उद्योगों को नर्सरी विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि वृक्षारोपण के लिए स्थानीय स्तर पर पर्याप्त पौध सामग्री उपलब्ध हो।

फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दें

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सुझाव दिया कि फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे स्व-सहायता समूहों को देखरेख की जिम्मेदारी दी जा सके। इससे न केवल पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आजीविका का नया माध्यम भी प्राप्त होगा। कलेक्टर ने गौठानों को वृक्षारोपण और वाटर रीचार्जिंग के केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन स्थलों का उपयोग जल संरक्षण, सोखता गड्ढों और वर्षा जल संचयन के लिए किया जाए, जिससे भू-जल स्तर में सुधार संभव हो सके।

रतनपुर की सुभद्रा यादव बनीं छत्तीसगढ़ की पहली महिला राष्ट्रीय पहलवान

■ **प्रदेश का नाम किया रौशन**

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर की होनहार बेटी सुभद्रा यादव ने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में रोशन किया है। हरियाणा के पलवल में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 43 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर सुभद्रा ने इतिहास रच दिया। वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला पहलवान बनीं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किया है।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल, रतनपुर की कक्षा 9वीं की छात्रा सुभद्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य, समस्त शिक्षकों और छात्राओं ने हर्ष जताया है। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सच्ची लगन हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।सुभद्रा यादव, नगर पालिका परिषद रतनपुर की नवनिर्वाचित पार्षद इंदु यादव की सुपुत्री हैं। उनकी इस गौरवशाली जीत पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रतनपुर के प्रसिद्ध गिरजावन मंदिर कुश्ती टीम, नगरवासी एवं समस्त छत्तीसगढ़वासियों ने सुभद्रा को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।इस उपलब्धि ने न केवल रतनपुर बल्कि पूरे प्रदेश को गर्व से भर दिया है। सुभद्रा आज प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

खस्ताहाल सिटी बसों पर हाईकोर्ट सख्त, परिवहन सचिव से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 वर्ष से अधिक पुरानी खस्ताहाल सिटी बसों के संचालन को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए गंभीर रुख अपनाया है। एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने इसे जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए राज्य परिवहन सचिव से शपथपत्र पर लिखित जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 जून 2025 को निर्धारित की गई है। गत सप्ताह एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, बिलासपुर शहर में 16 निर्धारित रूटों पर चलने वाली सिटी बसों में से मात्र 9 बसें ही संचालन में हैं, जबकि कुल 40 बसें संचालित होनी थीं। शेष बसें ठेका कंपनी द्वारा घाटे का हवाला देकर बंद कर दी गई हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जो बसें वर्तमान में सड़कों पर दौड़ रही हैं, उनके पास न तो बीमा है, न ही वैध फिटनेस प्रमाण पत्र। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन बसों का प्रदूषण जांच वर्षों से नहीं हुआ और वे खुलेआम वातावरण को दूषित कर रही हैं। इसके अलावा, 2023 से इन वाहनों का रोड टैक्स भी लंबित है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय की युगलपीठ ने समाचार का संज्ञान लेते हुए राज्य परिवहन सचिव को निर्देश दिया है कि वे इस मामले में शपथपत्र के माध्यम से अपना पक्ष रखें। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि मामले में गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई में स्थिति स्पष्ट की जाए।

1.70 करोड़ भुगतान, फिर भी सुविधा नहीं

उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर 2023 को रायपुर की कंपनी सनमेगा एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड को बिलासपुर में सिटी बसों के संचालन का ठेका दिया गया था। इस अनुबंध के तहत कंपनी ने 1000 से अधिक वाहनों का टैक्स जमा किया और सरकार ने कंपनी को 1.70 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया था। उस समय दावा किया गया था कि शहरवासियों को हर 15 मिनट में सिटी बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि, स्थिति इसके विपरीत रही। वर्तमान में बसों की संख्या कम होती गई और अब कई रूटों पर यात्रियों को 2 से 3 घंटे तक बस का इंतजार करना पड़ता है। मजबूरी में नागरिकों को आटो, निजी टैक्सी और यात्री बसों का सहारा लेना पड़ रहा है।

पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की ओर से प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) और प्री-वेटनरी एंड पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर मॉडल आंसर देख सकते हैं। इन उत्तरों पर जिस किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो वे 31 मई तक दावा आपत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सरपंच प्रतिनिधि को दी जान से मारने की धमकी

■ **चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

मस्तूरी/नवप्रदेश। ग्राम गतौरा स्थित अटल बाजार के पास मंगलवार को दोपहर एक बड़ी घटना सामने आई, जहां ग्राम पंचायत गतौरा के भूतपूर्व सरपंच एवं वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार वस्त्रकार को कुछ लोगों द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी नरेन्द्र कुमार गांव के स्वीकृत मंगल भवन के समतलीकरण कार्य की निगरानी कर रहे थे। तभी करीब 1 बजे राकेश यादव उर्फ भोलू अपने साथियों मुकेश यादव, रामफल यादव उर्फ बल्लू और उमेश राठौर के साथ मौके पर पहुंचा। राकेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि नरेन्द्र ने उसके भाई रितेश यादव को थाना में पकड़वाया है। इसी बात को लेकर चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने दिनभर इलाके में अश्लील गालियां दीं जिससे वह मानसिक रूप से आहत हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मस्तूरी पुलिस ने राकेश यादव उर्फ भोलू, मुकेश यादव, रामफल यादव उर्फ बल्लू और उमेश राठौर के खिलाफ धारा 296-बीएनएस, 3(5)-बीएनएस एवं 351(2)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 29 मई से शुरू होने जा रहा है जिसका समापन 5 जून को होगा।

मिनी स्टेडियम गांधी चौक में आयोजित इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीम में भाग लेंगी। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 5 जून को होगा, जिसमें विजेता टीम को 1लाख 786 का नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। उप विजेता टीम को 50 हजार 786 रुपए नगद एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द सीरीज बैच बैट्समैन बेस्ट बॉलर बेस्ट फील्डर एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति के तौसीफ खान ने बताया कि एक सामाजिक सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में और समाज को संगठित करने के उद्देश्य तथा युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए शहर में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग फ्लडलाइट क्रिकेट प्रतियोगिता दूधिया रोशनी में मिनी स्टेडियम गांधी चौक में होने जा रहा है, जिसमें 16 टीमों को 4 पूल में बांटा गया है। प्रत्येक टीम अपने पुल में तीन मैच खेलेगी। उसके बाद पुल की प्रारंभ की दो टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी और प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 4 जून को खेला जाएगा। 5 जून को प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण होगा।

मिनी स्टेडियम गांधी चौक में होगा मैच, 16 टीमें करेंगे प्रदर्शन

महापौर की फटकार के बाद ज्वाली पुल मार्ग में कार्रवाई रुका

बिलासपुर/नवप्रदेश। महापौर और उनके भाजपा नेता पति की फटकार के बाद निगम प्रशासन ने ज्वाली पुल रोड से डेराडंडा समेट यू टर्न ले लिया। अब यहाँ कार्रवाई बन्द करने के बाद निगम का अमला बुधवार को लिंगियाडीह- चांटीडीह रपटा रोड पर कार्रवाई करने पहुँच गया। जैसे ही निगम का अमला लिंगियाडीह में दलबल समेत कार्रवाई के लिये पहुँचा वहाँ अफरा - तफरी मच गई। निगम अमले को हो हंगामा विरोध धक्का मुक्की और गाली गलौच झेलना पड़ा। इसके बाद जब मामला शांत हुआ अमले ने एक्सीवेटर और डंपर लगा तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की। लोगो मे नाराजगी इस बात को लेकर रही कि बड़े परिवार के बाद भी उन्हें केवल 1 आवास दिया गया उनकी एक नही सुनी गई।

उपलब्धि

देश के अलग-अलग राज्यों में देंगे सेवाएं, टेक्निकल, बैंकिंग फार्मेसी, सभी क्षेत्रों में चयन

सीवीआरयू के 36 विद्यार्थियों का कैंपस में चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में कैंपस विद्यार्थियों का चयन करने के लिए कंपनियां पहुंची। इस दौरान टाटा गोशन, एस. के फाइनेंस सहित पांच कंपनियों ने विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का इंटरव्यू किया। जिसमें कुल 36 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित कंपनियों मे विद्यार्थी देश के अलग-अलग राज्यों में अपनी सेवाएं देंगे।

इस संबंध में ही जानकारी देते हुए डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों के आने का सिलसिला निरंतर जारी है। विद्यार्थियों का चयन देश और विदेश की कंपनियां लगातार कर रही है जो विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर के लास्ट सेमेस्टर में हैं, या वे विद्यार्थी जो उत्तीर्ण हो चुके हैं। उन्हें लगातार प्लेस किया जा रहा है । नेशनल, मल्टीनेशनल और स्थानीय कंपनियों के अधिकारी यहां आकर विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें जॉब दे रहे हैं। इसी क्रम में टाटा गोशन जो कि पुणे की टेक्निकल सेक्टर में काम करने वाली कंपनी है। यहां कैंपस इंटरव्यू किया है। इसी तरह एस के फाइनेंस, एवं कोरीजो एडुटेक ने विश्वविद्यालय में इंटरव्यू किया है। इस दौरान तीन चरण में परीक्षा आयोजित की गई। सभी विद्यार्थियों ने कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद अपने करियर की दिशा में पहला कदम रखा है। दो दिनों तक चले इस इंटरव्यू में कुल 36 विद्यार्थियों का चयन हुआ है । जो इंजीनियरिंग, कॉमर्स, प्रबंधन फार्मेसी, आर्ट, संकाय के विद्यार्थी हैं। इसमें सभी विद्यार्थी आकर्षक वेतनमान में अलग-अलग फील्ड में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि टाटा गोशन सर्वाधिक 28 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो पुणे में अपनी सेवाएं देंगे।

हर राज्य में सीवीआरयू के विद्यार्थी दे रहे सेवाएं: प्रोफेसर घोष

इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करता है । यही कारण है कि विद्यार्थी केंपस प्लेसमेंट में अपना बेस्ट देते हैं, उन्हें नेशनल और मल्टी नेशनल कंपनियों चयनित कर रही हैं। आज देश के हर राज्यों में और दुनिया के हर देश में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय का विद्यार्थी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।सही मायने में यही विश्वविद्यालय की वास्तविक संपत्ति हैं।

न्यूज गैलरी

करदाताओं के लिए बड़ी राहत आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि में बदलाव किया है। करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए, विभाग ने अब रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 कर दी है। यह निर्णय आयकर रिटर्न फॉर्म की अधिसूचना जारी करने में हुई देरी के बाद लिया गया है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बदलाव की जानकारी दी। पोस्ट में कहा गया है, करदाता कृपया ध्यान दें! छ्बक्षछ्ज्ञ ने ढ्ढञ्जक्र दाखिल करने की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 करने का फैसला किया है। पहले यह तिथि 31 जुलाई, 2025 थी। यह विस्तार ढ्ढञ्जक्र फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की आवश्यकताओं और ञ्जष्ठस् क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों के कारण अधिक समय प्रदान करेगा। यह सभी के लिए एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। औपचारिक अधिसूचना बाद में जारी की जाएगी।

भारत-अमेरिका के बीच 25 जून तक हो सकता है व्यापार समझौता

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भारत पर अमेरिका का 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ इस साल 9 जुलाई तक निलंबित है। इसे अमेरिका ने 2 अप्रैल को लगाया था। भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए अगले महीने भारत आ सकता है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी संभावना है कि दोनों देश 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ÷बातचीत आगे बढ़ रही है। चीजें पटरी पर हैं। इस बीच, भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह अपनी चार दिवसीय वाशिंगटन यात्रा पूरी की। उन्होंने प्रस्तावित समझौते पर अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत की। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी व्यापार वार्ता को गति देने के लिए पिछले सप्ताह वाशिंगटन में थे। अपनी यात्रा के दौरान वे अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से दो बार मिले। दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं।

एचएएल को आंध्र लाने के प्रस्ताव पर शिवकुमार की दो टूक

बेंगलुरु (कर्नाटक)। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की उन्नत उत्पादन सुविधाओं को आंध्र प्रदेश में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की खबरों के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा है कि राज्य सरकार अपनी संपत्तियों की हर कीमत पर रक्षा करेगी। उन्होंने आगे क्या कहा, आइए विस्तार से जानते हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की उन्नत उत्पादन सुविधाओं को आंध्र प्रदेश में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की खबरों के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को अपनी मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार अपनी संपत्तियों की हर कीमत पर रक्षा करेगी। वह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की आरे से एचएएल की उन्नत उत्पादन सुविधाओं को अपने राज्य में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। केपीसीसी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, ÷एचएएल को किसी भाजपा सरकार ने नहीं दिया था। तकनीकी क्षेत्र के मैनपावर की उपलब्धता के कारण नेहरू ने इसे बेंगलुरु में स्थापित किया था। मैं केंद्र से चंद्रबाबू नायडू के राजनीतिक अनुरोध में हस्तक्षेप नहीं करने जा रहा हूं। हमने एचएएल को पर्याप्त भूमि भी दी है।

चांदी 1370 रुपये गिरकर एक लाख के नीचे

सोना 800 रुपये गिरकर 98500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में चार दिनों की तेजी के बाद सोन का भाव 800 रुपये गिरकर 98500 पर पहुंचा। वहीं, चांदी चांदी की कीमत 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची। वैश्विक अस्थिरता के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोना 800 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। जिससे चार दिनों से जारी तेजी थम गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले बाजार सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,370

रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सफेद धातु 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत घटकर 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में तेजी लाने के लिए ब्रुसेल्स दबाव बना रहा है। जिसकी वजह से सुरक्षित संपत्तियों की मांग में गिरावट आई और सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ और महंगाई की चिंताओं के बीच निवेशक अब अमेरिकी ड्यूरेबल गुड्स ऑर्डर और उपभोक्ता विश्वास डेटा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इन आंकड़ों से आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में उन्हें अधिक जानकारी मिलेगी।

वर्ष 26 के लिए आईटीआर फॉर्म अप्रैल के अंत और मई के प्रारम्भ में अधिसूचित किए गए

15 सितंबर तक दाखिल किया जा सकेगा आयकर रिटर्न, सीबीडीटी ने बढ़ाई तारीख

नई दिल्ली। आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि जो 31 जुलाई 2025 थी, को अब बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 करने का निर्णय लिया गया है। आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि जो 31 जुलाई 2025 थी, को अब बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 करने का निर्णय लिया गया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीडीटी के अनुसार यह विस्तार ITR फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और TDS क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों के कारण अधिक समय प्रदान करेगा। यह कदम सभी के लिए एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। औपचारिक अधिसूचना बाद में दी जाएगी। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा की। पोस्ट के अनुसार, कृपया करदाता ध्यान दें! सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का फैसला

किया है। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है, जिसे बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दिया गया है। यह विस्तार आईटीआर फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों को देखते हुए किया गया है। इन संशोधनों के बाद आईटीआर दाखिल करने के दौरान एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित हो सकेगा। औपचारिक अधिसूचना बाद में दी जाएगी। यह समय विस्तार उन व्यक्तियों, एचयूएफ और संस्थाओं पर लागू होता है जिन्हें अपने खातों का ऑडिट करवाने की आवश्यकता नहीं है। वे अब 2024-25 (अप्रैल-मार्च) वित्त वर्ष में अर्जित आय के लिए अपना कर रिटर्न 15 सितंबर तक दाखिल कर सकते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि आईटीआर फॉर्म में बदलावों को शामिल करने और उपयोगिताओं को लागू करने के लिए आयकर प्रणाली तैयार करने के लिए समय सीमा में विस्तार आवश्यक था। इस वर्ष, निर्धारण वर्ष 26 के लिए आईटीआर फॉर्म अप्रैल के अंत और मई के प्रारम्भ में अधिसूचित किए गए, जबकि पिछले वर्ष तक इन्हें जनवरी/फरवरी में अधिसूचित करने की प्रथा थी। सीबीडीटी ने कहा, करदाताओं के लिए एक सुचारू और सुविधाजनक फाइलिंग अनुभव की सुविधा के लिए, यह निर्णय लिया गया है। आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि, जो मूल रूप से 31 जुलाई थी, को बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 कर दिया गया है। कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए अधिसूचित आईटीआर में संरचनात्मक और सामग्री संशोधन किए गए हैं, जिसका उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सटीक रिपोर्टिंग को सक्षम बनाना है।

मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार

मुंबई। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में एफएमसीजी और ऑटो सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.26 बजे, सेंसेक्स 92.61 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,459.02 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 16.75 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,809.45 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 78.15 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 55,430.95 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 171.55 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,326.05 पर कारोबार कर रहा था।

निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 114.25 अंक या 0.64 प्रतिशत चढ़कर 17,839.40 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, कल निफ्टी अस्थिर कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। तकनीकी रूप से, 24,462 एक महत्वपूर्ण स्विंग लो बना हुआ है। अगर यह बना रहता है तो बाजार पहले 25,116 और फिर 25,390 पर प्रतिरोध को लक्षित करेगा। एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अक्षय चिंचलकर ने कहा, दूसरी ओर, अगर 24,462 स्तर टूटता है, तो एक 'राइजिंग वेज' पैटर्न एक्टिव हो जाएगा, जिसमें 23,900-24,000 क्षेत्र के पास डाउनसाइड लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। इस बीच, सेंसेक्स पैक में आईटीसी, टाइटन, नेस्ले इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, एमएंडएम और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे। जबकि, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे । एशियाई बाजारों में, बैंकॉक, सोल, चीन, जकार्ता और जापान हरे रंग में कारोबार कर रहे थे। केवल हांगकांग लाल रंग में कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका में डाउ जोंस 740.58 अंक या 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,343.65 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 118.72 अंक या 2.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,921.54 पर और नैस्डैक 461.96 अंक या 2.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,199.16 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि मंगलवार को वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख रहा।

कमजोर एशियाई संकेतों के बीच लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार

मुंबई। कमजोर एशियाई संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली दर्ज की गई।

सुबह करीब 9.28 बजे, सेंसेक्स 747.69 अंक या 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,428.76 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 204.10 अंक या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,797.05 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 366.95 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,205.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 4.65 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,062.60 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 36.60 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के बाद 17,744.40 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, तकनीकी रूप से, निफ्टी ने अपनी गति को पुनः प्राप्त कर लिया है, जो निर्णायक रूप से 24,500-25,000 के अपने कंसोलिडेशन जोन से बाहर निकल गया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में प्राइम रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा, ÷तत्काल प्रतिरोध अब 25,207 पर देखा जा रहा है, जो 26,277 से 21,743 तक की पूरी गिरावट के 76.4 प्रतिशत फिबोनाची रिट्रेसमेंट से प्राप्त हुआ है। नीचे की ओर, 24,800 निफ्टी के लिए तत्काल समर्थन प्रदान कर सकता है। फिबोनाची रिट्रेसमेंट एक टेक्निकल एनालिसिस टूल है जिसका इस्तेमाल बाजार में संभावित समर्थन और प्रतिरोध स्तरों को पहचानने के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार के इस फेज के दौरान एसआईपी प्रवाह की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि निवेशक पहले की तुलना में लंबी अवधि के लिए निवेशित बने हुए हैं।

होंडा सिटी की बिक्री में गिरावट, एक कारोबारी विश्लेषण

नईदिल्ली। होंडा सिटी, भारतीय सेडान बाजार का एक प्रमुख खिलाड़ी, अप्रैल 2025 में बिक्री में 50प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट का सामना कर रहा है, जो सिर्फ 406 यूनिट्स तक सीमित रही। यह आंकड़ा एक चिंताजनक व्यावसायिक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जो भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं की ओर इशारा करती है। पारंपरिक रूप से सेडान को पसंद करने वाले भारतीय अब अधिक स्पेस, बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस और ऊँची राइडिंग पोजीशन वाली एसयूवी की ओर रुख कर रहे हैं।

यह बदलाव होंडा सिटी जैसे स्थापित मॉडलों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। होंडा सिटी का मुकाबला मारुति सुजुकी सियाज, हुंडई वरना, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस जैसी मजबूत प्रतिस्पर्धियों से है। मारुति सियाज ने पहले ही होंडा सिटी को बिक्री में पीछे छोड़ दिया है, जो इस बात का संकेत है कि सिटी को अपनी उत्पाद रणनीति पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि होंडा सिटी की बिक्री में गिरावट का एक कारण इसकी प्रतिस्पर्धी कारों के मुकाबले कम फीचर्स और उच्च कीमत भी हो सकता है। यह दर्शाता है कि मूल्य प्रस्ताव के मामले में होंडा को अपनी पेशकशों को फिर से कैलिब्रेट करना होगा। घरेलू बिक्री में होंडा कार्स इंडिया को भी अप्रैल 2025 में 22.75त्न की गिरावट का सामना करना पड़ा, जो कंपनी के लिए एक व्यापक चुनौती है। कंपनी ने बाजार की कमजोर स्थिति और ग्राहकों की कम मांग को इस गिरावट का कारण बताया है, साथ ही डीलरों के पास इन्वेंट्री को नियंत्रित करने के लिए डिलीवरी में भी कमी की है। यह एक जोखिम भरी रणनीति हो सकती है, क्योंकि यह संभावित खरीदारों को निराश कर सकती है। होंडा को इस बदलते बाजार परिदृश्य में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए नवाचार और आक्रामक विपणन पर ध्यान देना होगा। नए वेरिएंट्स, अधिक आकर्षक फीचर्स, और संभावित रूप से, एक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण रणनीति होंडा सिटी को इस सेगमेंट में फिर से स्थापित करने में मदद कर सकती है। यदि कंपनी अपनी वर्तमान रणनीति पर कायम रहती है, तो सेडान बाजार में उसका दबदबा और भी कम हो सकता है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202505140400080 /अ-6/ 2024-25

उद्‌घोषणा

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सलमान खान पिता शहनबाज खान कांकेर के द्वारा पेश आवेदन अनुसार मोहल्ला महादेववार्ड शीतलापारा कांकेर में स्थित बाद भूमि शीट नं. 6 बी प्लाट नं. 126, क्षेत्रफल 216 वर्गमीटर, वार्षिक भू-भाटक 42.00 रु. कच्चा मकान मय हाता, 01 रंगबाज खान, जंगबाज खान,रमजान खान, रज्जाक खान, पि. शहबाज खान 02. शहनबाज खान, सहजाद खान पिता. शहबाज खान 03 अज्ञान पालक जंगबाज खान नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार रंगबाज खान की मृत्यु दिनांक 11.05.2005 को, जंगबाज की मृत्यु दिनांक 03.02.2015 को, रमजान खान की मृत्यु दिनांक 27.07.2001 को, रज्जाक खान की मृत्यु दिनांक 13.04.2022 तथा सज्जान खान की मृत्यु दिनांक 14.05.2014 को होने का उल्लेख करते हुए उक्त भूमि को नजूल अभिलेख से 05 मृतक खातेदारों रंगबाज खान, जंगबाज, रमजान खान, सज्जाद खान, रज्जाक खान पि. शहबाज खान का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसों- 01. शब्बू खान पिता रंगबाज खान, (बिसमिला बी खान पति रंगबाज खान मृत्यु दिनांक 22.07.2022, रहमान खान रंगबाज खान मृत्यु दिनांक 04.07.2004) 02. स्व. ताज परवीन पति जंगबाज (मृत्यु दिनांक 21.08.2018) शहीना परवीन चिश्ती, शबीहा परवीन खान, शबीना परवीन खान, शबाना खान पिता जंगबाज, 03. रूखसाना बेगम पति-रमजान खान, ईमरान खान, रिजवान खान पिता रमजान खान, (शादाब खान पिता रमजान खान 20.06.2019) 04. रहेमत खान पति रज्जाक खान, रूस्तम खान, अमजद खान, नुसरत बेगम पिता रज्जाक खान 05. महरून्निशा खान पति सज्जाद खान, मोहम्मद निशात खान, फैज खान, सलमा खान पिता सज्जाद खान का नाम दर्ज कराए जाने एवं शेष खातेदार शहनबाद खान पि. शहबाज खान का नाम यथावत रखे जाने हेतु भूमि मेंटनेन्श खसरा, शपथ पत्र, तलवाना, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण शीर्ष अ-6 में दर्ज होकर प्रक्रियाधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्‌घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202505140400090 /अ-6/2024-25

उद्‌घोषणा

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज आहूजा पिता स्व. श्यामलाल आहूजा निवासी मांझापारा कांकेर छ.ग. के द्वारा पेश आवेदन अनुसार आवेदक पंजक आहूजा द्वारा अनावेदकगण के भूमि स्वामी हक की भूमि वाद भूमि मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में शीट नं. 11 सी. प्लाट नं. 2+3/1, में से क्षेत्रफल -1114.83 वर्गमीटर वार्षिक लगाना 1.92 रु. सालाना नजूल रिकार्ड के अनुसार माहुरबंदपारा वर्तमान अन्नपूर्णापारा कांकेर वार्ड नं. 14 प.ह.नं.त 24, रा.नि.मं. कांकेर को विक्रय मूल्य रूपया 63,66,000/- (तिरसठ लाख छैसठ हजार रुपया मात्र) में पंजीयन कार्यालय कांकेर में दिनांक 09.05.2025 को पंजीयन करा कर काबिज दाखिल हो चुका है। वाद भूमि वर्तमान में अनावेदक गण श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रपात देव व अन्य नि. माहुरबंदपारा कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज होने का उल्लेख करते हुए विक्रेतागण श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रपात देव व अन्य का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम पंकज आहूजा पिता श्यामलाल आहूजा नजूल अभिलेख में दर्ज कराए जाने हेतु भूमि मेंटनेन्स खसरा, विक्रय बैनामा की छायाप्रति, आधार वार्ड, शपथ पत्र, के साथ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण शीर्ष अ-6 में दर्ज होकर प्रक्रियाधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्‌घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202505144040081 अ-6/ 2024-25

उद्‌घोषणा

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोहर आहूजा पिता स्व. गोविंदराम आहूजा निवासी टिकरापारा कांकेर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता जी गोविदराम आहूजा पिता स्व. सेउमल आहूजा के नाम पर टिकरापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 19 ए, प्लाट नं. 22/13, 22/3 क्षेत्रफल क्रमशः 105, 135 वर्गमीटर भूमि नजूल अभिलेख में दर्ज है। वाद भूमि के खातेदार गोविन्दराम आहूजा पिता स्व. सेउमल आहूजा की मृत्यु 04.03.2024 को हो चुकी है। खातेदार की मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिस कौशिल्या देवी खटवानी, (कांता खटवानी पुत्री रायपुर) पिता स्व. गोविन्दराम आहूजा, 02. सुनिता खटवानी (जगदलपुर पुत्री) स्व. गोविन्दराम आहुजा 03. मनोहर आहूजा 04. मृतक रोशन आहूजा के वारिसान उत्तराधिकीर (सीमा आहूजा, उमेश आहूजा, प्रीति आहूजा, कुणाल आहूजा), शंकर आहूजा पिता स्व. गोविन्दराम आहूजा, 06 दयाल आहूजा पिता स्व. गोविन्दराम आहूजा, सभी का नाम दर्ज कराने भूमि मेंटनेन्श खसरा, तलवाना, मृत्यु प्रमाण पत्र, तथा आधार कार्ड, के साथ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण शीर्ष अ-6 में दर्ज कर प्रक्रियाशील है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्‌घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

शपथ-पत्र

शपथकर्ता- मोहम्मद इमरान खान पिता मोहम्मद कादिर खान, उम्र 50 वर्ष, जाति मुसलमान निवासी म.नं.- 36/422, बेसिद आर.एस. पार्क, रायपुर तहसील रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मेरे पुत्र मोहम्मद कामिल खान (MOHAMMAD KAAMIL KHAN) पिता मोहम्मद इमरान खान (MOHAMMAD IMRAN KHAN) माता सोफिया फिरदोसी (SOFIA FIRDOSI) का जन्म दिनांक 10/03/2011 को स्थान माहुरबंदपारा कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग. में हुआ है।
03. यह कि उक्त आफलाईन/आनलाईन जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्र के माता जी का नाम सोफिया खान (SOFIA KHAN) दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कराकर मेरे पुत्र के माता का वास्तविक व सही नाम सोफिया फिरदोसी (SOFIA FIRDOSI) को दर्ज कराना चाहता/चाहती हूं। जो कि सत्य एवं सही है।
04. यह कि शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय कार्य हेतु मुझे अपने पुत्र का कम्प्यूटरीकृत आनलाईन जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसे ऊपर दर्शाये गए कंडिका 02 उपरोक्तानुसार प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं।
05 यह कि उपरोक्त में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की असत्यता पाई जाती है तो संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
06. यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में लिखी गई बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी से सत्य व सही है जिसे मैंने आज दिनांक 28.05.2025 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की /किया हूं।

शपथकर्ता

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT.-MUNGELI (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

NIT No.: 02/SAC/2025-26, Gr.No. 01 & 02 Dated: 26.05.2025

Online Tenders are invited for the following works up to 16-06-2025 at 17.30 Hour

Group No. 01 Name of work - Construction of Anicut Near Village Motimpur on Rahan River in Mungeli Block of Mungeli District.
(FIRST CALL) System Tender No. 169108, Probable Amount of Contract: Rs. 333.98 Lakhs
(As Per SOR Amended on 22.08.2022)

Group No. 02 Name of work- Construction of Anicut Near Village Birgaon.
(FIRST CALL) System Tender No. 169109, Probable Amount of Contract: Rs. 316.72 Lakhs
(As Per SOR Amended on 22.08.2022)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 02-06-2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**EXECUTIVE ENGINEER
MANIYARI W.R. DIVISION MUNGELI
DISTT-MUNGELI (C.G.)**

G-252601194/4

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-बिलासपुर (छ. ग.)

Phone No. - 07752 225545, Fax No. 225545, E-mail actd.bilaspur@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/निर्माण/2025-26/ 651 बिलासपुर दिनांक 23.05.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास) बिलासपुर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत पंजीकृत 'डी' श्रेणी एवं इसमें उपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं संधोधित दिनांक 04.05.2018 तक लागू एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील है, (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

टेण्डर सिस्टम क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	भौतिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
169211	बहुउददेशीय केन्द्र भवन निर्माण ग्राम केराचुआ/कटेलापारा, विकासखण्ड कोटा में निविदा की राशि रूपये **5788460.00** अमानत राशि रूपये **58000/-**	16.06.2025	17.06.2025

निविदा की सामान्य शर्तें, व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बिलासपुर

जी- 252601174/4

कौशिल विद्यालय के फर्जीवाड़े की पुष्टि के बाद भी कार्रवाई करने डीईओ के कांप रहे हाथ

■ **एक बरस से धीमी आंच पर जांच को ठंडा करने का प्रयास**

कोरबा/नवप्रदेश। तुलसी नगर में संचालित कौशिल विद्यालय के फर्जीवाड़े की पुष्टि के बाद भी कार्रवाई करने डीईओ के हाथ कांप रहे है। सूत्रधार की माने तो पिछले एक साल से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा धीमी आंच पर जांच पर जांच करते हुए प्रकरण को ठंडा करने का प्रयास हो रहा है।

कोरबा के गौरव युवा मंडल तुलसीनगर द्वारा संचालित कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तुलसीनगर, कोरबा की मान्यता और आरटीई पोर्टल से संबंधित अनियमितताओं की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित 16 अप्रैल को की गई थी। कमेटी में प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साडा कन्या, टीपी नगर और प्राचार्य, सेजेस एनसीडीसी को शामिल किया गया था । जिन्हें दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट देने का आदेश किया था। डीईओ के आदेश के एक माह गुजरने के बाद भी आज तक जांच नही हो पाया है। इससे जाहिर है स्वयं डीईओ जांच को टालने का प्रयास में लगे है।

जांच समिति को विद्यालय की मान्यता, पिछले तीन वर्षों में कक्षावार दर्ज छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की संख्या, शिक्षकों को दिए गए वेतन, आरटीई पोर्टल में दर्ज छात्र-छात्राओं की संख्या, शासन से प्राप्त आरटीई राशि, इस राशि का ऑडिट, और यू-डाइस में दर्ज आधार आईडी के आधार पर जनरेट हुए छात्र-छात्राओं की जानकारी से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। कमेटी को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपनी थी। बावजूद आज तक जांच रिपोर्ट नही सौंपा गया है।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन कई वर्षों से बिना मान्यता के किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य को मान्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कई बार पत्र जारी किए गए, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने अभी तक कोई दस्तावेज जमा नहीं किया है। इसके अलावा, विद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं, उनके पालकों, और आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इन अनियमितताओं के चलते जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए थी।

एक साल से चल रहा जांच पर जांच का खेल- शिकायतकर्ता की माने तो पिछले एक साल पहले कौशिल विद्यालय की शिकायत की गई । जांच भी अलग अलग तरीके से कराई जा चुकी है । बावजूद इसके डीईओ तामेश्वर उपाध्याय स्कूल संचालक को अवसर देते हुए बार- बार जांच की बात कहते हुए बचाने का प्रयास कर रहे है।

जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई - डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि कौशिल विद्यालय के खिलाफमिली शिकायत पर 16 अप्रैल को एक पत्र जारी कर दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी। उनकी जांच रिपोर्ट अब तक नही मिली है रिपोर्ट आने के बाद विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

गौ तस्करी के मुख्य आरोपी समेत 4 गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत नादिया के आश्रित ग्राम बसावर में दिनाँक - 25/05/2025 दिन रविवार को ग्राम गौ तस्करों द्वारा मध्य प्रदेश बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। मनहरण दास मांडले और उनके छोटे बेटे योगदास मांडले निवासी ग्राम बसावर के द्वारा यह गौ तस्करी का कार्य 2-3 वर्षो से लगातार बड़ी संख्या में की जा रही थी लेकिन उनकी यह गौ तस्करी जो कि गैर कानूनी कार्य है जो कि पुलिस की नजरो में नही आ रही थी मनहरण दास मांडले एवं उनके छोटे बेटे योग दास मांडले द्वारा अलग - अलग गांव से बड़ी संख्या में गाय , बैल - बछड़े को लाया जाता था और रात्रि में उनको जंगलों के रास्ते से M.P से आए हुए लोगो के द्वारा बूचड़खाने भेजा जाता था द्य दिनांक - 25/05/2025 को रात्रि 10 बजे ग्राम ढाबा के लोगो द्वारा विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल और युवा मित्र मण्डल छत्तीसगढ़ कवर्धा को सुचना मिली की ग्राम बसवार से गौ तस्करों द्वारा बड़ी संख्या में गौ तस्करी की जा रही है यह सुचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जरा भी देरी न करते हुए तुरन्त रात्रि में गंडई थाना को सुचना देते हुएं पुलिस की सहायता से ग्राम बसावर यथा स्थान पर पहुंचकर छापामारी की गई और वहा पर 80 नग से ज्यादा गाय , बैल एवम छोटे-छोटे बछड़े प्राप्त हुए जिन्हें बूचड़खाने जानें से बचाया गया। गौ तस्कर का मुख्य आरोपी मनहरण दास माण्डले सहित 4 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा लेकिन योगदास मांडले उस जगह से फरार हो गया द्यइस कार्य में थाना गंडई के पुलिस कर्मियों एवं बजरंग दल की मुख्य भूमिका रही ।

307 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का मिल रहा लाभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के ऐसे असहाय बच्चे जिनकी माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है, उनको महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम स्पॉन्सरशीप योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके तहत जिले के कुल 307 बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रूपये स्पॉन्सरशीप योजना के तहत दिया जा रहा है। इससे असहाय एवं अनाथ बच्चों को उनके पालन-पोषण एवं पढ़ाई लिखाई के लिए सहारा मिल रहा है। यह राशि बच्चों को अधिकतम 03 वर्ष अथवा 18 वर्ष पूर्ण होने तक प्रदाय किया जाता है।

कलेक्टर श्री बी.एस उइके के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई (मिशन वात्सल्य योजना) के अधिकारी-कर्मचारियों की तत्परता एवं सक्रियता से प्रवर्तकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रवर्तकता कार्यक्रम (स्पॉन्सरशिप योजना) के तहत लाभान्वित किये जाने के लिए ऐसे बच्चे जो आर्थिक रूप से अत्यन्त कमजोर है, जिनकी माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है, भूमिहीन है, गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं, अथवा जीवन अत्यंत कठिनाई से गुजर रहा है। ऐसे बच्चों को योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में रखा जाता है।

सीएम साय ने अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने वाले अधिकारी के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राजस्व अभिलेखों में त्रुटि के लिए संबंधित अधिकारी या कर्मचारी जिम्मेदार माने जाएंगे। यदि किसी अधिकारी के लॉगिन से गलत प्रविष्टि हुई है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की जमीन, खेती, या अन्य दस्तावेजों में त्रुटि की वजह से जनता का प्रशासन पर से भरोसा न टूटे, इसके लिए जरूरी है कि राजस्व प्रणाली को जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार कार्य पर राजस्व अधिकारी विशेष निगरानी रखें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने लात नाला सिंचाई परियोजना के लंबे समय से अधूरे होने पर नाराजगी जताते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अटल सिंचाई योजना के तहत लंबित सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 26 गांवों में भूमि रजिस्ट्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने का निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिया।

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों का नियमित दौरा करने को कहा ताकि छोटी समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जिले छोटे हो गए हैं, ऐसे में अधिकारी समय निकालकर अधिक से अधिक गांवों में पहुंचें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद-बीज उठाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। डीएपी की संभावित कमी को देखते हुए वैकल्पिक उपायों पर किसानों को जानकारी दी जाए। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन के लिए भी किसानों को प्रेरित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने मानसून पूर्व तैयारियों की चर्चा करते हुए सर्पदंश से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम दवाएं रखने के निर्देश दिए। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में डेंगू व पीलिया जैसी बीमारियों को रोकने के लिए नगर निगम एवं प्रशासन को सजग रहने कहा। मुख्यमंत्री ने मैदानी जिलों में अवैध शराब की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ओडिशा से लगते सीमावर्ती इलाकों में शराब की अवैध आवाजाही रोकने विशेष निगरानी की आवश्यकता बताई।

बैठक में रेशम उत्पादन, भू-जल स्तर में सुधार, पर्यटन विकास, स?क मरम्मत और जन औषधि केंद्रों के प्रचार-प्रसार जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी जनता के सेवक हैं और जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, संभाग आयुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, सीसीएफ प्रभात मिश्रा सहित सारंगढ़ और रायगढ़ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नगर अध्यक्ष ने कराई कुओं की सफाई

■ **खुला जल स्रोत, बड़ा कुएं का जल स्तर**

गंडई पंडरिया। इन दिनों तेज धूप व उमस भरी गर्मी के तेवर तीखे होने के साथ ही नगर में जल की समस्या इन दिनों विकराल होने लगी है। जिसके चलते आम जनजीवन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही तेज धूप लगने से नदी, नाले व तालाब में मई-जून माह में जल का स्तर नीचे पहुंचता था। परन्तु इस वर्ष अप्रैल माह में ही जल स्तर नीचे चले गया है यानि तेजी से गिर गया है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसके निवारण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने नगर के कुओं की सफाई करने का जिम्मा उठाया है।

बतादें कि गंडई नगर के वार्ड क्रमांक 11-12 और 6 के जनता को पानी की समस्या हो रही थी। जिसका समाधान करने अध्यक्ष खुसरो ने वार्ड 6 और 12 मे स्थित कुंआ को स्वयं खडा होकर सफाई कराया। वार्ड वासियों ने बताया कि कुएं की सफाई के पश्चात पानी का श्रोत बढा है। वार्डवासियों ने नगर अध्यक्ष द्वारा किए गए कार्य और उनकी सोच के लिए अध्यक्ष खुसरो धन्यवाद, बधाई एवं शुभकांमनाए दिए हैं।

जातिगत जनगणना बीजेपी - कांग्रेस आमने सामने

■ **महिला आरक्षण बिल जैसे न हो जाये हाल :भूपेश बघेल**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना पर जमकर सियासत हो रही है। बीजेपी और कांग्रेस मामले में एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर गर्म है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जातिगत जनगणना पर कहा कि सबसे पहले राहुल गांधी ने जाति जनगणना पर आवाज बुलंद की थी। अब जब प्रदेश में माहौल बना तो सरकार ने इसकी घोषणा कर दी लेकिन ना इसके लिए कोई बजट दिया गया है और ना ही सरकार इस ओर कदम बढ़ा रही है। यह उसी प्रकार से है जैसे लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित कर दिया गया है, लेकिन लागू नहीं किया गया है। इसलिए लगातार इसे लेकर दबाव तो बनाना ही पड़ेगा।

रायपुर एयरपोर्ट पर चर्चा में राष्ट्रीय महासचिव बघेल ने कहा कि जब से राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की है, तब से देशभर में इसे लेकर माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा बदलाव संभव है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया, यह कैबिनेट का निर्णय है।

हालांकि यह प्रक्रिया समय और संसाधन मांगती है और फिलहाल भारत सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

कौन चला रहा है मुख्यमंत्री के विभाग? -पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने मंत्रिमंडल विस्तार में देरी और सीमित मंत्रियों की संख्या को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि जितने कम मंत्री होंगे, उनके सारे विभाग मुख्यमंत्री के पास चले जाएंगे। अब यह जानने की जरूरत है कि मुख्यमंत्री के पास जो विभाग हैं, उन्हें आखिर चला कौन रहा है? उन्होंने कहा कि चाहे वह माइनिंग हो या शिक्षा, सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं, तो फिर उनका संचालन कौन कर रहा है?

पत्रकारों के साथ हुई मारपीट पर सरकार को घेरा- मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी और मारपीट की घटना पर भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

कांग्रेस के पास अब बोलने का कोई अधिकार नहीं :साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस पार्टी ने सत्ता में रहते इस जनगणना का लगातार विरोध किया, वह अब श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस को अब इस मुद्दे पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। साव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दशकों तक शासन किया, लेकिन पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचितों की उपेक्षा की। वो केवल वोट बैंक के तौर पर इन वर्गों को देखते रहे। जब जनगणना का सही समय था, तब उन्होंने इसे नजरअंदाज किया और आज जब मोदी सरकार ने यह क्रांतिकारी निर्णय लिया है, तो कांग्रेस इसे राजनीतिक रूप देने में लगी है।

ग्राम पंचायत ढाबा में सुशासन त्यौहार मना

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई पड़रिया घर घर सरकार हर जन का सरकार के उद्देश्य को लेकर आज ग्राम ढाबा में सुशासन त्यौहार समाधान शिविर ढाबा का आयोजन किया गया जिसमें खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारी व जनप्रतिनिधि भारी संख्या मेंउपस्थित थे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार ,उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ,पूर्व विधायक कोमल सिंह जघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जंघेल, जनपद उपाध्यक्ष राजू वर्मा, भाजपा गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री भाजपा टुम्मन साहू सहित 17 पंचायत के सरपंच जनपद सदस्य उपस्थित थे सुशासन त्यौहार के तहत पूरे जिले में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक पंचायत के माध्यम से आवेदन लिए गए थे जिन्हें समाधान शिविर के माध्यम से आम जनता को समाधान बताया जा रहा है सभी विभागों के विभाग प्रमुखों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं को लोगों तक रखा गया व लोगों के द्वारा दिए गए आवेदन का समाधान बताया गया इस अवसर पर शासन के प्रतिनिधि के रूप में विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखी पूर्व उपाध्यक्ष श्री खम्मन ताम्रकार ने कहा की सरकार गांव के हित के लिए सदैव तत्पर है और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आपके गांव में उपस्थित है, पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी समाधान शिविर को संबोधित करते हुए शासन के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण जनता के एक-एक समस्या को धीरे-धीरे शासन के माध्यम से हल करने का विचार बताया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह जी ने भी कहा कि विष्णु देव जी की सरकार आम जनता की सरकार है और लोगों के हित के लिए हमेशा आगे है।

राहत...

समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण - कलेक्टर उइके

पीएम आवास, महतारी वंदन योजना से लोग हो रहे लाभान्वित: जिपं अध्यक्ष कश्यप

गरियाबंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनपुर खुर्द वन विभाग परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां मैनपुर सहित ग्राम भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, मैनपुर खुर्द, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, मैनपुर कला, बोईरगांव, छोटेगोबरा एवं दबनई के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर श्री बी एस उईके भी शामिल हुए।

उन्होंने शिविर में विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही स्टॉलों के माध्यम से लोगों को दिये जा रहे योजनाओं की जानकारी एवं लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों का जायजा लिया। सुशासन तिहार के दौरान मैनपुर खुर्द क्लस्टर अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों का सफ्लतापूर्वक निराकरण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानना एवं उनका यथा संभव निराकरण भी करना है। इसी तारतम्य में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों के गांवों के नजदीक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से सबको आवास का लाभ मिल रहा है। वहीं महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि मिल रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। शिविर में जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर ने 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म एवं 2 शिशुओं का अन्नप्रासन किया। इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक श्री डमरूधर पुजारी, डीएफओ श्री लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री जी. आर. मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, श्री संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, एसडीएम श्री पंकज डाहिरे, सीईओ जनपद मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com